श्रीमद्राजचन्द्रजैनशास्त्रमाला-१४

श्रीवीतरागाय नमः

श्रीमद्देवनंदि-अपरनाम-पूज्यपादस्वामिविरचित

इष्टोपदेश

[टीकात्रय एवं पद्यानुवाद चतुर्युक्त]

पण्डितप्रवर श्रीआशाधरजीकृत संस्कृतटीका

•

हिन्दी-टीकाकार और सम्पादक

जैनदर्शनाचार्य श्री धन्यकुमारजी जैन, एम०ए० (हिन्दी, संस्कृत) साहित्यरत्न

•

स्व० वैरिस्टर श्रीचम्पतरायजी विद्यावारिधिकृत अंग्रेजीटीका The Discourse Divine.

तथा

स्व० जैनधर्मभूषण ब्र. सीतलप्रसादजीकृत हिन्दी-पद्यानुवाद,

अज्ञातकविकृत मराठी-पद्यानुवाद,

श्री रावजीभाई देसाईकृत गुजराती-पद्यानुवाद,

श्रीजयभगवानजी जैन, (बी. ए., एल एल. बी., एडवोकेट, पानीपत) कृत

विस्तृत अंग्रेजी पद्यानुवाद Happy sermons.

•

प्रकाशक

परमश्रुतप्रभावक मंडल

श्रीमद्राजचन्द्र आश्रम, अगास

वीरनिर्वाण सं० २४९९
वि० सं० २०२९, सन् १९७३

प्रकाशकीय निवेदन

आचार्य पूज्यपादस्वामी-विरचित 'इष्टोपदेश' ग्रन्थकी प्रथमावृत्ति परमश्रुतप्रभावक मण्डल, बम्बईसे वीरनिर्वाण सं० २४८० में प्रकाशित हुई थी। उक्त संस्थाका समस्त कार्य अब श्रीमद्-राजचन्द्र आश्रम, अगास से ही होता है अर्थात् इस आश्रमके अन्तर्गत ही परमश्रुतप्रभावक मण्डलका समावेश हो गया है, अतः प्रस्तुत ग्रन्थका प्रकाशन भी यहींसे दूसरी आवृत्तिके रूपमें हो रहा है।

'इष्टोपदेश' की मूल रचना संक्षिप्त होते हुए भी कथनका प्रकार विशाल और वैराग्यपूर्ण है। संस्कृत, हिन्दी और अंग्रेजी टीकाओंके साथ प्रकृत रचना सचमुच और भी मधुर बन गई है। इसके साथ भी विशेषता यह है कि ग्रन्थपर चार विद्वानों द्वारा हिन्दी, गुजराती, मराठी और अंग्रेजीभाषामें रचित पद्यानुवाद भी सम्मिलित है। इतनी सामग्री सहित संशोधनपूर्वक यह ग्रन्थ पाठकोंके समक्ष रखते हुए हमें स्वाभाविक प्रसन्नता है, आनन्द है।

परमश्रुतप्रभावक मण्डलकी स्थापनाका उद्देश्य सत्श्रुतका प्रचार है। ग्रन्थोंका मूल्य लागत-मात्र या उससे भी कम रखा जाता है। संस्थाकी ओरसे अबतक प्रकाशित ग्रन्थोंका सूचीपत्र पीछे संलग्न है, देखिए। आशा है पाठकगण महान् पुरुषोंकी कृतियोंका स्वाध्याय द्वारा लाभ उठाकर हमारा उत्साह बढ़ावेंगे। सभी सहयोगी बन्धुओंका हम आभार मानते हैं।

ज्येष्ठ सुदी ५,२०२९
वीर नि० सं० २४९९

निवेदक
रावजीभाई देसाई

प्रस्तावना

—:०:—

वित्तीय (भौतिकवादी) विचार-वैतरणीके बहावमे बहता हुआ वर्तमान-युगका मानव, माया ममता मोहादिसे मोहित होकर सतत ही सासारिक स्वार्थ-साधनाकी पूर्ति हेतु अपनी एड़ीसे चोटी तकका पसीना एक करता रहता है। वह अपनी शक्ति और सामर्थ्यको विस्मृत कर, शान्तिको तिलाजलि दे, चलते-फिरते, उठते-बैठते, जागते-सोते, आठो पहर विषय-वासनाओंकी विकट वह्निमे झुलसता हुआ संतप्त एवं दु:खी बना रहता है। ऐसी ही आधियो-व्याधियोसे व्यथित होता हुआ जन्म-मृत्युकी काँवरको कन्धोपर रख यह नाना गतियो, योनियो, एवं पर्यायोमें ठोकरें खाता फिरता है।

पाठकगण! इसकी अज्ञतापर हँसिये या तरस न खाइये। यह हालत किसी एक मानव विशेषकी नही, दसकी नही, सैकड़ो, हजारो, लाखो और करोड़ोकी नही अपितु हम आप समूची मानव-जातिकी हो रही है।

संसारी प्राणीकी बहिर्मुखी दृष्टि अंतरोन्मुखी हो सके, वह स्व-पदमे अवस्थित हो सुपथका पथिक बन सके, इसके लिये आवश्यक है कि वह इष्ट (हितकारी) उपदेशको सुने। उसे एक कानसे सुनकर दूसरे कानसे न निकालते हुए उसपर मनन करे और इस प्रकार ज्ञात हुए साँचेके ढाँचेमे जीवनको ढाल लेवे।

इस ओर प्रवृत्ति या कदम बढानेके पूर्व यह अवश्य ध्यानमे रखना चाहिये कि सभी उपदेश इष्ट तथा हितकारी नही होते है। इष्ट उपदेशके उपदेष्टामें पूज्यपादता होनी चाहिये। पूज्यपादता संयमकी प्रकर्षता एवं ज्ञानकी निर्मलताके विना हो नही सकती। अतएव निष्कर्ष निकला कि पूज्यपाद द्वारा प्रणीत जो उपदेश होगा वह न केवल इष्ट अपि तु प्राणि-हितकारक एवं स्वस्वरूपाववोधक भी होगा।

प्रसन्नता है कि पाठकोके समक्ष आज श्रीपूज्यपादस्वामी जिनका कि दूसरा नाम देवनन्द्याचार्य भी था, उनके द्वारा प्रतिपादित इष्ट-उपदेश (इष्टोपदेश) को, अनेक भाषाओके गद्य-पद्यानुवादों सहित, सम्पादित कर सामने लानेका अवसर प्राप्त हो रहा है। इसके पहिले कि आगे लिखी जानेवाली पंक्तियोमे ग्रंथके रचयिता एवं उसमे वर्णित विषयके बारेमे कुछ संकेत करूँ या परिचय दूँ, मैं सेठ मणीलालजी रेवाशंकरजी जौहरी ऑ० व्य० और कुन्दनलालजी जैन मैनेजर श्रीरायचन्द्रजैनशास्त्रमाला बम्बईको धन्यवाद देना अपना कर्त्तव्य समझता हूँ, जिनकी प्रेरणाके परिणामस्वरूप यह ग्रंथ इस रूपमे आप महाशयोके समक्ष रखनेमे समर्थ हो सका हूँ।

ग्रंथकारका परिचय

वेद (ज्ञान) वृक्षकी सिद्धान्त, दर्शन, व्याकरण, साहित्य, वैद्यक आदि शाखा-प्रशाखाओके पारंगत, अनेक ग्रंथोके प्रणेता, देवोके द्वारा पूजित श्रीपूज्यपादस्वामीका जन्म कर्नाटक प्रांतके अंतर्गत **कोलंगल** नामके नगरमे हुआ था। आपके पिताजीका नाम **श्रीमाधवभट्ट** तथा माताका नाम **श्रीदेवी** था। आपने अपने जन्म द्वारा ब्राह्मण कुलको विभूषित किया था।

कन्नड भाषामे चंद्रय्य कवि द्वारा लिखित पूज्यपादचरितसे ज्ञात होता है कि इनका नाम जन्मसे ही पूज्यपाद था किन्तु जब इस तथ्यको श्रवणबेलगोलाके ४० वे [१]शिलालेखके प्रकाशमें देखनेका प्रयत्न करते हैं, तो यह प्रमाणताको प्राप्त नही होता है। इनका दीक्षा-धारणके समय देवनन्दी नाम था। इसके बाद बुद्धि-वैभवके विकासके वशसे इनका जिनेन्द्रबुद्धि नाम हुआ तथा देवताओने इनके चरणकमलोकी पूजा की, अत:

---

(१) यो देवनन्दि प्रथमाभिधानो, बुद्धया महत्या स जिनेन्द्रबुद्धिः।
श्रीपूज्यपादोऽजनि देवताभिर्यत्पूजितं पादयुगं यदीयम् ॥ श्र० शि० क्र० सं० ४०

जगतीतलपर पूज्यपादके नामसे ये विख्यात हुए। इसी निष्कर्षके समर्थनमें अन्य[1] शिलालेखोंका भी उल्लेख किया जा सकता है, विस्तार भयसे यहाँ (टिप्पणीमें) उनकी मात्र क्रमांक संख्याको ही लिखा जा रहा है।

आचार्य देवनन्दी (पूज्यपाद) के नामके विषयको और भी गहराईको लिये हुए जब देखते है तो उपरिलिखित बातकी पुष्टि पट्टावली[2], पुराणादिकोसे भी होती है।

इस नामके ये ही आचार्य हुए हो ऐसी बात नही है। इनके बाद भी बहुतसे अन्य इसी नामके धारक ग्रंथ-रचयिता हुए है। पर साहित्य-सौष्ठव, विषय-विवेचनकी शैलीकी दृष्टिसे इनकी (इष्टोपदेशके रचयिता की) रचनाएँ अनोखी और अनुपमेय है[3]। एवं ये महान् वैयाकरण थे अतः भाषापर एवं उसके साधनभूत शब्दोपर इनका अच्छा आधिपत्य था। जिसकी छटा उनके ग्रंथोमे जहाँ-तहाँ देखनेको मिलती है।

समय निर्णय—जैसा कि लिखा जा चुका है 'पूज्यपाद' नामके कई ग्रंथनिर्माता हुए है। अतः इनके समयके विषयमे विवाद बना रहता है। कोई इन्हें पाणिनिका समकालीन बताते हुए ईस्वी सन् से पाँच शताब्दी पूर्वका घोषित करते है तो अन्य इन्हें विक्रमकी पाँचवी छठी शताब्दीका उद्घोषित करते हैं। भिन्न-भिन्न विचारकोके विचारोको मन्थन कर निष्कर्ष रूपमें जो कहा जा सकता है—वह यह है कि राजा दुर्विनीत जोकि अविनीतका पुत्र था, तथा विक्रमकी छट्ठी शताब्दीमें शासन करता था। इसके शासन-कालमें इन्होने इस भारत-भूमिको अपने जन्मसे पवित्र किया था।

पूज्यपादकी पावन कृतियाँ या ग्रन्थ-सम्पत्ति

पूज्यपादस्वामीने जो कुछ भी ज्ञानार्जन किया या बुद्धि-बलसे जाना, उसे उन्होने शब्दसाधनके द्वारा गूँथ कर ग्रन्थोके रूपमें रख दिया। इस दृष्टिसे देखनेपर ज्ञात होता है कि इन्होने बहुत बडे पैमानेपर साहित्य-निर्माणकी ओर प्रयत्न किया था। आपका बहुत कुछ साहित्य अनुपलब्ध है, फिर भी जो कुछ वर्तमानमे है, वह इस प्रकार है :—

१. जैनेन्द्रव्याकरण—इसके नामसे ही व्यक्त होता है कि वह व्याकरणशास्त्र-सबधी ग्रंथ है। 'बोपदेव' नामक महान् वैयाकरणने अपने 'मुग्धबोध' नामक ग्रंथमें आठ महा व्याकरणोमें इसका उल्लेख[4] किया है। 'वर्द्धमान' नामक कविने भी देवनन्दि (पूज्यपाद) नामके आचार्यका नामस्मरण किया है। देवनन्दिके द्वारा रचित जैनेन्द्रव्याकरणकी महत्ताका एक यह भी प्रमाण है कि पाणिनिकेद्वारा निर्मित अष्टाध्यायीके अंतर्गत गणपाठमें इसका उल्लेख किया गया है।

२. सर्वार्थसिद्धि—यह श्रीमदुमास्वामिविरचित तत्त्वार्थसूत्र नामक सूत्रात्मक ग्रंथके अर्थको विशद-रूपसे विवेचन करनेवाला महान् ग्रंथ है और इस पर सबसे ज्यादा प्रामाणिक प्राचीन टीका है।

३. समाधितंत्र या समाधिशतक—सौ श्लोकोमे निबद्ध यह एक आध्यात्मिक ग्रंथ है। इसमें आचार्यश्रीने बडी गम्भीरता एवं तात्त्विकपनेसे अध्यात्म विषयका विवेचन बहुत ही हृदयग्राही और सुन्दर किया है। इसपर संस्कृतमे अनेक उपयोगी टीकाएँ हुई हैं। हिन्दीमें भी इसका अर्थ लिखा जा चुका है।

---

१. (अ) श्र. शि. ले क्र सं. १०५. श्र. शि. नि ले. क्र. सं. ४०
(ब) श्र. शि नि. ले. क्र सं १०८.

२. (क) यशःकीर्तिर्यशोनन्दी देवनन्दी महामतिः।
श्रीपूज्यपादापराख्यो गुणनन्दी गुणाकरः॥ (नदन्दिसंघ पट्टावली)
(ख) कवीना तीर्थकृद्देवः किं तरां तत्र वर्ण्यते।
विदुषां वाङ्मलध्वंसि तीर्थं यस्य वचोमयम्॥ (आदिपुराण प्र पर्व)

३. प्रमाणमकलङ्कस्य पूज्यपादस्य लक्षणम्।
धनंजयकवेः काव्य रत्नत्रयमपश्चिमम्॥ (धनंजयकविकृत नाममाला)

४. इन्द्रश्चन्द्रः काशकृत्स्न पिशलीशाकटायन। पाणिन्यमरजैनेन्द्रा जयन्त्यष्टौ च शाब्दिका॥
—धातुपाठ

४. इष्टोपदेश—यह छोटासा ग्रंथ है जिसको कि पाठकगण अपने हाथमे लिये हुए है। आप लोग देखेंगे कि इसमे आचार्यश्रीने 'गागरमे सागर भरने'की उक्तिको चरितार्थ किया है। यानी थोड़ेमें बहुत कुछ लिखा गया है। इसकी महत्ता, उपयोगितादिको देख पंडितप्रवर आशाधरजीने इसपर संस्कृतटीका लिखी जो कि इसमे सन्नद्ध है। वर्तमानमे तो इसके मराठी, गुजराती, अँग्रेजी आदि भाषाओंमे अनुवाद भी हो चुके है।

५. दशभक्ति—प्रभाचन्द्राचार्यके "संस्कृताः सर्वे भक्तयः पूज्यपादस्वामिकृताः" इस कथनके सहारे कहा जा सकता है कि इनके रचयिता पूज्यपादस्वामी है।

ग्रन्थान्तरोमे जो यहाँ वहाँ उल्लेख मिलते है उनके सहारे ज्ञात होता है कि उपरिलिखित उपलब्ध ग्रन्थोके अतिरिक्त अन्य विविध विषयके ग्रन्थोका प्रणयन भी इन्होने किया है। वैद्यक ग्रन्थोंके रचयिता ये थे, ऐसा शिलालेखों, रसरत्नसमुच्चय, ज्ञानार्णवादि ग्रन्थोके रचयिताओंने (बसवराज, शुभचन्द्राचार्यने) अपने-अपने ग्रन्थोमे उल्लेख किया है, उससे ज्ञात होता है।

पूज्यपादस्वामीने 'जैनाभिषेक' नामक ग्रन्थका भी निर्माण किया था। छन्द-शास्त्र विषयक ग्रन्थकी भी इन्होने रचना की थी ऐसा कहा जाता है। धवलाके वेदनाखण्डके उद्धरणसे ज्ञात होता है कि न केवल इनका व्याकरण, वैद्यक, छन्द-शास्त्र, आध्यात्मिक, साहित्यपर आधिपत्य था अपि तु न्याय-शास्त्रके भी ये एक अधिकारी विद्वान् थे। इन्होने **सारसंग्रह** नामके न्याय व सिद्धान्त-सम्बन्धी ग्रंथका निर्माण किया था। चंद्रय्य कवि द्वारा कन्नड भाषामें लिखित पूज्यपादचरितको यदि प्रमाणरूपमे ग्रहण किया जाय तो उसके सहारे कहा जा सकता है कि पूज्यपादस्वामीने 'अर्हत्प्रतिष्ठालक्षण' एवं 'शान्त्यष्टक' की भी रचना की थी।

यद्यपि महापुरुषोके विषयमे जितना भी लिखा जाय वह सब थोड़ा है, किन्तु साहित्यकी वह भी आध्यात्मिकसाहित्यकी सृष्टि करनेवाला, निस्पृही, निर्ग्रंन्थ, साहित्यिक महापुरुष अपने ढंगका अद्वितीय व्यक्ति हुआ करता है। वह सीधी, सरल, हितकारी भाषाका आश्रय ले सच्चे सुहृद्के समान मन-मानसमे निहित विचार-मणि-मुक्ताओंको सामने रख देता है और कहता है, कि यह स्वानुभूत—अच्छी तरहसे परखी हुई विचार-मणियाँ है। इनसे मुझे शांति, संतोष, और आनन्दकी अनुभूति हुई है। चाहो तो तुम भी इनका रसास्वाद कर सकते हो। ऐसे ही महापुरुष पूज्यपादस्वामी थे। इन्होने स्वान्तःसुखकी दृष्टिसे साहित्य-सृष्टि कर संसारके समस्त सत्त्वोंको समुन्नतिका सन्मार्ग सुझाया।

अंतमे अधिक न लिखते हुए, इनके साहित्यसे जो हृदय पटलपर विचार अंकित होते है वे ये है:—पूज्यपादस्वामी न केवल उच्च दर्जेके संयमी थे अपितु महान् विद्वान् थे। उनका जन्म इस भारत-भूमिमे छठी शताब्दीके पूर्वार्द्धमे हुआ था। उनको व्याकरण, न्याय, सिद्धान्त, वैद्यक, छंदशास्त्र, ज्योतिष, साहित्यका ज्ञान ही नहीं अपितु उनपर अधिकारपूर्ण विवेचना करनेका सामर्थ्य था। उन्होने एकपक्षीय साहित्यका ही निर्माण नही किया। आध्यात्मिक साहित्यको भी सुन्दर शब्दोमें सजोकर सामने रखा। ऐसे साहित्यिक योगी महा-पुरुषको शत शत नमन हो।

प्रस्तावना समाप्तिके पूर्व उन साहित्यिकोंका भी (पूज्य प्रेमीजी, श्रीमोतीचन्द्रजी कोठारी एम. ए. आदिका) जिनके ग्रंथोकी सहायता इस प्रस्तावनाके लिखनेमे ली है, आभार मानता हूँ और आशा करता हूं कि वे इस धृष्टताको क्षमा करेगे कि अनुमति लिए विना उनके ग्रंथोका सहारा ले लिया गया है।

पाठकगण! मानव जबतक मानवकी दशामे है, उसमें अपूर्णताका होना अवश्यंभावी है। अत. न चाहते हुए भी इसमें यदि कुछ त्रुटियाँ रह गई हो तो उसमे मेरी अल्पज्ञताको ही कारण समझे। इतना अवश्य निवेदन है कि यदि महत्त्वपूर्ण कोई त्रुटि खटकती हो तो उसकी सूचना मुझे देवें, जिससे कि यदि अवसर मिला तो अगले संस्करणमें उन्हे अलग कर दिया जावे। जिन जिन सज्जनोने अपने पद्यानुवादोको इसमे समाविष्ट कराया है, उनको धन्यवाद देते हुए विराम लेता हूँ। विज्ञेषु किमधिकम्।

श्रीनशियाँजी-श्रीपार्श्वनथाथ जैनमन्दिर इन्दौर,
अक्षयतृतीया, वीर-नि. सं. २४८०

आपलोगोका ही
धन्यकुमार जैन

प्रकाशकीय निवेदन
(प्रथमावृत्ति)

श्रीपूज्यपादस्वामी (देवनन्दी) एक बहुत ही प्रसिद्ध आचार्य हुए है। इनके बनाये हुए १ जैनेन्द्रमहाव्याकरण, २ सर्वार्थसिद्धि-तत्त्वार्थसूत्रकी सबसे प्राचीन महत्त्वपूर्ण टीका, ३. समाधिशतक या समाधितंत्र; ४. इष्टोपदेश और ५ दशभक्ति, उपलब्ध ग्रन्थ है। १ शब्दावतारन्यास, २ जैनेन्द्रन्यास, ३ सारसंग्रह, ४ वैद्यकग्रन्थकी भी रचना इन्होने की है, किन्तु वे वर्तमानमें अनुपलब्ध है।

इनका सबसे छोटा किन्तु महत्त्वपूर्ण सुन्दर ग्रन्थ **इष्टोपदेश** है। इसको यदि जैनोपनिषद् कहें तो भी अनुचित नही होगी। इसमे मानव-कल्याणकारी तत्त्वोका वडा सुन्दर हृदयग्राही वर्णन किया गया है। इसमें प्रतिपादित तत्त्वोके प्रचार प्रसार एवं तदनुकूल उपयोग होनेपर जगती-तलका महान् कल्याण हो सकता है।

इस ग्रन्थकी पंडितप्रवर **आशाधरजीकृत** संस्कृतटीका, विद्वद्रत्न न्यायालंकार **पं. बंशीधरजी सिद्धान्तशास्त्री** (प्रधानाध्यापक सर सेठ हुकमचन्द्र जैनविद्यालय इन्दौर) के सुपुत्र जैनदर्शनाचार्य **श्रीधन्यकुमारजी** एम् ए. (हिन्दी-सस्कृत) साहित्यरत्नकृत हिन्दीटीका, **स्व वैरिस्टर चम्पतरायजी** विद्यावारिधिकृत अंग्रेजीटीका (The Discourse Divine) इन तीन टीकाओ तथा स्व० जैनधर्मभूषण **ब्र. सीतलप्रसादजीकृत** हिन्दी दोहानुवाद, **अज्ञातकवि (श्रीमोतीलाल हीराचन्द्रजी गांधी)** कृत मराठी पद्यानुवाद, **श्री रावजीभाई देसाई** श्रीमद्राजचन्द्राश्रम अगासकृत गुजराती-पद्यानुवाद, और **श्रीजयभगवानजी** वी ए. एल एल. वी. एडवोकेट पानीपतकृत विस्तृत अंग्रेजी पद्यानुवाद Happy Sermons सहित प्रकाशित करानेका सौभाग्य प्राप्त हुआ है। समाज पूज्यपाद आचार्यकी कृतिके साथ इन सात महान् विद्वानोकी कृतियोके दर्शन करेगी। अधिकसे अधिक लोग लाभ उठावे इसीलिए यह सब प्रयत्न किया गया है और मूल्य भी कम रक्खा है।

इष्टोपदेश पहला ग्रन्थ है, जो इतनी टीकाओ और पद्यानुवादोके साथ प्रकाशित हो रहा है। पूज्यपादस्वामीने इसे छठी शताब्दीमे रचा था। ७०० वर्ष वाद तेरहवी शताब्दीमे पंडितप्रवर आशाधरजीने संस्कृतटीका **श्रीमुनिराज विनयचन्द्रजीके** आग्रहसे मालवाकी राजधानी नालछा-धारानगरीके श्रीनेमिनाथ मन्दिरमे बनाई। ब्र० सीतलप्रसादजीकी हिन्दीटीका सन् १९२२ में प्रकाशित हुई, जो अब अप्राप्य है। हिन्दी टीका प्रकाशित होनेके ३ वर्षके वाद सन् १९२५ मे स्व० वैरिस्टर चम्पतरायजीने ब्र सीतलप्रसादजीके आग्रहसे अंग्रेजीमे टीका लिखी। पं. प्र. आशाधरजीकी टीकाके ७०० वर्ष वाद बीसवी शताब्दीमे जैनदर्शनाचार्य श्रीधन्यकुमारजी एम. ए साहित्यरत्नने स्व० **आचार्य सूर्यसागरजीके** आग्रहसे मालवाकी राजधानी इन्दौरमे नशियाँजीके श्रीपार्श्वनाथ जैनमन्दिरमे नई हिन्दीटीका लिखी।

इस अर्थप्रधान युगमे आपने निःस्वार्थ भावसे हमें यह टीका प्रकाशित करनेकी अनुमति प्रदान की, तदर्थ आपको क्या धन्यवाद दूँ ? आप तो स्वयं धन्यकुमार ही है। पहिले यह हिन्दीटीका **सेठ फकीरचन्द्रजी** गोधा मन्दसोरकी ओरसे वी. नि. सं २४७२ में वितरत हुई थी। यह अध्यात्म-ग्रन्थ-संग्रह जिसमें छोटेवडे आठ ग्रन्थ थे, अन्तर्गत छपी थी। आपसे (हिन्दी-टीकाकारसे) हमें वडी आशाएँ है। आपकी कृपा हुई तो कोई अन्य उपयोगी ग्रन्थ **समाधिशतक** वगैरह सम्पादित कराकर इसी पद्धतिसे प्रकाशित करायँगे।

संस्कृतटीकाकी हस्तलिखित प्रतियोके प्राप्त करनेका बहुत प्रयत्न किया, पर मिली नही। इसकी सस्कृतटीका माणिकचन्द जैनग्रथमालाके १३ वे ग्रंथ तत्वानुशासनादिसंग्रहमें छपी प्रतिपरसे छपाई गई है। अतएव ग्रथमालाके मंत्रीजीके वडे आभारी हैं।

शोलापुर निवासी विद्वद्वर प. **बंशीधरजी शास्त्रीने** इसका प्रूफ संशोधन वडी तत्परता और लगनसे किया है। एतदर्थ पंडितजीको अनेक धन्यवाद है। आप ग्रन्थ-सम्पादन-कलामे वडे निपुण है। आपने प्रमेयकमलमार्तण्ड, अष्टसहस्री, जैनेन्द्रप्रक्रियादि महान् ग्रन्थोका सम्पादन एवं संशोधन किया है।

ग्रन्थमे उद्धृत श्लोको गाथाओके मूल-स्थानोको ढूंढनेमे वहुत प्रयत्न किया फिर भी कितनोका पता नही लगा।

अन्तमे एक वार पुन ग्रन्थ-प्रकाशनमें सहायक होनेवाले टीकाकारो, पद्यानुवादको, संशोधको आदि समस्त सज्जनोको धन्यवाद देते हुए विराम लेते है।

जौहरी बाजार, वम्बई नं० २
महावीरजयन्ती, वीर-सं० २४८०

निवेदक—
प्रकाशक

इष्टोपदेशकी विषय-सूची

श्रीदेवनन्दि-पूज्यपाद-स्मरणम् ।

१ कवीनां तीर्थकृद्देवः किंतरां तत्र वर्ण्यते । विदुषां वाङ्मलध्वंसि तीर्थं यस्य वचोमयम् ॥

—आदिपुराणे-श्रीजिनसेनाचार्यः ।

२. इन्द्रचन्द्रार्कजैनेन्द्रव्याडिव्याकरणेक्षिणः । देवस्य देववन्द्यस्य न वन्द्यन्ते गिरः कथम् ॥

—हरिवंशपुराणे पुन्नाटसंघीय श्रीजिनसेनसूरिः ।

३. अचिन्त्य-महिमा देवः सोऽभिवन्द्यो हितैषिणा । शब्दाश्च येन सिद्ध्यन्ति साधुत्वं प्रतिलम्भिताः ॥

—पार्श्वनाथचरिते-श्रीवादिराजसूरिः ।

४. अपाकुर्वन्ति यद्वाचः काय-वाक्-चित्तसम्भवम् । कलङ्कमङ्गिनां सोऽयं देवनन्दी नमस्यते ॥

—ज्ञानार्णवे-श्रीशुभचन्द्रसूरिः ।

५. लक्ष्मीरात्यन्तिकी यस्य निरवद्यावभासते । देवनन्दितपूजेशे नमस्तस्मै स्वयम्भुवे ॥

—जैनेन्द्रमहावृत्तिः—श्रीअभयनन्दी ।

६ पूज्यपादः सदा पूज्यपादः पूज्यैः पुनातु माम् । व्याकरणार्णवो येन तीर्णो विस्तीर्णसद्गुणः ॥

—पाण्डवपुराणे-श्रीशुभचन्द्रभट्टारकः ।

७ यो देवनन्दि-प्रथमाभिधानो, बुद्ध्या महात्मा स जिनेन्द्रबुद्धिः ।
श्रीपूज्यपादोऽजनि देवताभिर्यत्पूजितं पादयुगं यदीयम् ॥

—श्रवणबेल्गोल-शिलालेख नं० ४०.

८. जैनेन्द्रं निजशब्दभागमतुलं सर्वार्थसिद्धिः परा
सिद्धान्ते निपुणत्वमुद्धकवितां जैनाभिषेकः स्वकः ।
छन्दः सूक्ष्मधियं समाधिशतकं स्वास्थ्यं यदीयं विदा-
माख्यातीह स पूज्यपादमुनिपः पूज्यो मुनीनां गणैः ॥

—श्रवणबेल्गोल-शिलालेख नं० ४०.

९ श्रीपूज्यपादोद्धृतधर्मराज्यस्ततः सुराधीश्वरपूज्यपादः ।
यदीयवैदुष्यगुणानिदानीं वदन्ति शास्त्राणि तदुद्धृतानि ॥
धृतविश्वबुद्धिरयमत्र योगिभिः कृतकृत्यभावमनुबिभ्रदुच्चकैः ।
जिनवद्बभूव यदनङ्गचापहृत् स जिनेन्द्रबुद्धिरिति साधुवर्णितः ॥

—श्रवणबेल्गोल-शिलालेख नं० १०५

१० श्रीपूज्यपादमुनिरप्रतिमौषधर्द्धिर्जीयाद्विदेहजिनदर्शनपूतगात्रः ।
यत्पादधौतजलसंस्पर्शनप्रभावात् कालायसं किल तदा कनकीचकार ॥

—श्रवणबेल्गोल-शिलालेख नं० १०८.

११ न्यासं जैनेन्द्रसंज्ञं सकलबुधनुतं पाणिनीयस्य भूयो
न्यासं शब्दावतारं मनुजततिहितं वैद्यशास्त्रं च कृत्वा ।
यस्तत्त्वार्थस्य टीकां व्यरचयदिह तां भात्यसौ पूज्यपादः,
स्वामी भूपालवन्द्यः स्वपरहितवचः पूर्णदृग्बोधवृत्तः ॥

—नगर ताल्लुका शिलालेख नं० ४६.

१२ नमोऽस्तु पूज्यपादाय, समाधिस्वामिने त्रिधा । राजचन्द्राय याचेऽहं, समाधिबोध-साधनम् ॥ १ ॥
कलिकालानले दग्धान्, जीवांस्त्रातुं समुद्यतः । राजचन्द्रसुधासिन्धुर्नमस्तस्मै स्मराम्यहम् ॥ २ ॥
नमोऽस्तु पूज्यपादाय, समाधिस्वामिने सदा । समाधितन्त्रकर्तारं, नमामि समताधरम् ॥ ३ ॥

—श्रीराजचन्द्रः

श्रीमद् राजचंद्र

जन्म—ववाणिया
वि० सं० १९२४, कार्तिक सुदी १५

देहोत्सर्ग—राजकोट
वि० सं० १९५७, चैत्र वदी ५

अलौकिक अध्यात्मज्ञानी परमतत्त्ववेत्ता

श्रीमद् राजचन्द्र

'खद्योतवत्सुदेष्टारो हा द्योतन्ते क्वचित्क्वचित्'

हा ! सम्यक्तत्त्वोपदेष्टा जुगनूंकी भाँति कही-कही चमकते है, दृष्टिगोचर होते है।

—आशाधर।

महान् तत्त्वज्ञानियोंकी परम्परारूप इस भारतभूमिके गुजरात प्रदेशान्तर्गत ववाणिया ग्राम (सौराष्ट्र) में श्रीमद्राजचन्द्रका जन्म विक्रम सं० १९२४ (सन् १८६७) की कार्तिकी पूर्णिमाके शुभदिन रविवारको रात्रिके २ बजे हुआ था। यह ववाणिया ग्राम सौराष्ट्रमें मोरवीके निकट है।

इनके पिताका नाम श्रीरवजीभाई पंचाणभाई महेता और माताका नाम श्री देववाई था। आप लोग बहुत भक्तिशील और सेवा-भावी थे। साधु-सन्तोंके प्रति अनुराग; गरीबोको अनाज-कपड़ा देना; वृद्ध और रोगियोंकी सेवा करना इनका सहज-स्वभाव था।

श्रीमद्जीका प्रेम-नाम 'लक्ष्मीनंदन' था। बादमे यह नाम बदलकर 'रायचन्द' रखा गया और भविष्यमे आप 'श्रीमद्राजचन्द्र' के नामसे प्रसिद्ध हुए।

श्रीमद्राजचन्द्रका उज्ज्वल जीवन सचमुच किसी भी समझदार व्यक्तिके लिए यथार्थ मुक्ति-मार्गकी दिशामें प्रवल प्रेरणाका स्रोत हो सकता है। वे तीव्र क्षयोपशमवान और आत्मज्ञानी सन्तपुरुष थे, ऐसा निस्सदेहरूपसे मानना ही पडता है। उनकी अत्यन्त उदासीन सहज वैराग्यमय परिणति तीव्र एवं निर्मल आत्मज्ञान-दशाकी सूचक है।

श्रीमद्जीके पितामह श्रीकृष्णके भक्त थे, जब कि उनकी माताके जैनसंस्कार थे। श्रीमद्-जीको जैन लोगोंके 'प्रतिक्रमणसूत्र' आदि पुस्तकें पढनेको मिली। इन धर्म-पुस्तकोमे अत्यन्त विनय-पूर्वक जगतके सर्व जीवोसे मित्रताकी भावना व्यक्त की गई है। इसपरसे श्रीमद्जीकी प्रीति जैन-धर्मके प्रति बढने लगी। यह वृत्तान्त उनकी तेरह वर्षकी वयका है। तत्पश्चात् वे अपने पिताकी दुकानपर बैठने लगे। अपने अक्षरोकी छटाके कारण जब-जब उन्हे कच्छ दरवारके महलमें लिखनेके लिए बुलाया जाता था तब-तब वे वहाँ जाते थे। दुकानपर रहते हुए उन्होने अनेक पुस्तकें पढीं, राम आदिके चरित्रोंपर कविताएँ रची, सासारिक तृष्णा की, फिर भी उन्होने किसीको कम-अधिक भाव नही कहा अथवा किसीको कम-ज्यादा तौलकर नही दिया।

जातिस्मरण और तत्त्वज्ञानकी प्राप्ति

श्रीमद्जी जिस समय सात वर्षके थे उस समय एक महत्त्वपूर्ण प्रसंग उनके जीवनमें बना। उन दिनो ववाणियामे अमीचन्द नामके एक गृहस्थ रहते थे जिनका श्रीमद्जीके प्रति बहुत ही प्रेम था। एक दिन अमीचन्दको साँपने काट लिया और तत्काल उनकी मृत्यु हो गई। उनके मरण-समाचार सुनते ही राजचन्द्रजी अपने घर दादाजीके पास दौड़े आये और उनसे पूछा . 'दादाजी, क्या अमीचन्द मर गये?' बालक राजचन्द्रका ऐसा सीधा प्रश्न सुनकर दादाजीने विचार किया कि इस बातका बालकको पता चलेगा तो डर जायगा अतः उनका ध्यान दूसरी ओर आकर्षित करनेके लिए दादाजीने उन्हें भोजन कर लेनेको कहा और इधर-उधरकी दूसरी बाते करने लगे। परन्तु, बालक राजचन्द्रने मर जानेके बारेमे प्रथमबार ही सुना था इसलिए विशेष जिज्ञासापूर्वक वे पूछ

बैठे : 'मर जानेका क्या अर्थ है ?' दादाजीने कहा—उसमेंसे जीव निकल गया है । अब वह चलना-फिरना, खाना-पीना कुछ नही कर सकता, इसलिए इसे तालावके पास श्मशान भूमिमें जला देवेंगे ।' इतना सुनकर राजचन्द्रजी थोड़ी देर तो घरमें इधर-उधर घूमते रहे, बादमें चुपचाप तालावके पास गये और वहाँ बबूलके एक वृक्षपर चढ़कर देखा तो सगसम्बन्धी कुटुम्बके लोग उसके शरीरको जला रहे है । इस प्रकार एक परिचित और सज्जन व्यक्तिको जलाता देखकर उन्हें बड़ा आश्चर्य हुआ और वे विचारने लगे कि यह सब क्या है ! उनके अन्तरंगमें विचारोंकी तीव्र खलबली-सी मच गई और वे गहन विचारमें डूब गये । इसी समय अचानक चित्तपरसे भारी आवरण हट गया और उन्हे पूर्व भवोकी स्मृति हो आई । बादमे एक बार वे जूनागढका किला देखने गये तब पूर्व-स्मृतिज्ञानकी विशेष वृद्धि हुई[1] । इस पूर्व-स्मृतिरूप-ज्ञानने उनके जीवनमें प्रेरणाका अपूर्व नवीन-अध्याय जोडा । श्रीमद्‌जीकी पढ़ाई विशेष नहीं हो पाई थी फिर भी, वे संस्कृत, प्राकृत आदि भाषाओके ज्ञाता थे एव जैन आगमोंके असाधारण वेत्ता और मर्मज्ञ थे । उनकी क्षयोपशम-शक्ति इतनी विशाल थी कि जिस काव्य या सूत्रका मर्म बडे-बडे विद्वान् लोग नहीं बता सके थे उसका यथार्थ विश्लेषण उन्होने सहजरूपसे किया है[2] । किसी भी विषयका सागोपाग विवेचन करना उनके अधिकारकी बात थी[3] । उन्हे अल्प-वयमे ही तत्त्वज्ञानकी प्राप्ति हो गई थी, जैसा कि उन्होंने स्वयं एक काव्यमें लिखा है—

लघुवयथी अद्‌भुत थयो, तत्त्वज्ञाननो बोध ।
ए ज सूचवे एम के, गति आगति कां शोध ?
जे सस्कार थवो घटे, अति अभ्यासे काय,
विना परिश्रम ते थयो, भवशंका शी त्यांय ?

अर्थात् छोटी अवस्थामे मुझे अद्‌भुत तत्त्वज्ञानका बोध हुआ है, यही सूचित करता है कि अब पुनर्जन्मके शोधकी क्या आवश्यकता है ? और जो संस्कार अत्यन्त अभ्यासके द्वारा उत्पन्न होते हैं वे मुझे विना किसी परिश्रमके ही प्राप्त हो गये है, फिर वहाँ भवशंकाका क्या काम ? (पूर्व-भवके ज्ञानसे आत्माकी श्रद्धा निश्चल हो गई है ।)

अवधान-प्रयोग, स्पर्शनशक्ति

श्रीमद्‌जीकी स्मरणशक्ति अत्यन्त तीव्र थी । वे जो कुछ भी एक बार पढ लेते, उन्हे ज्यो का त्यों याद रह जाता था । इस स्मरणशक्तिके कारण वे छोटी अवस्थामे ही अवधान-प्रयोग करने लगे थे । धीरे-धीरे वे सौ अवधान तक पहुँच गये थे । वि० सं० १९४३ मे १९ वर्षकी अवस्थामे उन्होने बम्बईकी एक सार्वजनिक सभामे डॉ० पिटर्सनके सभापतित्वमे सौ अवधानोंका प्रयोग बताकर बडे-बडे लोगोको आश्चर्यमे डाल दिया था । उस समय उपस्थित जनताने उन्हे 'सुवर्णचन्द्रक' प्रदान किया, साथ ही 'साक्षात् सरस्वती' के पदसे भी विभूषित किया था । ई० सन् १८८६–८७ मे 'मुंबई समाचार', 'जामे जमशेद', 'गुजराती' 'पायोनियर', 'इण्डियन', 'स्पॅक्टेटर', 'टाइम्स ऑफ इण्डिया' आदि गुजराती एव अंग्रेजी-पत्रोंमे श्रीमद्‌जीकी अद्‌भुत शक्तियोके बारेमे भारी प्रशसात्मक लेख छपे थे ।

---

१ इस प्रसगकी चर्चा कच्छके एक वणिक बधु पदमशीभाई ठाकरशीके पूछनेपर बम्बईमें भूलेश्वरके दि० जैन मन्दिरमें सं० १९४२ में श्रीमद्‌जीने की ।

२ देखिए, पं० बनारसीदासजीके 'समता रमता उरधता०' पद्यका विवेचन 'श्रीमद्‌राजचन्द्र' (गुजराती) पत्रांक ४३८.

३. आनदघन चौबीसीके कुछ पद्योका विवेचन उपरोक्त ग्रन्थमे पत्रांक ७५३.

शतावधानमे शतरंज खेलते जाना, मालाके दाने गिनते जाना, जोड़-बाकी-गुणा करते जाना, आठ भिन्न-भिन्न समस्याओकी पूर्ति करते जाना, सोलह भाषाओके भिन्न-भिन्न क्रमसे उलटे-सीधे नम्बरों-के साथ शब्दोंको याद रखकर वाक्य बनाते जाना, दो कोठोंमें लिखे हुए उल्टे-सीधे अक्षरोसे कविता करते जाना, कितने ही अलंकारोंका विचार करते जाना, इत्यादि सौ कामोंको एक ही साथ कर सकते थे।

श्रीमद्जीकी स्पर्शनशक्ति भी अत्यन्त विलक्षण थी। उपरोक्त सभामे ही उन्हे भिन्न-भिन्न प्रकारके बारह ग्रन्थ दिये गये और उनके नाम भी उन्हे पढ़कर सुना दिये गये। बादमे उनकी आँखोंपर पट्टी बाँधकर जो-जो ग्रन्थ उनके हाथपर रखे गये उन सब ग्रन्थोंके नाम हाथोंसे टटोलकर उन्होंने बता दिये।

श्रीमद्जीकी इस अद्भुतशक्तिसे प्रभावित होकर उस समयके बम्बई हाइकोर्टके मुख्य न्याया-धीश सर चार्ल्स सारजटने उन्हे विलायत चलकर अवधान-प्रयोग दिखानेकी इच्छा प्रगट की थी, परन्तु श्रीमद्जीने इसे स्वीकार नही किया। उन्हे कीर्तिकी इच्छा नही थी, बल्कि ऐसी प्रवृत्तियोंको आत्मकल्याणके मार्गमें बाधक जानकर फिर उन्होंने अवधान-प्रयोग नही किये।

महात्मा गाँधीने कहा था—

महात्मा गाँधीने उनकी स्मरणशक्ति और आत्मज्ञानसे जो अपूर्व प्रेरणा प्राप्त की वह सक्षेप-मे उन्हीके शब्दोमे—

"रायचन्द्रभाईके साथ मेरी भेंट जुलाई सन् १८९१ मे उस दिन हुई जब मै विलायतसे बम्बई वापस लौटा। इन दिनो समुद्रमे तूफान आया करता है इस कारण जहाज रातको देरीसे पहुँचा। मै डाक्टर बैरिस्टर और अब रंगूनके प्रख्यात जौहरी प्राणजीवनदास महेताके घर उतरा था। रायचन्द्रभाई उनके बडे भाईके जमाई होते थे। डॉक्टर सा० (प्राणजीवनदास) ने ही परिचय कराया। उनके दूसरे बड़े भाई झवेरी रेवाशकर जगजीवनदासकी पहचान भी उसी दिन हुई। डॉक्टर सा० ने रायचन्दभाईका 'कवि' कहकर परिचय कराया और कहा 'कवि' होते हुए भी आप हमारे साथ व्यापारमे हैं, आप ज्ञानी और शतावधानी है। किसीने सूचना की कि मै उन्हे कुछ शब्द सुनाऊँ, और वे शब्द चाहे किसी भी भाषाके हो जिस क्रमसे मैं बोलूँगा उसी क्रमसे वे दुहरा जावेंगे, मुझे यह सुनकर आश्चर्य हुआ। मै तो उस समय जवान और विलायतसे लौटा था, मुझे भाषाज्ञानका भी अभिमान था। मुझे विलायतकी हवा भी कम नही लगी थी। उन दिनों विलायतसे आया मानो आकाशसे उतरा था! मैने अपना समस्त ज्ञान उलट दिया और अलग-अलग भाषाओंके शब्द पहले तो मैने लिख लिये, क्योंकि मुझे वह क्रम कहाँ याद रहनेवाला था? और बादमे उन शब्दोंको मै बाँच गया। उसी क्रमसे रायचदभाईने धीरेसे एकके बाद एक सब शब्द कह सुनाये। मै राजी हुआ, चकित हुआ और कविकी स्मरणशक्तिके विषयमें मेरा उच्च विचार हुआ। विलायत-की हवाका असर कम पड़नेके लिए यह सुन्दर अनुभव हुआ कहा जा सकता है।...... कविके साथ यह परिचय बहुत आगे बढा ... "कवि सस्कारी ज्ञानी थे।

मुझपर तीन पुरुषोने गहरा प्रभाव डाला है—टाल्सटॉय, रस्किन और रायचंदभाई! टाल्सटॉयने अपनी पुस्तको द्वारा और उनके साथ थोड़े पत्र-व्यवहारसे, रस्किनने अपनी एक ही पुस्तक 'अन्टु दिस लास्ट' से—जिसका गुजराती नाम मैने 'सर्वोदय' रखा है, और रायचंद्रभाईने अपने गाढ परिचयसे। जब मुझे हिन्दूधर्ममें शका पैदा हुई उस समय उसके निवारण करनेमे मदद करनेवाले रायचंद्रभाई थे। सन् १८९३ मे दक्षिण अफ्रीकामें मै कुछ क्रिश्चियन सज्जनोंके विशेप सम्पर्कमें

आया। उनका जीवन स्वच्छ था। वे चुस्त धर्मात्मा थे। अन्य-धर्मियोंको क्रिश्चियन होनेके लिए समझाना उनका मुख्य व्यवसाय था। यद्यपि मेरा और उनका सम्बन्ध व्यावहारिक कार्यको लेकर ही हुआ था, तो भी उन्होने मेरे आत्माके कल्याणके लिये चिन्ता करना शुरू कर दिया। उस समय मैं अपना एक ही कर्तव्य समझ सका कि जब तक मैं हिन्दूधर्मके रहस्यको पूरी तौरसे न जान लूँ और उससे मेरे आत्माको असंतोष न हो जाय, तब तक मुझे अपना कुलधर्म कभी नही छोड़ना चाहिए। इसलिए मैंने हिन्दूधर्म और अन्य धर्मोकी पुस्तकें पढना शुरू कर दी। क्रिश्चियन और इस्लाम-धर्मकी पुस्तकें पढी। विलायतसे अँग्रेज मित्रोंके साथ पत्रव्यवहार किया। उनके समक्ष अपनी शकाएँ रखी तथा हिन्दुस्थानमे जिनके ऊपर मुझे कुछ भी श्रद्धा थी उनसे पत्रव्यवहार किया। उनमें रायचन्दभाई मुख्य थे। उनके साथ तो मेरा अच्छा सम्बन्ध हो चुका था, उनके प्रति मान भी था, इसलिए उनसे जो भी मिल सके उसे लेनेका मैंने विचार किया। उसका फल यह हुआ कि मुझे शान्ति मिली। हिन्दूधर्ममें मुझे जो चाहिए वह मिल सकता है, ऐसा मनको विश्वास हुआ। मेरी इस स्थितिके जिम्मेदार रायचन्दभाई हुए, इससे मेरा उनके प्रति कितना अधिक मान होना चाहिए इसका पाठक लोग अनुमान कर सकते है।"

इस प्रकार उनके प्रबल आत्मज्ञानके कारण ही महात्मा गाधीको संतोष हुआ और उन्होने धर्मपरिवर्तन नही किया।[1]

और भी वर्णन करते हुए गाधीजीने उनके बारेमे लिखा है :

"श्रीमद्‌राजचन्द्र असाधारण व्यक्ति थे। उनके लेख उनके अनुभवके बिन्दु समान है। उन्हे पढ़नेवाले, विचारनेवाले और उसके अनुसार आचरण करनेवालोंको मोक्ष सुलभ होवे। उसकी कषायें मन्द पड़े, उसे संसारमे उदासीनता आवे, वह देहका मोह छोड़कर आत्मार्थी बने।

इसपरसे वाचक देखेंगे कि श्रीमद्‌के लेख अधिकारीके लिए उपयोगी हैं। सभी वाचक उसमे रस नही ले सकते। टीकाकारको उसकी टीकाका कारण मिलेगा परन्तु श्रद्धावान तो उसमेसे रस ही लूटेगा। उनके लेखोंमें सत् नितर रहा है, ऐसा मुझे हमेशा भास हुआ है। उन्होने अपना ज्ञान दिखानेके लिए एक भी अक्षर नही लिखा। लिखनेका अभिप्राय वाचकको अपने आत्मानन्दमे भागीदार बनानेका था। जिसे आत्मक्लेश टालना है, जो अपना कर्तव्य जाननेको उत्सुक है उसे श्रीमद्‌के लेखोंमेसे बहुत मिल जायगा ऐसा मुझे विश्वास है फिर भले वह हिन्दू हो या अन्य धर्मी।

... जो वैराग्य (अपूर्व अवसर एवो क्यारे आवशे ?) इस काव्यकी कड़ियोंमे झलक रहा है वह मैंने उनके दो वर्षके गाढ परिचयमे प्रतिक्षण उनमें देखा था। उनके लेखोकी एक असाधारणता यह है कि स्वय जो अनुभव किया वही लिखा है। उसमें कही भी कृत्रिमता नही है। दूसरे पर प्रभाव डालनेके लिये एक पक्ति भी लिखी हो ऐसा मैंने नही देखा ... ।

खाते, बैठते, सोते, प्रत्येक क्रिया करते उनमें वैराग्य तो होता ही। किसी समय इस जगत्‌के किसी भी वैभवमें उन्हे मोह हुआ हो ऐसा मैंने नही देखा।

उनकी चाल धीमी थी, और देखनेवाला भी समझ सकता कि चलते हुए भी ये अपने विचार-मे ग्रस्त है। आँखोमे चमत्कार था अत्यन्त तेजस्वी, विह्वलता जरा भी नही थी। दृष्टिमे एकाग्रता थी। चेहरा गोलाकार, होठ पहले, नाक नोकदार भी नही, चपटी भी नही; शरीर इकहरा, कद

१ श्रीमद्‌जी द्वारा म० गाधीको उनके प्रश्नोके उत्तरमे लिखे गये कुछ पत्र, क्र० ५३०, ५७०, ७१७ 'श्रीमद् राजचन्द्र'—ग्रथ (गुजराती)

मध्यम, वर्ण श्याम, देखाव शांत मूर्तिका-सा था। उनके कण्ठमें इतना अधिक माधुर्य था कि उन्हें सुनते हुए मनुष्य थके नही। चेहरा हँसमुख और प्रफुल्लित था, जिसपर अन्तरानन्दकी छाया थी। भाषा इतनी परिपूर्ण थी कि उन्हें अपने विचार प्रगट करनेके लिये कभी शब्द ढूँढना पड़ा है, ऐसा मुझे याद नही। पत्र लिखने बैठें उस समय कदाचित् ही मैने उन्हे शब्द बदलते देखा होगा, फिर भी पढ़नेवालेको ऐसा नही लगेगा कि कही भी विचार अपूर्ण है या वाक्य-रचना खंडित है, अथवा शब्दोके चुनावमे कमी है।

यह वर्णन संयमीमें संभवित है। बाह्याडम्बरसे मनुष्य वीतरागी नही हो सकता। वीतरागता आत्माकी प्रसादी है। अनेक जन्मके प्रयत्नसे वह प्राप्त होती है और प्रत्येक मनुष्य उसका अनुभव कर सकता है। रागभावको दूर करनेका पुरुषार्थ करनेवाला जानता है कि रागरहित होना कितना कठिन है। यह रागरहित दशा कवि (श्रीमद्) को स्वाभाविक थी, ऐसी मेरे ऊपर छाप पड़ी थी।

मोक्षकी प्रथम पेड़ी वीतरागता है। जबतक मन जगत्‌की किसी भी वस्तुमें फँसा हुआ है तबतक उसे मोक्षकी बात कैसे रुचे ? और यदि रुचे तो वह केवल कानको ही—अर्थात् जैसे हम लोगोको अर्थ जाने या समझे बिना किसी सगीतका स्वर रुच जाय वैसे। मात्र ऐसी कर्णप्रिय क्रीड़ामेसे मोक्षका अनुसरण करनेवाले आचरण तक आनेमे तो बहुत समय निकल जाय! अतरग वैराग्यके बिना मोक्षकी लगन नही होती। वैराग्यका तीव्र भाव कविमे था।

' व्यवहारकुशलता और धर्मपरायणताका जितना उत्तम मेल मैने कविमे देखा उतना किसी अन्यमें नही देखा।"

गृहस्थाश्रम

सं० १९४४ माघ सुदी १२ को १९ वर्षकी आयुमे उनका पाणिग्रहणसंस्कार, गांधीजीके परममित्र स्व० रेवाशकर जगजीवनदास महेताके बड़े भाई पोपटलालकी पुत्री झबकबाईके साथ हुआ था। इसमे दूसरोंकी 'इच्छा' और 'अत्यन्त आग्रह' ही कारणरूप प्रतीत होते है।[1] पूर्वोपार्जित कर्मोका भोग समझकर ही उन्होने गृहस्थाश्रममे प्रवेश किया, परन्तु इससे भी दिन-पर-दिन उनकी उदासीनता और वैराग्यका बल बढता ही गया। आत्मकल्याणके इच्छुक तत्त्वज्ञानी पुरुषके लिए विषम परिस्थितियाँ भी अनुकूल बन जाती है, अर्थात् विषमतामे उनका पुरुषार्थ और भी अधिक निखर उठता है। ऐसे ही महात्मा पुरुष दूसरोके लिये भी मार्ग प्रकाशक—दीपकका कार्य करते है।

श्रीमद्‌जी गृहस्थाश्रममे रहते हुए भी अत्यन्त उदासीन थे। उनकी दशा, छहढालाकार प० दौलतरामजीके शब्दोमे 'गेही पै, गृहमे न रचै ज्यौ जलतै भिन्न कमल है'—जैसी निर्लेप थी। उनकी इस अवस्थामे भी यही मान्यता रही कि "कुटुम्बरूपी काजलकी कोठड़ीमे निवास करनेसे संसार बढ़ता है। उसका कितना भी सुधार करो तो भी एकान्तवाससे जितना ससारका क्षय हो सकता है उसका शताश भी उस काजलकी कोठड़ीमें रहनेसे नही हो सकता, क्योंकि वह कषायका निमित्त है और अनादिकालसे मोहके रहनेका पर्वत है[2]।" फिर भी इस प्रतिकूलतामे वे अपने परिणामोकी पूरी सँभाल रखकर चले। यहाँ उनके अन्तरके भाव एक मुमुक्षुको लिखे गये पत्रमे इस प्रकार व्यक्त हुए है—'ससार स्पष्ट प्रीतिसे करनेकी इच्छा होती हो तो उस पुरुषने ज्ञानीके

१. देखिये—'श्रीमद्राजचन्द्र' (गुजराती) पत्र-क्र० ३०.

२. 'श्रीमद्राजचन्द्र' (गुजराती) पत्र-क्र० १०३.

वचन सुने नही अथवा ज्ञानीके दर्शन भी उसने किये नही ऐसा तीर्थंकर कहते है।' 'ज्ञानी पुरुषके वचन सुननेके बाद स्त्रीका सजीवन शरीर अजीवनरूप भासमान हुए बिना रहे नहीं'[1]।' उससे स्पष्ट प्रगट होता है कि वे अत्यन्त वैरागी महापुरुष थे।

सफल व्यापारी

व्यापारिक झंझट और धर्मसाधनाका मेल प्राय. कम बैठता है, परन्तु आपका धर्म—आत्मचिन्तन तो साथमे ही चलता था। वे कहते थे कि धर्मका पालन कुछ एकादशीके दिन ही, पर्यूपणमें ही अथवा मन्दिरोंमें ही और दुकान या दरबारमे न हो ऐसा कोई नियम नहीं, बल्कि ऐसा कहना धर्मतत्त्वको न पहचाननेके तुल्य है। श्रीमद्‌जीके पास दुकान पर कोई न कोई धार्मिक पुस्तक और दैनन्दिनी (डायरी) अवश्य होती थी। व्यापारकी बात पूरी होते ही फौरन धार्मिक पुस्तक खुलती या फिर उनकी वह डायरी कि जिसमें कुछ न कुछ मनके विचार वे लिखते ही रहते थे। उनके लेखोका जो संग्रह प्रकाशित हुआ है उसका अधिकाश भाग उनकी 'नोंधपोथी'मेसे लिया गया है।

श्रीमद्‌जी सर्वाधिक विश्वासपात्र व्यापारीके रूपमे प्रसिद्ध थे। वे अपने प्रत्येक व्यवहारमें सम्पूर्ण प्रामाणिक थे। इतना बडा व्यापारिक काम करते हुए भी उसमे उनकी आसक्ति नही थी। वे बहुत ही सन्तोपी थे। रहन-सहन पहरवेश सादा रखते थे। धनको तो वे 'उच्च प्रकारके कंकर'[2] मात्र समझते थे।

एक अरब व्यापारी अपने छोटे भाईके साथ बम्बईमें मोतियोंकी आढ़तका काम करता था। एक दिन छोटे भाईने सोचा कि मै भी अपने बड़े भाईकी तरह मोतीका व्यापार करूँ। वह परदेशसे आया हुआ माल लेकर बाजारमे गया। वहाँ जाने पर एक दलाल उसे श्रीमद्‌जीकी दुकानपर लेकर पहुँचा। श्रीमद्‌जीने माल अच्छी तरह परखकर देखा और उसके कहे अनुसार रकम चुकाकर ज्योंका त्यों माल एक ओर उठाकर रख दिया। उधर घर पहुँचकर बड़े भाईके आनेपर छोटे भाईने व्यापारकी बात कह सुनाई। अब जिस व्यापारीका वह माल था उसका पत्र इस अरब व्यापारीके पास उसी दिन आया था कि अमुक भावसे नीचे माल मत बेचना। जो भाव उसने लिखा था वह चालू बाजार-भावसे बहुत ही ऊँचा था। अब यह व्यापारी तो घबरा गया क्योकि इसे इस सौदेमे बहुत अधिक नुकसान था। वह क्रोधमे आकर बोल उठा—'अरे! तूने यह क्या किया ? मुझे तो दिवाला ही निकालना पड़ेगा!'

अरब-व्यापारी हाँफता हुआ श्रीमद्‌जीके पास दौड़ा हुआ आया और उस व्यापारीका पत्र पढवाकर कहा—'साहब, मुझ पर दया करो, वरना मैं गरीब आदमी बरबाद हो जाऊँगा।' श्रीमद्‌जीने एक ओर ज्यों का त्यों बँधा हुआ माल दिखाकर कहा—'भाई, तुम्हारा माल यह रक्खा है। तुम खुशीसे ले जाओ।' यों कहकर उस व्यापारीका माल उसे दे दिया और अपने पैसे ले लिये। मानो कोई सौदा किया ही नही था, ऐसा सोचकर हजारोंके लाभकी भी कोई परवाह नही की। अरब-व्यापारी उनका उपकार मानता हुआ अपने घर चला गया। यह अरब व्यापारी श्रीमद्‌को खुदाके पैगम्बरके समान मानने लगा।

व्यापारिक नियमानुसार सौदा निश्चित हो चुकने पर वह व्यापारी माल वापस लेनेका

---

१ 'श्रीमद्‌राजचन्द्र' (गुजराती) पत्र-क्र० ४५४.

२. 'ऊँची जातना कांकरा'

अधिकारी नही था, परन्तु श्रीमद्‌जीका हृदय यह नही चाहता था कि किसीको उनके द्वारा हानि हो। सचमुच महात्माओंका जीवन उनकी कृतिमें व्यक्त होता ही है।

इसी प्रकारका एक दूसरा प्रसंग उनके करुणामय और निस्पृही जीवनका ज्वलन्त उदाहरण है :

एक बार एक व्यापारीके साथ श्रीमद्‌जीने हीरोंका सौदा किया। इसमें ऐसा तय हुआ कि अमुक समयमें निश्चित किये हुये भावसे वह व्यापारी श्रीमद्‌को अमुक हीरे दे। इस विषयकी चिट्ठी भी व्यापारीने लिख दी थी। परन्तु हुआ ऐसा कि मुद्दतके समय उन हीरोंकी कीमत बहुत अधिक बढ़ गई। यदि व्यापारी चिट्ठीके अनुसार श्रीमद्‌को हीरे दे, तो उस बेचारेको बड़ा भारी नुकसान सहन करना पड़े; अपनी सभी सम्पत्ति बेच देनी पड़े! अब क्या हो?

इधर जिस समय श्रीमद्‌जीको हीरोंका बाजार-भाव मालूम हुआ, उस समय वे शीघ्र ही उस व्यापारीकी दुकानपर जा पहुचे। श्रीमद्‌जीको अपनी दुकानपर आये देखकर व्यापारी घबराहटमें पड़ गया। वह गिड़गिडाते हुए बोला—'रायचंदभाई, हम लोगोके बीच हुए सौदेके सम्बन्धमें मैं खूब ही चिन्तामे पड गया हूँ। मेरा जो कुछ होना हो वह भले हो, परन्तु आप विश्वास रखना कि मैं आपको आजके बाजार-भावसे सौदा चुका दूँगा। आप जरा भी चेन्ता न करें।'

यह सुनकर राजचन्द्रजी करुणाभरी आवाजमें बोले · "वाह! भाई, वाह! मै चिन्ता क्यों न करूँ? तुमको सौदेकी चिन्ता होती हो तो मुझे चिन्ता क्यों न होनी चाहिये? परन्तु हम दोनोंकी चिन्ताका मूल कारण यह चिट्ठी ही है न? यदि इसको ही फाड़कर फेंक दे तो हम दोनोंकी चिन्ता मिट जायगी।"

यों कहकर श्रीमद् राजचन्द्रने सहजभावसे वह दस्तावेज फाड डाला। तत्पश्चात् श्रीमद्‌जी बोले. "भाई इस चिट्ठीके कारण तुम्हारे हाथपाँव बँधे हुए थे। बाजारभाव बढ़ जानेसे तुमसे मेरे साठ-सत्तर हजार रुपये लेना निकलते है, परन्तु मैं तुम्हारी स्थिति समझ सकता हूँ। इतने अधिक रुपये मै तुमसे लूँ तो तुम्हारी क्या दशा हो? परन्तु राजचन्द्र दूध पी सकता है, खून नही!"

वह व्यापारी कृतज्ञ-भावसे श्रीमद्‌की ओर स्तब्ध होकर देखता ही रहा।

भविष्यवक्ता, निमित्तज्ञानी

श्रीमद्‌जीका ज्योतिष-सम्बन्धी ज्ञान भी प्रखर था। वे जन्मकुंडली, वर्षफल एवं अन्य चिह्न देखकर भविष्यकी सूचना कर देते थे। श्रीजूठाभाई (एक मुमुक्षु) के मरणके बारेमे उन्होंने २। मास पूर्व स्पष्ट बता दिया था[1]। एक बार सं० १९५५ की चैत्र वदी ८ को मोरवीमे दोपहरके ४ बजे पूर्वदिशाके आकाशमे काले बादल देखे और उन्हें दुष्काल पड़नेका निमित्त जानकर उन्होंने कहा कि 'ऋतुको सन्निपात हुआ है।' इस वर्ष १९५५ का चोमासा कोरा रहा—वर्षा नही हुई और १९५६ मे भयंकर दुष्काल पड़ा। वे दूसरेके मनकी बातको भी सरलतासे जान लेते थे। यह सब उनकी निर्मल आत्मशक्तिका प्रभाव था।

कवि-लेखक

श्रीमद्‌जीमें, अपने विचारोंकी अभिव्यक्ति पद्यरूपमे करनेकी सहज क्षमता थी। उन्होंने सामाजिक रचनाओंमे—'स्त्रीनीतिबोधक', 'सद्‌बोधशतक', 'आर्य प्रजानी पडती', 'हुन्नरकला वधा-

---

१. देखिये—दैनिक नोधसे लिया गया कथन, पत्र क्र० ११६, ११७ ('श्रीमद्‌राजचन्द्र' गुजराती)।

रवा विषे', 'सद्गुण, सुनीति, सत्य विषे' आदि अनेक रचनाएँ केवल ८ वर्षकी वयमें लिखी थी, जिनका एक संग्रह प्रकाशित हुआ है। ९ वर्षकी आयुमे उन्होंने रामायण और महाभारतकी भी पद्य-रचना की थी जो प्राप्त नहीं हो सकी। इसके अतिरिक्त जो उनका मूल विषय आत्मज्ञान था उसमें उनकी अनेक रचनाएँ है। प्रमुखरूपसे 'आत्मसिद्धि' (१४२ दोहे), 'अमूल्य तत्त्वविचार' 'भक्तिना वीस दोहरा', 'ज्ञानमीमांसा', 'परमपदप्राप्तिनी भावना' (अपूर्व अवसर), 'मूलमार्ग रहस्य', 'जिनवाणीनी स्तुति', 'वारह भावना' और 'तृष्णानी विचित्रता' है। अन्य भी बहुत-सी रचनाएँ है जो भिन्न-भिन्न वर्षोमे लिखी है।

'आत्मसिद्धि'—शास्त्रकी रचना तो आपने मात्र डेढ घटेमे, श्री सौभागभाई, डूंगरभाई आदि मुमुक्षुओके हितार्थ नडियादमे आश्विन वदी १ (गुजराती) गुरुवार सं० १९५२ को २९ वें वर्षमें लिखी थी। यह एक, निस्सदेह धर्ममार्गकी प्राप्तिमे प्रकाशरूप अद्भुत रचना है। अंग्रेजीमे भी इसके गद्य-पद्यात्मक अनुवाद प्रगट हो चुके है[1]।

गद्य-लेखनमे श्रीमद्जीने 'पुष्पमाला', 'भावनाबोध' और 'मोक्षमाला' की रचना की। यह सभी सामग्री पठनीय-विचारणीय है। 'मोक्षमाला' उनकी अत्यन्त प्रसिद्ध रचना हे, जिसे उन्होने केवल १६ वर्ष ५ मासकी आयुमे मात्र ३ दिनमें लिखी थी। इसमे १०८ पाठ है। कथनका प्रकार विशाल और तत्त्वपूर्ण हे।

उनकी अर्थ करनेकी शक्ति भी वडी गहन थी। भगवत्कुन्दकुन्दाचार्यके 'पचास्तिकाय'-ग्रन्थकी मूल गाथाओका उन्होने अविकल गुजराती अनुवाद किया है।[2]

सहिष्णुता

विरोधमे भी सहनशील होना महापुरुषोका स्वाभाविक गुण है। यह वात यहाँ घटित होती है। जैन समाजके कुछ लोगोने उनका प्रवल विरोध किया, निन्दा की, फिर भी वे अटल शात और मौन रहे। उन्होने एक बार कहा था 'दुनिया तो सदा ऐसी ही है। ज्ञानियोंको, जीवित हों तव कोई पहचानता नही, वह यहाँ तक कि ज्ञानीके सिर पर लाठियोकी मार पड़े यह भी कम, और ज्ञानीके मरनेके वाद उसके नामके पत्थरको भी पूजे !'

एकान्तचर्या

मोहमयी (बम्बई) नगरीमे व्यापारिक काम करते हुए भी श्रीमद्जी ज्ञानाराधना तो करते ही रहते थे। यह उनका प्रमुख और अनिवार्य कार्य था। उद्योग-रत जीवनमे शात और स्वस्थ चित्तसे चुपचाप आत्म-साधना करना उनके लिये सहज हो चला था, फिर भी बीच-बीचमे विशेष अवकाश लेकर वे एकान्त स्थान, जगल या पर्वतोमे पहुच जाते थे। वे किसी भी स्थानपर वहुत गुप्तरूपसे जाते थे। वे नही चाहते थे कि किसीके परिचयमे आया जाय, फिर भी उनकी सुगन्धी छिप नही पाती थी। अनेक जिज्ञासु-भ्रमर उनका उपदेश, धर्मवचन सुननेकी इच्छासे पीछे-पीछे कही भी पहुँच ही जाते थे और सत्समागमका लाभ प्राप्त कर लेते थे। गुजरातके चरोतर, ईडर आदि प्रदेशमे तथा सौराष्ट्र-क्षेत्रके अनेक शान्तस्थानोमे उनका गमन हुआ। आपके समागमका

---

१. 'आत्मसिद्धि' के अग्रेजी अनुवादमे Atmasiddhi, Self Realization और Self Fulfilment प्रगट हुए है। सस्कृत-छाया भी छपी है।

२ देखिये—'श्रीमद्राजचन्द्र' गुज० पत्राक ७६६। उनकी सभी प्रमुख-सामग्रीका सकलन 'श्रीमद्राजचन्द्र'-ग्रन्थमे किया गया है।

विशेष लाभ जिन्हें मिला उनमें मुनिश्री लल्लुजी (श्रीमद्लघुराजस्वामी), मुनिश्री देवकरणजी तथा सायलाके श्रीसौभागभाई, अम्वालालभाई (खंभात), जूठाभाई (अहमदावाद) एवं डूंगरभाई मुख्य थे।

एक वार श्रीमद्जी सं० १९५५ में जब कुछ दिन ईडरमें रहे तब उन्होंने डॉ० प्राणजीवनदास मेहता (जो उस समय ईडर स्टेटके चीफ मेडिकल ऑफीसर थे और सम्बन्धकी दृष्टिसे उनके श्वसुरके भाई होते थे) से कह दिया था कि उनके आनेकी किसीको खबर न हो। उस समय वे नगरमे केवल भोजन लेने जितने समयके लिए ही रुकते, शेष समय ईडरके पहाड़ और जंगलमें विताते।

मुनिश्री लल्लुजी, श्रीमोहनलालजी तथा श्री नरसीरखको उनके वहाँ पहुँचनेके समाचार मिल गये। वे शीघ्रतासे ईडर पहुँचे। श्रीमद्जीको उनके आगमनका समाचार मिला। उन्होने कहलवा दिया कि मुनिश्री वाहरसे वाहर जंगलमें पहुँचे—यहाँ न आवे। साधुगण जंगलमे चले गये। वादमें श्रीमद्जी भी वहाँ पहुँचे। उन्होने मुनिश्री लल्लुजीसे एकांतमे अचानक ईडर आनेका कारण पूछा। मुनिश्रीने उत्तरमे कहा कि 'हम लोग अहमदावाद या खंभात जानेवाले थे, यहाँ निवृत्ति क्षेत्रमे आपके समागममें विशेष लाभकी इच्छासे इस ओर चले आये। मुनि देवकरणजी भी पीछे आते है।' इसपर श्रीमद्जीने कहा—'आप लोग कल यहाँसे विहार कर जावे, देवकरणजीको भी हम समाचार भिजवा देते है वे भी अन्यत्र विहार कर जावेगे। हम यहाँ गुप्तरूपसे रहते है—किसीके परिचयमें आनेकी इच्छा नहीं है।'

श्री लल्लुजी मुनिने नम्र-निवेदन किया—'आपकी आज्ञानुसार हम चले जावेगे परन्तु मोहनलालजी और नरसीरख मुनियोंको आपके दर्शन नही हुये है, आप आज्ञा करे तो एक दिन रुककर चले जावें। श्रीमद्जीने इसकी स्वीकृति दी। दूसरे दिन मुनियोने देखा कि जंगलमे आम्रवृक्षके नीचे श्रीमद्जी प्राकृतभाषाकी *गाथाओका तन्मय होकर उच्चारण कर रहे है। उनके पहुँचनेपर भी आधा घण्टे तक वे गाथाएँ वोलते ही रहे और ध्यानस्थ हो गए। यह वातावरण देखकर मुनिगण आत्मविभोर हो उठे। थोड़ी देर वाद श्रीमद्जी ध्यानसे उठे और 'विचारना' इतना कहकर चलते वने। मुनियोंने विचारा कि लघुशंकादि निवृत्तिके लिए जाते होगे परन्तु वे तो निस्पृहरूपसे चले ही गये। थोड़ी देर इधर-उधर ढूँढ़कर मुनिगण उपाश्रयमे आ गये।

उसी दिन शामको मुनि देवकरणजी भी वहाँ पहुँच गये। सभीको श्रीमद्जीने पहाड़के ऊपर स्थित दिगम्वर, श्वेताम्वर मन्दिरोंके दर्शन करनेकी आज्ञा दी। वीतराग-जिनप्रतिमाके दर्शनोंसे मुनियोंको परम उल्लास जाग्रत हुआ। इसके पश्चात् तीन दिन और भी श्रीमद्जीके सत्समागमका

* १. मा मुज्जह मा रज्जह मा दुस्सह इट्ठणिट्ठअत्थेसु।
थिरमिच्छह जइ चित्तं विचित्तझाणप्पसिद्धीए॥ ४८॥

२. जं किंचि वि चिंतंतो णिरीहवित्ती हवे जदा साहू।
लद्धूणय एयत्तं तदाहु तं णिच्चयं ज्झाणं॥ ५५॥

३. मा चिट्ठह मा जंपह मा चिंतह किं वि जेण होइ थिरो।
अप्पा अप्पम्मि रओ इणमेव परं हवे ज्झाणं॥ ५६॥

(द्रव्यसंग्रह)

—श्रीमद्जीने यह 'वृहद्द्रव्यसंग्रह'—ग्रन्थ ईडरके दि० जैन शास्त्र-भण्डारमेंसे स्वयं निकलवाया था।

लाभ उन्होंने उठाया। जिसमें श्रीमद्‌जीने उन्हें 'द्रव्यसंग्रह' और 'आत्मानुशासन'—ग्रंथ पूरे पढ़कर स्वाध्यायके रूपमें सुनाये। एक अन्य भी कल्याणकारी बोध दिया।

अत्यन्त जाग्रत आत्मा ही परमात्मा बनता है, परम वीतरागदशाको प्राप्त होता है। इन्ही अन्तरभावोके साथ आत्मस्वरूपको ओर लक्ष्य कराते हुए एक वार श्रीमद्‌जीने अहमदाबादमे मुनिश्री लल्लुजी (पू० लघुराजस्वामी) तथा श्रीदेवकरणजीको कहा था कि 'हममे और वीतरागमें भेद गिनना नही' हममे और श्री महावीर भगवान्मे कुछ भी अतर नही, केवल इस कुर्त्तेका फेर है।

मत-मतान्तरके आग्रहसे दूर

उनका कहना था कि मत-मतान्तरके आग्रहसे दूर रहनेपर ही जीवनमें रागद्वेषसे रहित हुआ जा सकता है। मतोके आग्रहसे निज स्वभावरूप आत्मधर्मकी प्राप्ति नही हो सकती। किसी भी जाति या वेषके साथ भी धर्मका सम्बन्ध नही।

"जाति वेषनो भेद नहि, कह्यो मार्ग जो होय।
साधे ते मुक्ति लहे, एमां भेद न कोय॥"

(आत्मसिद्धि १०७)

—जो मोक्षका मार्ग कहा गया है वह हो तो किसी भी जाति या वेषसे मोक्ष होवे, इसमें कुछ भेद नही है। जो साधना करे वह मुक्तिपद पावे।

आपने लिखा है—"मूलतत्त्वमे कही भी भेद नही है। मात्र दृष्टिका भेद है ऐसा मानकर आशय समझकर पवित्र धर्ममे प्रवृत्ति करना।" (पुष्पमाला १४, पृ० ४)

"तू चाहे जिस धर्मको मानता हो इसका मुझे पक्षपात नही, मात्र कहनेका तात्पर्य यही कि जिस मार्गसे ससारमलका नाश हो उस भक्ति, उस धर्म और उस सदाचारका तू सेवन कर।[१] (पु० मा० १५, पृ० ४)

"दुनिया मतभेदके बधनसे तत्त्व नही पा सकी।" (पत्र-क्र० २७)

उन्होने प्रीतम, अखा, छोटम, कबीर, सुन्दरदास, सहजानन्द, मुक्तानन्द, नरसिंह महेता आदि सन्तोकी वाणीको जहाँ-तहाँ आदर दिया है और उन्हे मार्गानुसारी जीव (तत्त्वप्राप्तिके योग्य आत्मा) कहा है। इसलिए एक जगह उन्होने अत्यन्त मध्यस्थतापूर्वक आध्यात्मिक-दृष्टि प्रकट की है कि 'मै किसी गच्छमे नही, परन्तु आत्मामे हूँ।'

एक पत्रमे आपने दर्शाया है—"जब हम जैनशास्त्रोको पढ़नेके लिए कहे तब जैनी होनेके लिए नही कहते, जब वेदान्तशास्त्र पढनेके लिए कहे तो वेदान्ती होनेके लिए नही कहते। इसीप्रकार अन्य शास्त्रोको बाँचनेके लिए कहे तब अन्य होनेके लिए नही कहते। जो कहते है वह केवल तुम सब लोगोंको उपदेश-ग्रहणके लिए ही कहते है। जैन और वेदान्ती आदिके भेदका त्याग करो। आत्मा वैसा नही है।"[२]

फिर भी अनुभवपूर्वक उन्होंने निर्ग्रंथशासनकी उत्कृष्टताको स्वीकार किया है।[३] अहो! सर्वोत्कृष्ट शातरसमय सन्मार्ग, अहो! उस सर्वोत्कृष्ट शातरसप्रधान मार्गके मूल सर्वज्ञदेव, अहो!

---

१ देखिए इसी प्रकारके विचार—
पक्षपातो न मे वीरे न द्वेष. कपिलादिपु। युक्तिमद्वचनं यस्य तस्य कार्य परिग्रह ॥ (हरिभद्रसूरि)

२. 'श्रीमद्राजचन्द्र' (गुज०) पत्र-क्र० ३५८.

३. 'श्रीमद्राजचन्द्र' शिक्षापाठ ९५ (तत्त्वाववोध १४) तथा पत्र-क्र० ५९६.

उस सर्वोत्कृष्ट शांतरसकी सुप्रतीति करानेवाले परमकृपालु सद्‌गुरुदेव–इस विश्वमे सर्वकाल तुम जयवंत वर्तो ।[1]

दिनोंदिन और क्षण-क्षण उनकी वैराग्यवृत्ति वर्धमान हो चली । चैतन्यपुंज निखर उठा । वीतराग-मार्गकी अविरल उपासना उनका ध्येय बन गई । वे बढ़ते गये और सहजभावसे कहते गये—"जहाँ-तहाँसे रागद्वेषसे रहित होना ही मेरा धर्म है ।"[2]

निर्मल सम्यग्दर्शनकी प्राप्तिमें उनके उद्‌गार इस प्रकार निकले है—

ओगणीससे ने सुडतालीसे,
समकित शुद्ध प्रकाश्युं रे,
श्रुत अनुभव वधती दशा,
निज स्वरूप अवभास्युं रे ।
धन्य रे दिवस आ अहो !
(हा. नो. १।६३ क्र० ३२)

सोल्लास उपकार-प्रगटना

"हे सर्वोत्कृष्ट सुखके हेतुभूत सम्यग्दर्शन ! तुझे अत्यन्त भक्तिपूर्वक नमस्कार हो । इस अनादि अनन्त ससारमे अनन्त अनन्त जीव तेरे आश्रय विना अनन्त अनत दु.ख अनुभवते है । तेरे परमानुग्रहसे स्वस्वरूपमे रुचि हुई । परमवीतराग स्वभावके प्रति परम निश्चय आया । कृतकृत्य होनेका मार्ग ग्रहण हुआ ।

हे जिन वीतराग ! तुम्हे अत्यन्त भक्तिसे नमस्कार करता हूँ । तुमने इस पामरपर अनंत अनंत उपकार किया है ।

हे कुन्दकुन्दादि आचार्यो ! तुम्हारे वचन भी स्वरूपानुसंधानमे इस पामरको परम उपकारभूत हुए है । इसके लिए मै तुम्हे अतिशय भक्तिपूर्वक नमस्कार करता हूँ ।

हे श्री सोभाग ! तेरे सत्समागमके अनुग्रहसे आत्मदशाका स्मरण हुआ । अत. तुझे नमस्कार करता हूँ ।" (हा. नों. २/४५ क्र० २०)

परमनिवृत्तिरूप कामना । चिंतना

उनका अन्तरङ्ग, गृहस्थावास-व्यापारादि कार्यसे छूटकर सर्वसंगपरित्याग कर निर्ग्रन्थदशाके लिए छटपटाने लगा । उनका यह अन्तरआशय उनकी 'हाथनोध' परसे स्पष्ट प्रगट होता है—

"हे जीव ! असारभूत लगनवाले ऐसे इस व्यवसायसे अब निवृत्त हो, निवृत्त ! उस व्यवसायके करनेमे चाहे जितना बलवान प्रारब्धोदय दीखता हो तो भी उससे निवृत्त हो निवृत्त ! जो कि श्रीसर्वज्ञने कहा है कि चौदहवे गुणस्थानवर्ती जीव भी प्रारब्ध भोगे विना मुक्त नही हो सकता, फिर भी तू उस उदयके आश्रयरूप होनेसे अपना दोष जानकर उसका अत्यन्त तीव्ररूपमे विचारकर उससे निवृत्त हो, निवृत्त ! (हा० नो० १।१०१ क्र० ४४)

"हे जीव ! अब तू संग-निवृत्तिरूप कालकी प्रतिज्ञा कर, प्रतिज्ञा कर ! केवलसंगनिवृत्तरूप प्रतिज्ञाका विशेष अवकाश दिखाई न दे तो अंशसंगनिवृत्तिरूप इस व्यवसायका त्याग कर ! जिस ज्ञानदशामे त्यागात्याग कुछ सम्भावित नही उस ज्ञानदशाकी सिद्धि है जिसमे ऐसा तू, सर्वसंगत्याग दशा अल्पकाल भी भोगेगा तो सम्पूर्ण जगत प्रसंगमे वर्तते हुए भी तुझे बाधा नही होगी, ऐसा

---

१. हाथनोध ३।५२ क्रम २३ 'श्रीमद्‌राजचन्द्र' (गुज०) ।

२. 'पत्र क्र० ३७ 'श्रीमद्‌राजचन्द्र' ।

होते हुए भी सर्वज्ञने निवृत्तिको ही प्रशस्त कहा है; कारण कि ऋषभादि सर्व परमपुरुषोंने अन्तमें ऐसा ही किया है।" (हा नो. १।१०२ क्र० ४५)

"राग, द्वेप और अज्ञानका आत्यंतिक अभाव करके जो सहज शुद्ध आत्मस्वरूपमें स्थित हुए वही स्वरूप हमारे स्मरण, ध्यान और प्राप्त करने योग्य स्थान है।" (हा. नो २। ३ क्र० १)

"सर्व परभाव और विभावसे व्यावृत्त, निज स्वभावके भान सहित, अवधूतवत्-विदेहीवत् जिनकल्पीवत् विचरते पुरुष भगवानके स्वरूपका ध्यान करते हैं।" (हा नो ३/३७ क्र० १४)

"मैं एक हूँ, असंग हूँ, सर्व परभावसे मुक्त हूँ, असंख्यप्रदेशात्मक निजअवगाहनाप्रमाण हूँ। अजन्म, अजर, अमर, शाश्वत हूँ। स्वपर्यायपरिणामी समयात्मक हूँ। शुद्ध चैतन्यमात्र निर्विकल्प दृष्टा हूँ। (हा. नों. ३।२९ क्र० ११)

"मैं परमशुद्ध, अखंड चिद्‌धातु हूँ, अचिद्‌धातुके संयोगरसका यह आभास तो देखो! आश्चर्यरूप, घटना है। कुछ भी अन्य विकल्पका अवकाश नही, स्थिति भी ऐसी ही है।" (हा० नो. २।३७ क्र० १७)

इसप्रकार अपनी आत्मदशाको सभालकर वे बढ़ते रहे। आपने सं० १९५६ में व्यवहार सम्बन्धी सर्व उपाधिसे निवृत्ति लेकर सर्वसंगपरित्यागरूप दीक्षा धारण करनेकी माताजीसे आज्ञा भी ले ली थी। परन्तु उनका शारीरिक स्वास्थ्य दिन-पर-दिन बिगडता गया। उदय बलवान है। शरीरको रोगने आ घेरा। अनेक उपचार करनेपर भी स्वास्थ्य ठीक नही हुआ। इसी विवशतामें उनके हृदयकी गभीरता बोल उठी "अत्यन्त त्वरासे प्रवास पूरा करना था, वहाँ बीचमें सेहराका मरुस्थल आ गया। सिरपर बहुत बोझ था उसे आत्मवीर्यसे जिसप्रकार अल्पकालमें सहन कर लिया जाय उस प्रकार प्रयत्न करते हुए, पैरोने निकाचित उदयरूप थकान ग्रहण की। जो स्वरूप है वह अन्यथा नही होता यही अद्‌भुत आश्चर्य है। अव्याबाध स्थिरता है[1]।"

अन्त समय

स्थिति और भी गिरती गई। शरीरका वजन १३२ पौंडसे घटकर मात्र ४३ पौंड रह गया। शायद उनका अधिक जीवन कालको पसन्द नही था। देहत्यागके पहले दिन शामको आपने अपने छोटे भाई मनसुखराम आदिसे कहा—"तुम निश्चिंत रहना, यह आत्मा शाश्वत है। अवश्य विशेष उत्तम गतिको प्राप्त होगा, तुम शान्ति और समाधिरूपसे प्रवर्तना। जो रत्नमय ज्ञानवाणी इस देहके द्वारा कही जा सकती थी, वह कहनेका समय नही। तुम पुरुषार्थ करना।" रात्रिको २॥ बजे वे फिर बोले—'निश्चिंत रहना, भाईका समाधिमरण है। और अवसानके दिन प्रातः पौने नौ बजे कहा 'मनसुख, दुखी न होना, मैं अपने आत्मस्वरूपमें लीन होता हूँ।' और अन्तमें उस दिन सं० १९५७ चैत्र वदी ५ (गुज०) मंगलवारको दोपहरके दो बजे राजकोटमें उनका आत्मा इस नश्वर देहको छोड़कर चला गया। भारतभूमि एक अनुपम तत्त्वज्ञानी सन्तको खो बैठी।

उनके देहावसानके समाचार सुनकर मुमुक्षुओंके चित्त उदास हो गये। वसंत मुरझा गया। निस्संदेह श्रीमद्‌जी विश्वकी एक महान विभूति थे। उनका वीतरागमार्ग-प्रकाशक अनुपम वचनामृत आज भी जीवनको अमरत्व प्रदान करनेके लिए विद्यमान है। धर्मजिज्ञासु बन्धु उनके वचनोंका लाभ उठावें।

---

१. 'श्रीमद् राजचन्द्र' (गुज०) पत्र क्र० ९५१।

श्री लघुराजस्वामी (प्रभुश्री) ने उनके प्रति अपना हृदयोद्गार इन शब्दोंमें प्रगट किया है : "अपरमार्थमें परमार्थके दृढ़ आग्रहरूप अनेक सूक्ष्म भूलभुलैयाँके प्रसग दिखाकर इस दासके दोष दूर करनेमें इन आप्त पुरुषका परम सत्संग तथा उत्तम बोध प्रबल उपकारक बने है।" "संजीवनी औषध समान मतको जीवित करे ऐसे उनके प्रबल पुरुपार्थ जागृत करनेवाले वचनोंका माहात्म्य विशेष विशेप भास्यमान होनेके साथ ठेठ मोक्षमे ले जाय ऐसी सम्यक् समझ (दर्शन) उस पुरुष और उसके बोधकी प्रतीतिसे प्राप्त होती है; वे इस दुषम कलिकालमें आश्चर्यकारी अवलवन है।" "परम माहात्म्यवंत सद्गुरु श्रीमद् राजचन्द्रदेवके वचनोंमें तल्लीनता, श्रद्धा जिसे प्राप्त हुई है; या होगी उसका महद् भाग्य है। वह भव्य जीव अल्पकालमें मोक्ष पाने योग्य है।[1]

उनकी स्मृतिमे शास्त्रमालाकी स्थापना

सं० १९५६ में[2] सत्श्रुतके प्रचार हेतु बम्बईमें श्रीमद्‌जीने परमश्रुतप्रभावकमण्डलकी स्थापना की थी। उसीके तत्त्वावधानमे उनकी स्मृतिस्वरूप श्रीरायचन्द्र जैन शास्त्रमालाकी स्थापना हुई। जिसकी ओरसे अब तक समयसार, प्रवचनसार, गोम्मटसार, स्वामिकार्तिकेयानुप्रेक्षा, परमात्म-प्रकाश और योगसार, पुरुषार्थसिद्ध्युपाय, इष्टोपदेश, प्रशमरतिप्रकरण, न्यायावतार, स्याद्वाद-मञ्जरी, अष्टप्राभृत, सभाष्यतत्त्वार्थाधिगमसूत्र, ज्ञानार्णव, बृहद्द्रव्य संग्रह, पचास्तिकाय, लब्धि-सार-क्षपणासार, द्रव्यानुयोगतर्कणा, सप्तभगीतरगिणी, उपदेशछाया और, आत्मसिद्धि, भावनाबोध-मोक्षमाला, श्रीमद्राजचन्द्र आदि ग्रन्थ प्रकाशित हो चुके है। वर्तमानमें संस्थाके प्रकाशनका सब काम अगाससे ही होता है। विक्रयकेन्द्र बम्बईमे भी पूर्वस्थानपर ही है। श्रीमद्राजचन्द्र आश्रम, अगाससे गुजराती भाषामे अन्य भी उपयोगी ग्रन्थ छपे है।

वर्तमानमे निम्नलिखित स्थानोपर श्रीमद्राजचन्द्र आश्रम व मन्दिर आदि संस्थाएँ स्थापित है, जहाँ पर मुमुक्षु-बन्धु मिलकर आत्मकल्याणार्थ वीतराग-तत्त्वज्ञानका लाभ उठाते है। वे स्थान है—अगास, ववाणिया, राजकोट, बड़वा, खंभात, काविठा, सीमरडा, भादरण, नार, सुणाव, नरोड़ा, सडोदरा, धामण, अहमदाबाद, ईडर, सुरेन्द्रनगर, वसो, वटामण, उत्तरसंडा, बीरसद, आहोर (राज०) हम्पी (दक्षिण भारत), इन्दौर (म० प्र०); बम्बई-घाटकोपर, देवलाली तथा मोम्बासा (आफ्रिका)।

अन्तमे, वीतराग-विज्ञानके निधान तीर्थंकरादि महापुरुषोद्वारा उपदिष्ट सर्वोपरि- आत्म-धर्मका अविरल प्रवाह जन-जनके अन्तरमें प्रवाहित हो, यही भावना है।

श्रीमद् राजचन्द्र आश्रम
स्टे० अगास, पो० वोरिया
वाया. आणंद (गुजरात)

—बाबूलाल सिद्धसेन जैन

नमः सिद्धेभ्यः

श्रीमत्पूज्यपादस्वामि-विरचित

इष्टोपदेश

श्रीपण्डित–आशाधरकृत संस्कृतटीका

और

भाषानुवाद सहित

उत्थानिका

टीकाकारका मंगलाचरण ।

परमात्मानमानम्य, मुमुक्षुः स्वात्मसंविदे ।
इष्टोपदेशमाचष्टे, स्वशक्त्याशाधरः स्फुटम् ॥

तत्रादौ यो यद्गुणार्थी स तद्गुणोपेतं पुरुषविशेषं नमस्करोतीति परमात्मगुणार्थी ग्रन्थकर्ता परमात्मानं नमस्करोति, तद्यथा;—

जो जिस गुणको चाहनेवाला हुआ करता है वह उस उस गुण सम्पन्न पुरुष विशेषको नमस्कार किया करता है। यह एक सामान्य सिद्धान्त है। परमात्माके गुणोंको चाहनेवाले ग्रन्थकार पूज्यपादस्वामी हैं, अतः सर्वप्रथम वे परमात्माको नमस्कार करते हैं।

मूलग्रन्थकर्ताका मंगलाचरण।

श्लोक—यस्य स्वयं स्वभावाप्तिरभावे कृत्स्नकर्मणः ।
तस्मै संज्ञानरूपाय नमोऽस्तु परमात्मने ॥ १ ॥

अन्वय—यस्य कृत्स्नकर्मणः अभावे स्वयं स्वभावाप्तिः तस्मै संज्ञानरूपाय परमात्मने नमः अस्तु ।

टीका—अस्तु भवतु । किं तन्नमः नमस्कारः । कस्मै, तस्मै परमात्मने । परमः अनाध्येयाप्रहेयातिशय[1]-त्वात्सकलसंसारिजीवेभ्यः उत्कृष्ट आत्मा चेतनः परमात्मा तस्मै । किंविशिष्टाय, सज्ज्ञानरूपाय सम्यक्सकलार्थ-साक्षात्कारित्वादितदत्यन्तसूक्ष्मत्वादीनामपि लाभात्कर्मसंहन्तृत्वादेरपि विकारस्य त्यागाच्च संपूर्णज्ञानं स्वपराव-बोधस्तदेव रूपं यस्य तस्मै । एवमाराध्यस्वरूपमुक्त्वा तत्प्राप्त्युपायमाह । यस्याभूत्कासौ स्वभावाप्तिः स्वभावस्य

---

१. अनारोपि अप्रतिहत ।

निर्मलनिश्चलचिद्रूपस्य आप्तिर्लब्धिः कथंचित्तादात्म्यपरिणतिः । कृतकृत्यतया स्वरूपेऽवस्थितिरित्यर्थ तेन, स्वयं संपूर्णरत्नत्रयात्मनात्मना । क्व सति, अभावे शक्तिरूपतया विनाशे । कस्य, कृत्स्नकर्मण. । कृत्स्नस्य सकलस्य द्रव्यभावरूपस्य कर्मणः आत्मपारतन्त्र्यनिमित्तस्य ॥ १ ॥

अथ शिष्यः प्राह स्वस्य स्वयं स्वरूपोपलब्धिः कथमिति । स्वस्यात्मन' स्वयमात्मना स्वरूपस्य सम्यक्त्वादि-गुणाष्टकाभिव्यक्तिरूपस्य उपलब्धिः कथ केनोपायेन दृष्टान्ताभावादिति । अत्राचार्यः समाधत्ते;—

अर्थ—जिसको सम्पूर्ण कर्मोके अभाव होनेपर स्वयं ही स्वभावकी प्राप्ति हो गई है, उस सम्यक्ज्ञानरूप परमात्माको नमस्कार हो ।

विशदार्थ—जिसे आत्माकी परतन्त्रता (पराधीनता) के कारणभूत द्रव्य एवं भावरूप समस्त कर्मोके, सम्पूर्ण रत्नत्रयात्मक स्वरूपके द्वारा, सर्वथा नष्ट हो जानेसे निर्मल निश्चल चैतन्य-रूप स्वभाव (कथंचित् तादात्म्य परिणति) की प्राप्ति हो गई है, उस सम्पूर्ण ज्ञानस्वरूप आत्माको जो कि मुख्य एवं अप्रतिहत अतिशयवाला होनेसे समस्त सासारिक प्राणियोसे उत्कृष्ट है, नमस्कार हो ॥ १ ॥

दोहा—स्वयं कर्म सब नाश करि, प्रगटायो निजभाव ।
परमातम सर्वज्ञको, वंदो करि शुभ भाव ॥१॥

"स्वयं स्वभावाप्ति" इस पदको सुन शिष्य बोला—कि "आत्माको स्वयं ही सम्यक्त्व आदिक अष्ट गुणोकी अभिव्यक्तिरूप स्वरूपकी उपलब्धि (प्राप्ति) कैसे (किस उपायसे) हो जाती है ? क्योकि स्व-स्वरूपकी स्वय प्राप्तिको सिद्ध करनेवाला कोई दृष्टान्त नही पाया जाता है, और विना दृष्टान्तके उपरिलिखित कथनको कैसे ठीक माना जा सकता है ? आचार्य इस विषयमे समाधान करते हुए लिखते है कि—

योग्योपादानयोगेन, दृषदः स्वर्णता मता ।
द्रव्यादिस्वादिसंपत्तावात्मनोऽप्यात्मता मता ॥ २ ॥

अन्वय—(यथा) योग्योपादानयोगेन दृषद' स्वर्णता मता (तथा) आत्मन. अपि द्रव्यादि-स्वादिसम्पत्तौ आत्मता मता ।

टीका – मता अभिप्रेता लोकैः । कासौ, स्वर्णता सुवर्णभावः । कस्य, दृषदः सुवर्णाविर्भावयोग्यपाषाणस्य । केन, योग्याना सुवर्णपरिणामकरणोचितानामुपादानाना कारणाना योगेन मेलापकेन संपत्त्या यथा । एवमात्म-नोऽपि पुरुषस्यापि न केवल दृषद इत्यपिशब्दार्थं । मता कथिता । कासौ, आत्मता । आत्मनो जीवस्य भावो निर्मलनिश्चलचैतन्यं । कस्यां सत्या, द्रव्यादिस्वादिसंपत्तौ द्रव्यमन्वयिभाव. आदिर्येषा क्षेत्रकालभावाना ते च ते स्वादयश्च सुशब्द' स्वशब्दो वा आदिर्येषा ते स्वादयो द्रव्यदयश्च स्वादयश्च । इच्छातो विशेषणविशेष्यभाव इति समासः । सुद्रव्य सुक्षेत्र सुकाल' सुभाव इत्यर्थः । सुशब्दः प्रशंसार्थ. । प्राशस्त्यं चात्र प्रकृतकार्योपयोगित्वं द्रव्यादिस्वादीनां संपत्ति' सपूर्णता, तस्या सत्याम् ।

अथ शिष्य प्राह—तर्हि व्रतादीनामानर्थक्यमिति । भगवन् यदि सुद्रव्यादिसामग्र्या सत्यामेवायमात्मा स्वात्मानमुपलप्स्यते तर्हि व्रतानि हिंसाविरत्यादीनि आदयो येषा समित्यादीना तेषामानर्थक्यं निष्फलत्वं स्यादभि-प्रेतोया. स्वात्मोपलब्धे सुद्रव्यादिसंपत्त्यपेक्षत्वादित्यर्थः । अत्राचार्यो निषेधमाह—तन्नेति । वत्स ! यस्त्वया

१ ज्ञानावरणादिद्रव्यकर्माणि, रागद्वेषादयो भावकर्माणि । २. मेलापकेन । ३. कस्यां सामग्र्यां विद्यमानायाम् । ४ प्रारब्धकार्यसाधकत्वम् । ५. वाञ्छितायाः ।

न्निर्मितं व्रतादीनामानर्थक्यं तन्न भवति। तेषामपूर्वशुभकर्मनिरोधेनोपार्जिताशुभकर्मैकदेशक्षपणेन च सफलत्वात्तदनुरागलक्षणशुभोपयोगजनितपुण्यस्य च स्वर्गादिपदप्राप्तिनिमित्तत्वादेव च व्यक्ती कर्तुं वक्ति;— ॥ २ ॥

अर्थ—योग्य उपादान कारणके संयोगसे जैसे पाषाणविशेष स्वर्ण बन जाता है, वैसे ही सुद्रव्य सुक्षेत्र आदि रूप सामग्रीके मिलनेपर जीव भी चैतन्यस्वरूप आत्मा हो जाता है।

विशदार्थ—योग्य (कार्योत्पादनसमर्थ) उपादान कारणके मिलनेसे पाषाणविशेष-जिसमें सुवर्णरूप परिणमने (होने) की योग्यता पाई जाती है वह जैसे स्वर्ण बन जाता है, वैसे ही अच्छे (प्रकृत कार्यके लिए उपयोगी) द्रव्य, क्षेत्र, काल, भावोंकी सम्पूर्णता होनेपर जीव (संसारी आत्मा) निश्चल चैतन्यस्वरूप हो जाता है। दूसरे शब्दोंमे, ससारी प्राणी जीवात्मासे परमात्मा बन जाता है।

दोहा—स्वर्ण पाषाण सुहेतु से, स्वयं कनक हो जाय।
सुद्रव्यादि चारों मिलें, आप शुद्धता थाय॥ २॥

शंका—इस कथनको सुन शिष्य बोला कि भगवन्! यदि अच्छे द्रव्य, क्षेत्र, काल, भावरूप सामग्रीके मिलनेसे ही आत्मा स्व स्वरूपको प्राप्त कर लेता है, तब फिर व्रत समिति आदिका पालन करना निष्फल (निरर्थक) हो जायगा। व्रतोंका परिपालन कर व्यर्थमें ही शरीरको कष्ट देनेसे क्या लाभ?

समाधान—आचार्य उत्तर देते हुए बोले—हे वत्स! जो तुमने यह शंका की है कि व्रतादिकोंका परिपालन निरर्थक हो जायगा, सो बात नहीं है, कारण कि वे व्रतादिक नवीन शुभ कर्मोंके बंधके कारण होनेसे, तथा पूर्वोपार्जित अशुभ कर्मोंके एकदेश क्षयके कारण होनेसे सफल एवं सार्थक है। इतना ही नहीं किन्तु व्रतसम्बन्धी अनुरागलक्षणरूप शुभोपयोग होनेसे पुण्यकी उत्पत्ति होती है। और वह पुण्य स्वर्गादिक पदोंकी प्राप्तिके लिए निमित्त कारण होता है। इसलिये भी व्रतादिकोंका आचरण सार्थक है। इसी बातको प्रगट करनेके लिए आचार्य आगेका श्लोक कहते हैं—॥ २॥

वरं व्रतैः पदं दैवं, नाव्रतैर्वत नारकं।
छायातपस्थयोर्भेदः, प्रतिपालयतोर्महान्॥ ३॥

अन्वय—व्रतैः दैवं पद वरं, वत अव्रतैः नारकं पदं न वरं प्रतिपालयतोः छायातपस्थयोः महान् भेदः (अस्ति)।

टीका—वरं भवतु। किं तत्? पद स्थानं। किंविशिष्टं, दैवं देवानामिदं दैवं स्वर्गः। कैर्हेतुभिर्व्रतैर्व्रतादिविषयरागजनितपुण्यैः तेषां स्वर्गादिपदाभ्युदयनिबन्धनत्वेन सकलजनसुप्रसिद्धत्वात्। तर्ह्यव्रतान्यपि तथाविधानि भविष्यन्तीत्याशङ्क्याह। नेत्यादि। न वरं भवति। किं तत्? पदं। किंविशिष्टं, नारकं नरकसंबन्धि। कैः, अव्रतैः हिंसादिपरिणामजनित पातकैः। वतेति खेदे कष्टे वा। तर्हि व्रताव्रतनिमित्तयोरपि देवनारकपदयोः साम्यं भविष्यतीत्याशङ्क्याह तयोर्महदन्तरमिति दृष्टान्तेन प्रकटयन्नाह—छायेत्यादि। भवति। कोऽसौ? भेदः अन्तरं। किंविशिष्टो, महान् बृहन्। कयोः पथिकयोः। किं कुर्वतोः, स्वकार्यवशात्स्वसमागतं तृतीयं स्वसार्थिकमागच्छन्तं पथि प्रतिपालयतोः प्रतीक्षमाणयोः। किंविशिष्टयोः छायातपस्थयोः। छाया च आतपश्च छायातपौ तयोः स्थितयोः। अयमर्थो, यथैव छायास्थितस्य स्वकीयागमनकालं यावत्सुखेन तिष्ठति तावदन्यस्तस्य दुःखेन तिष्ठति तथा व्रतादीनि कुर्वाणो जीवो यावत् सुद्रव्यादयो मुक्तिहेतवो वा संपद्यन्ते तावत्स्वर्गादिपदेषु सुखेन तिष्ठति अन्यस्तु नरकादिपदेषु दुःखेन। अत एव व्रतादिषु प्रयत्नो युक्तः। एवमात्मनि भक्तिरयुक्ता स्यादिति

भगवन्नेवं चिरभाविमोक्षसुखस्य व्रतसाध्ये संसारसुखे सिद्धे सत्यात्मनि चिद्रूपे भक्तिर्भावविशुद्ध आन्तरोऽनुरागो अयुक्ता अनुपरम्या स्याद्भवेत् तत्साध्यस्य मोक्षसुखस्य सुद्रव्यादिसंपत्त्यपेक्षया दूरवर्तित्वादवान्तरप्राप्यस्य च स्वर्गादिसुखस्य व्रतैकसाध्यत्वात् । अत्राप्याचार्यः समाधत्ते—तदपि नेति । न केवलं व्रतादीनामानर्थक्यं भवेत् । किं तर्हि, तदप्यात्मभक्तत्वनुपपत्तिप्रकाशनमपि त्वया क्रियमाणं न साधु स्यादित्यर्थः । यतः—॥ ३ ॥

अर्थ—व्रतोके द्वारा देव-पद प्राप्त करना अच्छा है, किन्तु अव्रतोके द्वारा नरक-पद प्राप्त करना अच्छा नही है। जैसे छाया और धूपमे बैठनेवालोंमे अन्तर पाया जाता है, वैसे ही व्रत और अव्रतके आचरण व पालन करनेवालोमे फर्क पाया जाता है।

विशदार्थ—अपने कार्यके वशसे नगरके भीतर गये हुए तथा वहाँसे वापिस आनेवाले अपने तीसरे साथीकी मार्गमें प्रतीक्षा करनेवाले जिनमेसे एक तो छायामें बैठा हुआ है, और दूसरा धूपमे बैठा हुआ है-दो व्यक्तियोमे जैसे बडा भारी अन्तर है, अर्थात् छायामें बैठनेवाला तीसरे पुरुषके आनेतक सुखसे बैठा रहता है, और धूपमे बैठनेवाला दु.खके साथ समय व्यतीत करता रहता है। उसी तरह जबतक जीवको मुक्तिके कारणभूत अच्छे द्रव्य, क्षेत्र, काल भाव आदिक प्राप्त होते है, तबतक व्रतादिकोंका आचरण करनेवाला स्वर्गादिक स्थानोमे आनन्दके साथ रहता है। दूसरा व्रतादिकोको न पालता हुआ असयमी पुरुप नरकादिक स्थानोमे दुःख भोगता रहता है। अतः व्रतादिकोंका परिपालन निरर्थक नही, अपि तु सार्थक है।

दोहा—मित्र राह देखत खड़े, इक छाया इक धूप।
व्रतपालनसे देवपद, अव्रत दुर्गति कूप॥ ३॥

शंका—यहाँपर शिष्य पुनः प्रश्न करता हुआ कहता है—"यदि उपरिलिखित कथनको मान्य किया जायगा, तो चिद्रूप आत्मामे भक्ति भाव (विशुद्ध अतरंग अनुराग) करना अयुक्त ही हो जायगा? कारण कि आत्मानुरागसे होनेवाला मोक्षरूपी सुख तो योग्य द्रव्य, क्षेत्र, काल, भावादिरूप सम्पत्तिकी प्राप्तिकी अपेक्षा रखनेके कारण बहुत दूर हो जायगा और बीचमें ही मिलने-वाला स्वर्गादि-सुख व्रतोके साहाय्यसे मिल जायगा। तब फिर आत्मानुराग करनेसे क्या लाभ? अर्थात् सुखार्थी साधारण जन आत्मानुरागकी ओर आकर्षित न होते हुए व्रतादिकोकी ओर ही अधिक झुक जायँगे।

समाधान—शकाका निराकरण करते हुए आचार्य बोले, "व्रतादिकोका आचरण करना निरर्थक नही है।" (अर्थात् सार्थक है) इतनी ही बात नही किन्तु आत्म-भक्तिको अयुक्त बतलाना भी ठीक नही है। इसी कथनकी पुष्टि करते हुए आगे श्लोक लिखते है :—॥ ३ ॥

यत्र भावः शिवं दत्ते, द्यौः कियद्दूरवर्तिनी।
यो नयत्याशु गव्यूतिं, क्रोशार्धे किं स सीदति? ॥ ४ ॥

अन्वय—यत्र भावः शिवं दत्ते तत्र द्यौ कियद्दूरवर्तिनी, यः गव्यूतिं आशु नयति सः किं क्रोशार्धे सीदति?।

टीका—यत्रात्मनि विषये प्रणिधाने भावः कर्त्ता दत्ते प्रयच्छति। किं तच्छिवं मोक्षं, भावकाय भव्यायेति शेषः। तस्यात्मविषयस्य शिवदानसमर्थस्य भावस्य द्यौः स्वर्गः कियद्दूरवर्तिनी कियद्दूरे किंपरिमाणे व्यवहितदेशे

१. मध्यलम्यस्य। २. अयुक्ति.।

वर्तते ? निकट एव तिष्ठतीत्यर्थः । स्वात्मध्यानोपात्तपुण्यस्य तदेकफलत्वात् । तथा चोक्तं—

"गुरूपदेशमासाद्य ध्यायमानः समाहितैः । अनन्तशक्तिरात्मायं भुक्तिं मुक्तिं च यच्छति ॥ १९६ ॥
ध्यातोऽर्हत्सिद्धरूपेण चरमाङ्गस्य मुक्तये । तद्ध्यानोपात्तपुण्यस्य स एवान्यस्य भुक्तये" ॥ १९७ ॥
(तत्त्वानुशासन)

अमुमेवार्थं दृष्टान्तेन स्पष्टयन्नाह–य इत्यादि । यो वाहीको नयति, प्रापयति । किं, स्ववाह्यं भारं । का, गव्यूतिं क्रोशयुगं । कथम्, आशु शीघ्रं । स किं क्रोशार्धे स्वभा[1]रं नयन् सीदति खिद्यते ? न खिद्यत इत्यर्थः । महाशक्तावल्पशक्तेः सुघटत्वात् ।

अथैवमात्मभक्तेः स्वर्गगतिसाधनत्वेऽपि समर्थिते प्रतिपा[2]द्यस्तत्फलजिज्ञासया[3] गुरुं पृच्छति—स्वर्गे गताना किं फलमिति ? स्पष्टं गुरुरुत्तरयति—॥ ४ ॥

अर्थ--आत्मामें लगा हुआ जो परिणाम भव्य प्राणियोंको मोक्ष प्रदान करता है, उस मोक्ष देनेमें समर्थ आत्मपरिणामके लिये स्वर्ग कितना दूर है ? न कुछ । वह तो उसके निकट ही समझो । अर्थात् स्वर्ग तो स्वात्मध्यानसे पैदा किये पुण्यका एक फलमात्र है । ऐसा ही कथन अन्य ग्रन्थोंमें भी पाया जाता है । तत्त्वानुशासनमें कहा है '—' गुरूपदेशमासाद्य०"

"गुरुके उपदेशको प्राप्त कर सावधान हुए प्राणियोंके द्वारा चिन्तवन किया गया यह अनन्त शक्तिवाला आत्मा चिंतवन करनेवालेको भुक्ति और मुक्ति प्रदान करता है । इस आत्माको अरहंत और सिद्धके रूपमें चिंतवन किया जाय तो यह चरमशरीरीको मुक्ति प्रदान करता है और यदि चरमशरीरी न हो तो उसे वह आत्म-ध्यानसे उपार्जित पुण्यकी सहायतासे भुक्ति (स्वर्ग चक्रवर्त्यादिके भोगों) को प्रदान करनेवाला होता है ।"

श्लोककी नीचेकी पंक्तिमें उपरिलिखित भावको दृष्टान्त द्वारा समझाते हैं—

देखो जो भारको ढोनेवाला अपने भारको दो कोसतक आसानी और शीघ्रताके साथ ले जा सकता है, तो क्या वह अपने भारको आधा कोस ले जाते हुए खिन्न होगा ? नहीं । भारको ले जाते हुए खिन्न न होगा । बडी शक्तिके रहने या पाये जानेपर अल्प शक्तिका पाया जाना तो सहज (स्वाभाविक) ही है ।

दोहा—आतमभाव यदि मोक्षप्रद, स्वर्ग है कितनी दूर ।
दोय कोस जो ले चले, आध कोस सुख पूर ॥ ४ ॥

इस प्रकारसे आत्म-भक्तिको जब कि स्वर्ग-सुखोंका कारण बतला दिया गया तब शिष्य पुनः कुतूहलकी निवृत्तिके लिये पूछता है कि "स्वर्गमें जानेवालोंको क्या फल मिलता है ?" ॥ ४ ॥

आचार्य इसका स्पष्ट रीतिसे उत्तर देते हुए लिखते हैं—

हृषीकजमनातङ्कं दीर्घकालोपलालितम् ।
नाके नाकौकसां सौख्यं, नाके नाकौकसामिव ॥ ५ ॥

अन्वय—नाके नाकौकसां हृषीकजं अनातङ्कं दीर्घकालोपलालित सौख्यं नाके नाकौकसामिव (भवति) ।

---

१. वाह्य । २. शिष्य. । ३. ज्ञातुमिच्छया ।

टीका—वरम अस्ति। किं तत्, सौख्यं शर्म। केषा, नाकौकसा देवानां न पुनः स्वर्गेऽपि जातानामेकेन्द्रियाणाम्। क्व वसता, नाके स्वर्गे। न पुन क्रीडादिवशाद्रमणीयपर्वतादौ। किमतीन्द्रियं तत् नेत्याह—हृषीकजं हृषीकेभ्य समीहितानन्तरमुपस्थितं निजं निजं विषयमनुभवद्भ्यः स्पर्शनादीन्द्रियेभ्य' सर्वाङ्गीणा[1] ल्हादनाकारतया प्रादुर्भूत। तथा राज्यादिसुखवत् सातङ्कं भविष्यतीत्याशङ्कापनोदार्थमाह—अनातङ्कं, न विद्यते आतंक' प्रतिपक्षादिकृतश्चित्तक्षोभो यत्र। तथापि भोगभूमिजसुखवदल्पकालभोग्यं भविष्यतीत्याशकायामाह—दीर्घकालोपलालितं दीर्घकाल सागरोपमपरिच्छिन्नकालं यावदुपलालितमाज्ञाविधेयैर्[2]देवदेवीस्वविलासिनीभिः क्रियमाणोपचारत्वा[3]दुत्कर्षं प्रापितम्। तर्हि क्व केषामिव तदित्याह, नाके नाकौकसामिव स्वर्गे देवाना यथा अनन्योपममित्यर्थ। अत्र शिष्य' प्रत्यवतिष्ठते[4]—यदि स्वर्गेऽपि सुखमुत्कृष्टं किमपवर्गप्रार्थनयेति। भगवन् यदि स्वर्गेऽपि न केवलमपवर्गे सुखमस्ति। कीदृशम्? उत्कृष्टं मर्त्यादिसुखातिशायि तर्हि किं कार्यं? कया, अपवर्गस्य मोक्षस्य प्रार्थनया—अपवर्गो मे भूयादित्यभिलाषेण॥ ५॥

एवं च संसारसुखे एव निर्बन्धं[5] कुर्वन्तं प्रबोध्य[6] तत्सुखदुःखस्य भ्रान्तत्वप्रकाशनाय आचार्य प्रबोधयति।—

अर्थ—स्वर्गमे निवास करनेवाले जीवोंको स्वर्गमें वैसा ही सुख होता है, जैसा कि स्वर्गमे रहनेवालो (देवो) को हुआ करता है. अर्थात् स्वर्गमे रहनेवाले देवोका ऐसा अनुपमेय (उपमा रहित) सुख हुआ करता है कि उस सरीखा अन्य सुख बतलाना कठिन ही है। वह सुख इन्द्रियोंसे पैदा होनेवाला आतकसे रहित और दीर्घ कालतक बना रहनेवाला होता है।

विशदार्थ—हे बालक! स्वर्गमें निवास करनेवालोको न कि स्वर्गमे पैदा होनेवाले एकेन्द्रियादि जीवोको। स्वर्गमे, न कि क्रीडादिकके वशसे रमणोक पर्वतादिकमे ऐसा सुख होता है, जो चाहनेके अनन्तर ही अपने विषयको अनुभव करनेवाली स्पर्शनादिक इन्द्रियोसे सर्वांगीण हर्षके रूपमे उत्पन्न हो जाता है। तथा जो आतक (शत्रु आदिकोके द्वारा किये गये चित्तक्षोभ) से भी रहित होता है, अर्थात् वह सुख राज्यादिकके सुखके समान आतकसहित नही होता है। वह सुख भोगभूमिमे उत्पन्न हुए सुखकी तरह थोडे कालपर्यन्त भोगनेमे आनेवाला भी नही है। वह तो उल्टा, सागरोपम कालतक. आज्ञामे रहनेवाले देव देवियोके द्वारा की गई सेवाओसे समय समय बढा चढा ही पाया जाता है।

'स्वर्गमे निवास करनेवाले प्राणियोका (देवोंको) सुख स्वर्गवासी देवोके समान ही हुआ करता है।' इस प्रकारसे कहने या वर्णन करनेका प्रयोजन यही है कि वह सुख अनन्योपम है। अर्थात् उसकी उपमा किसी दूसरेको नही दी जा सकती है। लोकमे भी जब किसी चोजकी अति हो जाती है, तो उसके द्योतन करनेके लिए ऐसा ही कथन किया जाता है, जैसे "भैया! राम रावणका युद्ध तो राम रावणके युद्ध समान ही था। रामरावणयोर्युद्ध रामरावणयोरिव।"

अर्थात्, इस पक्तिमे युद्ध सम्बन्धी भयंकरताकी पराकाष्ठाको जैसा द्योतित किया गया है। ऐसा ही सुखके विषयमे समझना चाहिये॥ ५॥

दोहा—इन्द्रियजन्य निरोगमय, दीर्घकाल तक भोग्य।
स्वर्गवासि देवानिको, सुख उनहीके योग्य॥ ५॥

शंका—इस समाधानको सुन शिष्यको पुन' शंका हुई और वह कहने लगा—"भगवन्!

---

१ सर्वमङ्गं व्योप्नोति। २ आदेशवशर्वात। ३ सेवा। ४ पूर्वपक्षं करोति। ५ हठम्। ६ शिष्यम्।

न केवल मोक्षमें, किन्तु यदि स्वर्गमें भी, मनुष्यादिकोंसे बढ़कर उत्कृष्ट सुख पाया जाता है, तो फिर "मुझे मोक्षकी प्राप्ति हो जावे" इस प्रकारकी प्रार्थना करनेसे क्या लाभ ?"

संसार सम्बन्धी सुखमें ही सुखका आग्रह करनेवाले शिष्यको 'संसार सम्बन्धी सुख और दुःख भ्रान्त हैं।' यह बात बतलानेके लिये आचार्य आगे लिखा हुआ श्लोक कहते हैं—

वासनामात्रमेवैतत् सुखं दुःखं च देहिनाम् ।
तथा ह्युद्वेजयन्त्येते, भोगा रोगा इवापदि ॥ ६ ॥

अन्वय—देहिनां सुखं दुःखं च वासनामात्रम् एव । तथाहि, एते भोगा आपदि रोगा इव उद्वेजयन्ति ।

टीका—एतत् प्रतीयमानमैन्द्रियकं सुखं दुःखं चास्ति । कीदृशं वासनामात्रमेव जीवस्योपकारकत्वा-पकारकत्वाभावेन परमार्थतो देहादावुपेक्षणीये[1] तत्त्वानवबोधादिदं ममेष्टमुपकारकत्वादिदं चानिष्टमपकार-कत्वादिति विभ्रमाज्जातः संस्कारो वासना इष्टानिष्टार्थानुभवानन्तरमुद्भूतः स्वसंवेद्य आभिमानिकः परि-णामः । वासनैव, न स्वाभाविकमात्मस्वरूपमित्यर्थः।मात्रशब्दस्य अर्थो मात्र इति स्वयोग्यव्यवस्थापकश्चैवशब्दः । केषामेतदेवंभूतमस्तीत्याह । देहिना देह एवात्मत्वेन गृह्यमाणोऽस्तीति देहिनो बहिरात्मानस्तेषाम् । एतदेव समर्थयितुमाह—तथाहीत्यादि । उक्तार्थसमर्थनार्थस्तथाहीति शब्दः । उद्वेजयन्ति उद्वेगं कुर्वन्ति, न सुखयन्ति ते, एते सुखजनकत्वेन लोके प्रतीता भोगा रमणीयरमणीप्रमुखा इन्द्रियार्थाः । के इव, रोगा इव ज्वरादिव्याधयो यथा । कस्यां सत्याम् ? आपदि दुर्निवारवैरिप्रभृतिसंपादितदौर्मनस्यलक्षणायां विपदि । तथा चोक्तम्—"मुञ्चाङ्गं ग्लपयस्यलं क्षिप कुतोऽप्यक्षांश्च विद्भात्यदो, दूरे धेहि न हृष्य एष किमभूरन्या न वेत्सि क्षणम् । स्थेयं चेद्धि निरुद्धि गामिति तयोद्योगे द्विपः स्तो क्षिपन्त्याश्लेषकमुकांगरागललितालापैर्विधित्सु रतिम् ॥" अपि च "रम्यं हर्म्यं चन्दनं चन्द्रपादा, वेणुर्वीणा यौवनस्था युवत्यः । नैते रम्या क्षुत्पिपासार्दितानां सर्वारम्भास्तन्दुला:-प्रस्थमूलाः ॥"

तथा । आतपे धृतिमता सह वध्वा यामिनीविरहिणा विहगेन । सेहिरे न किरणा हिमरश्मेर्दुःखिते मनसि सर्वमसह्यमित्यादि । अतो ज्ञायते ऐन्द्रियकं सुखं वासनामात्रमेव, नात्मनः स्वाभाविकमाकुलत्वस्व-भावम् । कथमन्यथा लोके सुखजनकत्वेन प्रतीतानामपि भावाना दुःखहेतुत्वम् । एवं दुःखमपि । अत्राह पुनः शिष्यः—एते सुखदुःखे खलु वासनामात्रे, कथं न लक्ष्यते इति । खल्विति वाक्यालंकारे निश्चये वा । कथं केन प्रकारेण न लक्ष्येते न संवेद्येते, लोकैरिति शेषः । शेषं स्पष्टम् ॥ ६ ॥

अत्राचार्यः प्रबोधयति—

अर्थ—देहधारियोंको जो सुख और दुःख होता है, वह केवल कल्पना (वासना या संस्कार) जन्य ही है। देखो ! जिन्हें लोकमें सुख पैदा करनेवाला समझा जाता है, ऐसे कमनीय कामिनी आदिक भोग भी आपत्ति (दुर्निवार, शत्रु आदिके द्वारा की गई बेचैनी) के समयमें रोगो (ज्वरा-दिक व्याधियो) की तरह प्राणियोंको आकुलता पैदा करनेवाले होते है। यही बात सासारिक प्राणियोके सुख-दुःखके सम्बन्धमे है।

विशदार्थ—ये प्रतीत (मालूम) होनेवाले जितने इन्द्रियजन्य सुख व दुःख है, वे सब वासनामात्र ही है। देहादिक पदार्थ न जीवके उपकारक ही है और न अपकारक ही। अतः परमार्थसे वे (पदार्थ) उपेक्षणीय ही है। किंतु तत्त्वज्ञान न होनेके कारण—'यह मेरे लिये इष्ट

---

[1] त्यजनीये।

है—उपकारक होनेसे' तथा 'यह मेरे लिये अनिष्ट है—अपकारक होनेसे।' ऐसे विभ्रमसे उत्पन्न हुए सस्कार जिन्हे वासना भी कहते है—इस जीवके हुआ करते है। अतः ये सुख दुःख विभ्रमसे उत्पन्न हुए सस्कारमात्र ही है, स्वाभाविक नही। ये सुख दु.ख उन्हीको होते है जो देहको ही आत्मा माने रहते है। ऐसा ही कथन अन्यत्र भी पाया जाता है—"मुचाग"

अर्थ—इस श्लोकमें दम्पतियुगलक वार्तालापका उल्लेख कर यह बतलाया गया है कि वे विषय जो पहिले अच्छे मालूम होते थे, वे ही मनके दुःखी होनेपर बुरे मालूम होते है।' घटना इस प्रकार है—पति-पत्नी दोनो परस्परमे सुख मान, लेटे हुए थे कि पति किसी कारणसे चिंतित हो गया। पत्नी पतिसे आलिंगन करनेकी इच्छासे अंगोको चलाने और रागयुक्त वचनालाप करने लगी। किन्तु पति जो कि चिंतित था, कहने लगा "मेरे अंगो को छोड, तू मुझे संताप पैदा करनेवाली है। हट जा। तेरी इन क्रियाओंसे मेरी छातीमें पीड़ा होती है। दूर हो जा। मुझे तेरी चेष्टाओसे विलकुल ही आनन्द या हर्ष नही हो रहा है।" "रम्यं हर्म्यं"

रमणीक महल, चन्दन, चन्द्रमाकी किरणें (चाँदनी), वेणु, वीणा तथा यौवनवती युवतियाँ (स्त्रियाँ) आदि योग्य पदार्थ भूख-प्याससे सताये हुए व्यक्तियोंको अच्छे नही लगते। ठीक भी है, अरे! सारे ठाटवाट सेरभर चाँवलोके रहनेपर ही हो सकते है। अर्थात् पेटभर खानेके लिए यदि अन्न मौजूद है, तब तो सभी कुछ अच्छा ही अच्छा लगता है। अन्यथा (यदि भरपेट खानेको न हुआ तो) सुन्दर एवं मनोहर गिने जानेवाले पदार्थ भी बुरे लगते है। इसी तरह और भी कहा है :—

"एक पक्षी (चिरवा) जो कि अपनी प्यारी चिरैयाके साथ रह रहा था, उसे धूपमें रहते हुए भी सतोप और सुख मालूम देता था। रातके समय जब वह अपनी चिरैयासे बिछुड़ गया, तब शीतल किरणवाले चन्द्रमाकी किरणोको भी सहन (बरदाश्त) न कर सका। उसे चिरैयाके वियोगमे चन्द्रमाकी ठंडी किरणे सन्ताप व दुःख देनेवाली ही प्रतीत होने लगी। ठीक ही है, मनके दुःखी होनेपर सभी कुछ असह्य हो जाता है, कुछ भी भला या अच्छा नही मालूम होता।"

इन सबसे मालूम पड़ता है कि इन्द्रियोसे पैदा होनेवाला सुख वासनामात्र ही है। आत्माका स्वाभाविक एवं अनाकुलतारूप सुख वासनामात्र नही है, वह तो वास्तविक है। यदि इन्द्रियजन्य सुख वासनामात्र-विभ्रमजन्य न होता तो ससारमे जो पदार्थ सुखके पैदा करनेवाले माने गये है वे ही दुःखके कारण कैसे हो जाते? अत. निष्कर्ष निकला कि देहधारियोका सुख केवल काल्पनिक ही है और इसी प्रकार उनका दु ख भी काल्पनिक है॥ ६॥

दोहा—विषयी सुख दुःख मानते, है अज्ञान प्रसाद।
भोग रोगवत् कष्टमें, तन मन करत विषाद॥ ६॥

शंका—ऐसा सुन शिष्य पुनः कहने लगा कि "यदि ये सुख और दु.ख वासनामात्र ही हैं तो वे लोगोको उसी रूपमे क्यो नही मालूम पडते है? आचार्य समझाते हुए बोले—

मोहेन संवृतं ज्ञानं, स्वभावं लभते न हि।
मत्तः पुमान् पदार्थानां यथा मदनकोद्रवैः॥ ७॥

अन्वय—हि मोहेन संवृत ज्ञानं तथैव स्वभावं न लभते यथा मदनकोद्रवैः मत्त' पुमान् पदार्थानां स्वभावं न लभते।

टीका—न हि नैव लभते परिच्छिनत्ति धातूनामनेकार्थत्वाल्लभेर्ज्ञानेपि वृत्तिस्तथा च लोको वक्ति यथास्य चित्त लब्धमिति । किं तत् कर्तृ, ज्ञानं धर्मधर्मिणोः कथचित्तादात्म्यादर्थग्रहणव्यापारपरिणत आत्मा । कं, स्वभावं स्वोऽसाधारणो अन्योऽन्यव्यतिकरे सत्यपि व्यक्त्यन्तरेभ्यो विवक्षितार्थस्य व्यावृत्तप्रत्ययहेतुर्भावो धर्मः स्वभावस्तम् । केषाम्, पदार्थाना सुखदुःखशरीरादीनाम् किंविशिष्टं सत् ज्ञानं, संवृतं प्रच्छादित वस्तुयाथात्म्यप्रकाशने अभिभूतसामर्थ्यम् । केन, मोहेन मोहनीयकर्मणो विपाकेन । तथा चोक्तम्—"मलविद्धमणेर्व्यक्तिर्यथा नैकप्रकारत' । कर्म्मविद्धात्मविज्ञप्तिस्तथा नैकप्रकारतः ॥ (लघीयस्त्रये)

नन्वमूर्तस्यात्मनः कथं मूर्तेन कर्मणाभिभवो युक्तः इत्यत्राह—मत्त इत्यादि । यथा नैव लभते । कोऽसौ, पुमान् व्यवहारी पुरुषः । कं, पदार्थाना घटपटादोनां स्वभावम् । किंविशिष्ट सन्, मत्तः जनितमदः । कैर्मदनकोद्रवैः । पुनराचार्य एव प्राह, विरात्रक इत्यादि । यावत् स्वभावमनासादयन् विसदृशान्यवगच्छतीति । शरीरादीनां स्वरूपमलभमान. पुरुषः शरीरादीनि अन्यथाभूतानि प्रतिपद्यत इत्यर्थः । अमुमेवार्थं स्फुटयति;—

अर्थ—मोहसे ढका हुआ ज्ञान, वास्तविक स्वरूपको वैसे ही नही जान पाता है, जैसे कि मद पैदा करनेवाले कोद्रव (कोदो) के खानेसे नशैल—बे-खबर हुआ आदमी पदार्थोको ठीक-ठीक रूपसे नही जान पाता है ।

विशदार्थ—मोहनीयकर्मके उदयसे ढका हुआ ज्ञान वस्तुओंके यथार्थ (ठीक ठोक) स्वरूपका प्रकाशन करनेमें दबी हुई सामर्थ्यवाला ज्ञान, सुख, दु ख, शरीर आदिक पदार्थोंके स्वभावको नही जान पाता है । परस्परमें मेल रहनेपर भी किसी विवक्षित (खास) पदार्थको अन्य पदार्थोंसे जुदा जतलानेके लिये कारणीभूत धर्मको (भावको) स्व असाधारण भाव कहते है । अर्थात् दो अथवा दोसे अधिक अनेक पदार्थोंके बीच मिले रहनेपर भी जिस असाधारण भाव (धर्म) के द्वारा किसी खास पदार्थको अन्य पदार्थोसे जुदा जान सके, उसी धर्मको उस पदार्थका स्वभाव कहते हैं ।

ऐसा ही अन्यत्र भी कहा है—"मलविद्ध०"

"मल सहित मणिका प्रकाश (तेज) जैसे एक प्रकारसे न होकर अनेक प्रकारसे होता है, वैसे ही कर्मसम्बद्ध आत्माका प्रतिभास भी एक रूपसे न होकर अनेक रूपसे होता है ।"

यहाँपर किसीका प्रश्न है कि—

अमूर्त्त आत्माका मूर्तिमान् कर्मोके द्वारा अभिभव (पैदा) कैसे हो सकता है ?

उत्तरस्वरूप आचार्य कहते है कि—

"नशेको पैदा करनेवाले कोद्रव-कोदो धान्यको खाकर जिसे नशा पैदा हो गया है, ऐसा पुरुष घट पट आदि पदार्थोके स्वभावको नही जान सकता, उसी प्रकार कर्मबद्ध आत्मा पदार्थोंके स्वभावको नही जान पाता है । अर्थात् आत्मा व उसका ज्ञान गुण यद्यपि अमूर्त्त है फिर भी मूर्तिमान् कोद्रवादि धान्योसे मिलकर वह बिगड़ जाता है । उसी प्रकार अमूर्त्त आत्मा मूर्त्तिमान् कर्मोंके द्वारा अभिभूत हो जाता है और उसके गुण भी दबे जा सकते है । ॥ ७ ॥

शरीर आदिकोंके स्वरूपको न समझता हुआ आत्मा शरीरादिकोको किसी दूसरे रूपमे ही मान बैठता है ।

दोहा—मोहकर्मके उदयसे, वस्तुस्वभाव न पात।
मदकारी कोदों भखे, उल्टा जगत लखात ॥ ७ ॥

इसी अर्थको आगेके श्लोकमें स्पष्टरीत्या विवेचित करते हैं—

वपुर्गृहं धनं दाराः, पुत्रा मित्राणि शत्रवः।
सर्वथान्यस्वभावानि, मूढः स्वानि प्रपद्यते ॥ ८ ॥

अन्वय—वपु गृह धनं दारा पुत्रा मित्राणि शत्रवः सर्वथा अन्यस्वभावानि (किन्तु) मूढ (तानि) स्वानि प्रपद्यते।

टीका—प्रपद्यते। कोसौ, मूढ स्वपरविवेकज्ञानहीन. पुमान्। कानि, वपुर्गृहादीनि वस्तूनि। किंविशिष्टानि, स्वानि स्वश्चात्मा स्वानि चात्मीयानि स्वानि। एकशेषाश्रयणादेकस्य स्वशब्दस्य लोपः। अयमर्थो दृढतममोहाविष्टो देहादिकमात्मानं प्रपद्यते। आत्मत्वेनाभ्युपगच्छति। दृढतरमोहाविष्टश्च आत्मीयत्वेन। किंविशिष्टानि सन्ति, स्वानि प्रपद्यत इत्याह। सर्वथान्यस्वभावानि सर्वेण द्रव्यक्षेत्रकालभावलक्षणेन प्रकारेण स्वस्वभावादन्यो भिन्न स्वभावो येषा तानि। किं किमित्याह। वपु शरीर तावदचेतनत्वादिस्वभावं प्रसिद्धमस्ति। एवं गृह धन दारा भार्या' पुत्रा' आत्मजा मित्राणि सुहृद शत्रवोऽमित्राः अत्र हितवर्गमुद्दिश्य दृष्टान्त'। अत्रैतेषु वपुरादिषु मध्ये हितानामुपकारकाणा दारादीना वर्गो गणस्तमुद्दिश्य विपर्यीकृत्य दृष्टान्त उदाहरणं प्रदर्श्यते। अस्माभिरिति शेप। तद्यथा,—

अर्थ—यद्यपि शरीर, घर, धन, स्त्री, पुत्र, मित्र, शत्रु आदि सब अन्य स्वभावको लिये हुए पर-अन्य है, परतु मूढ प्राणो मोहनीयकर्मके जालमें फँसकर इन्हे आत्माके समान मानता है।

विशदार्थ—स्व और परके विवेकज्ञानसे रहित पुरुष शरीर आदिक पर पदार्थोको आत्मा व आत्माके स्वरूप ही समझता रहता है। अर्थात् दृढतम मोहसे वश प्राणी देहादिकको (जो कि द्रव्य, क्षेत्र, काल, भाव लक्षणरूप हरेक प्रकारसे आत्म स्वभावसे भिन्न स्वभाववाले है) ही आत्मा मानता है और दृढतर मोहवाला प्राणो, उन्ही व वैसे हो शरोरादिकको आत्मा नही, अपि तु आत्माके समान मानता रहता है ॥ ८ ॥

दोहा—पुत्र मित्र घर तन तिया, धन रिपु आदि पदार्थ।
बिल्कुल निजसे भिन्न है, मानत मूढ़ निजार्थ ॥ ८ ॥

उत्थानिका—शरीर आदिक पदार्थ जो कि मोहवान् प्राणीके द्वारा उपकारक एव हितू समझे जाते है, वे सब कैसे हैं, इसको आगे श्लोकमे उल्लिखित दृष्टात द्वारा दिखाते है :—

दिग्देशेभ्यः खगा एत्य, संवसन्ति नगे नगे।
स्वस्वकार्यवशाद्यान्ति, देशे दिक्षु प्रगे प्रगे ॥ ९ ॥

अन्वय—खगा दिग्देशेभ्य' एत्य नगे नगे सवसन्ति, प्रगे प्रगे स्वस्वकार्यवशात् देशे दिक्षु यान्ति।

टीका—संवसन्ति मिलित्वा रात्रिं यावन्निवासं कुर्वन्ति। के ते, खगा पक्षिण। क्व क्व, नगे नगे वृक्षे वृक्षे। किं कृत्वा, एत्य आगत्य। केभ्यो, दिग्देशेभ्य दिश. पूर्वादयो दश देशस्तत्स्थैकदेशो अङ्गवङ्गादयस्तेभ्योऽवधिकृतेभ्य.। तथा यान्ति गच्छन्ति। के ते, खगा। कासु, दिक्षु दिग्देशेष्विति प्रासेविपर्ययनिर्देशो गमननियमनिवृत्त्यर्थस्तेन यो यस्यामेव दिशि गच्छति यश्च यस्माद्देशादायात स तस्मिन्नेव देशे गच्छतीति नास्ति नियम.। किं तर्हि, यत्र क्वापि यथेच्छं गच्छन्तीत्यर्थ। कस्मात, स्वस्वकार्यवशात् निजनिजकरणीय-

पारतन्त्र्यात्[१]। कदा कदा, प्रगे प्रगे प्रातः प्रातः। एवं संसारिणो जीवा अपि नरकादिगतिस्थानेभ्य आगत्य कुले स्वायुःकालं यावत् संभूय तिष्ठन्ति तथा निजनिजपारतन्त्र्यात् देवगत्यादिस्थानेष्वनियमेन स्वायुःकालान्ते गच्छन्तीति प्रतीहि। कथं भद्र तव दारादिषु हितबुद्धया गृहीतेषु सर्वथान्यस्वभावेषु आत्मात्मीयभावः? यदि खल्वेतदात्मका स्युः तदा त्वयि तदवस्थे एव कथमवस्थान्तरं गच्छेयुः। यदि च एते तावकाः स्युस्तर्हि कथं क्व प्रयोगमन्तरेणैव यत्र क्वापि प्रयान्तीति मोहप्रदावेगमपसार्य यथावत्पश्येति दार्ष्टान्ते दर्शनीयम्। अहितवर्गेऽपि दृष्टान्तः प्रदर्श्यते अस्माभिरिति योज्यम् :—

अर्थ—देखो, भिन्न भिन्न दिशाओं व देशोंसे उड़ उड़कर आते हुए पक्षिगण वृक्षोंपर आकर रैनबसेरा करते है और सबेरा होनेपर अपने अपने कार्यके वशसे जुदा जुदा दिशाओं व देशो में उड़ जाते है।

विशदार्थ—जैसे पूर्व आदिक दिशाओ एवं अग, बंग आदि विभिन्न देशोंसे उड़कर, पक्षिगण वृक्षोपर आ बैठते हैं, रात रहनेतक वही बसेरा करते है और सवेरा होनेपर अनियत दिशा व देशकी ओर उड जाते है–उनका यह नियम नही रहता कि जिस देशसे आये हो उसी ओर जावे। वे तो कहीसे आते है और कहीको चले जाते है–वैसे हो संसारीजीव भी नरकगत्यादिरूप स्थानोसे आकर कुलमें अपनी आयुकाल पर्यन्त रहते हुए मिल-जुलकर रहते है, और फिर अपने अपने कर्मोंके अनुसार, आयुके अंतमे देवगत्यादि स्थानोमे चले जाते हैं। हे भद्र! जब यह बात है तब हितरूपसे समझे हुए, सर्वथा अन्य स्वभाववाले स्त्री आदिकोमें तेरी आत्मा व आत्मीय बुद्धि कैसी? अरे! यदि ये शरीरादिक पदार्थ तुम्हारे स्वरूप होते तो तुम्हारे तदवस्थ रहते हुए, अवस्थान्तरोंको कैसे प्राप्त हो जाते? यदि ये तुम्हारे स्वरूप नही अपि तु तुम्हारे होते तो प्रयोगके विना ही ये जहाँ चाहे कैसे चले जाते? अतः मोहनीय पिशाचके आवेशको दूर हटा ठीक ठीक देखनेकी चेष्टा कर॥ ९॥

दोहा—दिशा देशसे आयकर, पक्षी वृक्ष बसन्त।
प्रात होत निज कार्यवश, इच्छित देश उड़न्त॥ ९॥

उत्थानिका—आचार्य आगेके श्लोकमें शत्रुओके प्रति होनेवाले भावोको 'ये हमारे शत्रु है' 'अहितकर्ता है' आदि अज्ञानपूर्ण बतलाते हुए उसे दृष्टान्तद्वारा समझाते है, साथ ही ऐसे भावोको दूर करनेके लिये प्रेरणा भी करते है :—

विराधकः कथं हन्त्रे, जनाय परिकुप्यति।
त्र्यंङ्गुलं पातयन् पद्भ्यां स्वयं दण्डेन पात्यत॥ १०॥

अन्वय—विराधकः कथ हन्त्रे जनाय परिकुप्यति, त्र्यङ्गुल पद्भ्यां पातयन् दण्डेन स्वयं पात्यते।

टीका—कथमित्यरुचौ, न श्रद्दधे कथं परिकुप्यति समन्तात् कुप्यति। कोऽसौ, विराधक- अपकारकर्त्ता जनः। कस्मै, हन्त्रे जनाय प्रत्यपकारकाय लोकाय। "सुखं वा यदि वा दुःखं, येन यश्चकृतं भुवि। अवाप्नोति स तत्तस्मादेष मार्गः सुनिश्चितः॥"

इत्यभिधानादन्याय्यमेतदिति[२] भावः। अत्र दृष्टान्तमाचष्टे। अङ्गुलमित्यादि। पात्यते भूमौ क्षिप्यते।

---

१ पराधीनतया। २ अयुक्तं।

कोऽसौ, यः कश्चिदसमीक्ष्यकारी[1] जनः । केन, दण्डेन हस्तधार्यकाष्ठेन । कथं, स्वयं पात्यप्रेरणमन्तरेणैव । किं कुर्वन्, पातयन् भूमिं प्रति नामयन् । किं तत्, त्र्यङ्गुलं अङ्गुलित्रयाकारं कचाद्याकर्षणावयवम् । काभ्यां, पद्भ्यां पादाभ्यां ततोऽहिते प्रीतिरहिते चाप्रीतिः स्वहितैषिणा प्रेक्षावता[2] न करणीया ।

अत्र विनेयः पृच्छति । हिताहितयो रागद्वेषौ कुर्वन् किं कुरुते इति दारादिषु रागं शत्रुषु च द्वेषं कुर्वाणः पुरुषः किमात्मनेऽहितं कार्यं करोति येन तावत् कार्यतयोपदिश्यते इत्यर्थः । अत्राचार्यः समाधत्ते,—

अर्थ—जिसने पहिले दूसरेको सताया या तकलीफ पहुँचाई है ऐसा पुरुष उस सताये गये और वर्तमानमे अपनेको मारनेवालेके प्रति क्यों गुस्सा करता है ? यह कुछ जँचता नही। अरे! जो त्र्यङ्गुलको पैरोसे गिरायगा वह दंडेके द्वारा स्वयं गिरा दिया जायगा।

विशदार्थ—दूसरेका अपकार करनेवाला मनुष्य, बदलेमे अपकार करनेवालेके प्रति क्यो हर तरहसे कुपित होता है ? कुछ समझमें नही आता।

भाई! सुनिश्चित रीति या पद्धति यही है कि संसारमे जो किसीको सुख या दुःख पहुँचाता है, वह उसके द्वारा सुख और दुःखको प्राप्त किया करता है। जब तुमने किसी दूसरेको दुःख पहुँचाया है तो बदलेमे तुम्हे भी उसके द्वारा दुःख मिलना ही चाहिये। इसमे गुस्सा करनेकी क्या बात है ? अर्थात् गुस्सा करना अन्याय है, अयुक्त है। इसमे दृष्टात देते है कि जो विना विचारे काम करनेवाला पुरुष है वह तीन अंगुलीके आकार वाले कूडा कचरा आदिके समेटनेके काममे आनेवाले 'अंगुल' नामक यंत्रको पैरोसे जमीनपर गिराता है तो वह विना किसी अन्यकी प्रेरणाके स्वय ही हाथमे पकडे हुए डडेसे गिरा दिया जाता है। इसलिये अहित करनेवाले व्यक्तिके प्रति, अपना हित चाहनेवाले बुद्धिमानोको, अप्रीति, अप्रेम या द्वेष नही करना चाहिये ॥ १० ॥

दोहा—अपराधी जन क्यों करे, हन्ता जनपर क्रोध।
दो पग अंगुल महि नमे, आपहि गिरत अबोध ॥ १० ॥

यहांपर शिष्य प्रश्न करता है कि स्त्री आदिकोमे राग और शत्रुओमे द्वेष करनेवाला पुरुष अपना क्या अहित-विगाड करता है ? जिससे उनको (राग-द्वेषोको) अकरणीय-न करने लायक बतलाया जाता है ? आचार्य समाधान करते है —

रागद्वेषद्वयीदीर्घ-नेत्राकर्षणकर्मणा ।
अज्ञानात्सुचिरं जीवः, संसाराब्धौ भ्रमत्यसौ ॥ ११ ॥

अन्वय—असौ जीवः अज्ञानात् रागद्वेषद्वयीदीर्घनेत्राकर्षणकर्मणा ससाराब्धौ सुचिरं भ्रमति।

टीका—भ्रमति संसरति । कोऽसौ, असौ जीवश्चेतनः । क्व, ससाराब्धौ ससारः द्रव्यपरिवर्तनादिरूपो भवोऽब्धिः समुद्र इव दुःखहेतुत्वाद् दुस्तरत्वाच्च तस्मिन्। कस्मात्, अज्ञानात् देहादिष्वात्मविभ्रमात्। कियत्कालं, सुचिरं अतिदीर्घकालम् । केन, रागेत्यादि। राग इष्टे वस्तुनि प्रीतिः द्वेषश्चानिष्टेऽप्रीतिस्तयोर्द्वयी । रागद्वेषयोः शक्तिव्यक्तिरूपतया युगपत् प्रवृत्तिज्ञापनार्थं द्वयीग्रहणं, शेषदोषाणां च तद्द्वयप्रतिबद्धत्वबोधनार्थं। तथा चोक्तम्—

"यत्र रागः पदं धत्ते, द्वेषस्तत्रेति निश्चयः । उभावेतौ समालम्ब्य, विक्रमत्यधिकं मनः ॥"

अपि च । आत्मनि सति परसंज्ञा स्वपरविभागात् परिग्रहद्वेषौ । अनयोः सप्रतिबद्धाः सर्वे दोषाश्च जायन्ते । सा दीर्घनेत्रायतमन्थाकर्षणपाश इव भ्रमणहेतुत्वात्तस्यापकर्षणकर्मजीवस्य रागादिरूपतया परिणमन

---

१ अविचार्यकार्यकर्त्ता । २ पण्डितेन ।

नेत्रस्यापकर्षणत्वाभिमुखानयनं तेन अत्रोपमानभूतो मन्थदण्ड आक्षेप्यस्तेन यथा नेत्राकर्षणव्यापारे मन्थाचलः समुद्रे सुचिरं भ्रान्तो लोके प्रसिद्धस्तथा स्वपरविवेकानवबोधात् यदुद्भूतेन रागादिपरिणामेन कारणकार्योपचारात्तज्जनितकर्मबन्धेन संसारस्थो जीवो अनादिकालं संसारे भ्रान्तो भ्रमति भ्रमिष्यति । भ्रमतीत्यवतिष्ठन्ते पर्वता इत्यादिवत् नित्यप्रवृत्ते लटो[1] विधानात् । उक्तं च ।

"जो खलु संसारत्थो, जीवो तत्तो दु होदि परिणामो । परिणामादो कम्मं, कम्मादो हवदि गदि सु गदी ॥१२८॥
गदिमधिगदस्स देहो, देहादो इंदियाणि जायंते । तेहिं दु विसयग्गहणं, तत्तो रागो व दोसो वा ॥ १२९ ॥
जायदि जीवस्सेवं, भावो संसारचक्कवालमि । इदि जिणवरेहिं भणिदो, अणादिणिधणो सणिधणो वा" ॥१३०॥
पंचास्तिकाय । २ ।

अथ प्रतिपाद्यः पर्यनुयुङ्क्ते[2] । तस्मिन्नपि यदि सुखी स्यात् को दोष इति भगवन् संसारेपि, न केवलं मोक्ष इत्यपिशब्दार्थः । चेज्जीव सुखयुक्तो भवेत् तर्हि को न कश्चित् दोषो दुष्टत्वं संसारस्य सर्वेषा सुखस्यैव आप्तुमिष्टत्वात् येन संसारच्छेदाय सन्तो यतेरन्नित्यत्राह । वत्स !

अर्थ—यह जीव अज्ञानसे रागद्वेषरूपी दो लम्बी डोरियोकी खीचतानीसे संसाररूपी समुद्रमे बहुत कालतक घूमता रहता है–परिवर्तन करता रहता है ।

विशदार्थ—द्रव्य, क्षेत्र, काल, भव, भावरूप पचपरावर्तनरूप संसार जिसे दुःखका कारण और दुस्तर होनेसे समुद्रके समान कहा गया है, उसमे अज्ञानसे–शरीरादिकोमें आत्मभ्रांतिसे–अतिदीर्घ कालतक घूमता (चक्कर काटता) रहता है । इष्ट वस्तुमे प्रीति होनेको राग और अनिष्ट वस्तुमें अप्रीति होनेको द्वेष कहते है । उनकी शक्ति और व्यक्तिरूपसे हमेशा प्रवृत्ति होती रहती है, इसलिये आचार्योने इन दोनोकी जोड़ी बतलाई है । बाकीके दोष इस जोड़ीमे ही शामिल है, जैसा कि कहा गया है:—"यत्र रागः पदं धत्ते०"

"जहाँ राग अपना पाँव जमाता है, वहा द्वेष अवश्य होता है या हो जाता है, यह निश्चय है । इन दोनो (राग-द्वेष) के आलम्बनसे मन अधिक चंचल हो उठता है । और जितने दोष हैं, वे सब राग-द्वेषसे संबद्ध है," जैसा कि कहा गया है—"आत्मनि सति परसज्ञा०"

"निजत्वके होनेपर परका ख्याल हो जाता और जहाँ निज-परका विभाग (भेद) हुआ वहाँ निजमे रागरूप और परमे द्वेषरूप भाव हो ही जाते है । बस इन दोनोके होनेसे अन्य समस्त दोष भी पैदा होने लग जाते है । कारण कि वे सब इन दोनोके ही आश्रित है ।"

वह राग-द्वेषकी जोडी तो हुई मंथानीके डंडेको घुमानेवाली रस्सीके फाँसाके समान और उसका घूमना कहलाया जीवका रागादिरूप परिणमन । सो जैसे लोकमे यह बात प्रसिद्ध है कि नेतरीके खीचा-तानीसे जैसे मंथराचल पर्वतको समुद्रमें बहुत कालतक भ्रमण करना पडा । उसी तरह स्वपर विवेकज्ञान न होनेसे रागादि परिणामोके द्वारा जीवात्मा अथवा कारणमे कार्यका उपचार करनेसे, रागादि परिणामजनित कर्मबधके द्वारा बँधा हुआ संसारीजीव, अनादिकालसे संसारमे घूम रहा है, घूमा था और घूमता रहेगा । मतलब यह है कि 'रागादि परिणामरूप भावकर्मोसे द्रव्यकर्मोका वन्ध होता' ऐसा हमेशासे चला आ रहा है और हमेशा तक चलता रहेगा । सम्भव है कि किसी जीवके यह रुक भी जाय । जैसा कि कहा गया है :—"जो खलु संसारत्थो० "

---

१ वर्तमानात् । २ शिष्यः पृच्छति ।

"जो संसारमें रहनेवाला जीव है, उसका परिणाम (रागद्वेष आदिरूप परिणमन) होता है, उस परिणामसे कर्म बँधते है। बँधे हुए कर्मोके उदय होनेसे मनुष्यादि गतियोंमे गमन होता है, मनुष्यादि गतिमें प्राप्त होनेवालेको (औदारिक आदि) शरीरका जन्म होता है, शरीर होनेसे इंद्रियोकी रचना होती है, इन इद्रियोंसे विषयों (रूप रसादि) का ग्रहण होता है, उससे फिर राग और द्वेष होने लग जाते है। इस प्रकार जीवका संसाररूपी चक्रवालमें भवपरिणमन होता रहता है, ऐसा जिनेन्द्रदेवने कहा है। जो अनादिकालसे होते हुए अनन्तकालतक होता रहेगा, हाँ, किन्ही भव्यजीवोके उसका अन्त भी हो जाता है।" ॥ ११ ॥

दोहा—मथत दूध डोरीनितें, दंड फिरत बहु बार।
राग द्वेष अज्ञानसे, जीव भ्रमत संसार॥ ११ ॥

उत्थानिका—यहाँपर शिष्य पूछता है कि स्वामिन्! माना कि मोक्षमे जीव सुखी रहता है। किन्तु ससारमें भी यदि जीव सुखी रहे तो क्या हानि है?-कारण कि संसारके सभी प्राणी सुखको ही प्राप्त करना चाहते है। जब जीव ससारमे ही सुखी हो जाँय तो फिर ससारमे ऐसी क्या खराबी है? जिससे कि सत पुरुष उसके नाश करनेके लिये प्रयत्न किया करते है? इस विषयमें आचार्य कहते है-हे वत्स—

विपद्भवपदावर्ते, पदिकेवातिवाह्यते।
यावत्तावद्भवन्त्यन्याः, प्रचुरा विपदः पुरः॥ १२ ॥

अन्वय—यावत् भवपदावर्तें पदिका इव विपत् अतिवाह्यते तावत् अन्या. प्रचुराः विपदः पुरः भवन्ति।

टीका—यावदतिवाह्यते अतिक्रम्यते। प्रेर्यते। कासौ, विपत् सहजशारीरमानसागन्तुकानामापदा मध्ये या काप्येका विवक्षिता आपत्। जीवेनेति शेषः। क्व, भवपदावर्तें भव. संसारः पदावर्त इव पादचाल्यघटी-यन्त्रमिव भूयोभूय' परिवर्तमानत्वात्। केव, पदिकेव पादाक्रान्तदण्डिका यथा तावद्भवन्ति। का, अन्या अपूर्वा प्रचुरा बह्वो विपदः आपद. पुरो अग्रे जीवस्य यदि। का इव, काछिकस्येति सामर्थ्यदुर्व्या। अतो जानीहि दु'खैकनिबन्धनविपत्तिनिरन्तरत्वात् संसार अवश्यविनाश्यत्वम्।

पुन. शिष्य एवाह। न सर्वे विपद्वन्त; ससंपदोपि दृश्यन्त इति भगवन् समस्ता अपि ससारिणो न विपत्तियुक्ता' सन्ति सश्रीकाणामपि केषाचिद् दृश्यमानत्वादित्यत्राह,—

अर्थ—जबतक संसाररूपी पैरसे चलाये जानेवाले घटीयत्रमें एक पटली सरीखी एक विपत्ति भुगतकर तय की जाती है कि उसी समय दूसरी दूसरी बहुतसी विपत्तियाँ सामने आ उपस्थित हो जाती है।

विशदार्थ—पैरसे चलाये जानेवाले घटीयंत्रको पदावर्त कहते है, क्योकि उसमे वार वार परिवर्तन होता रहता है। सो जैसे उसमे पैरसे दबाई गई लकडी या पटलीके व्यतीत हो जानेके बाद दूसरी पटलियाँ आ उपस्थित होती है, उसी तरह संसाररूपी पदावर्तमे एक विपत्तिके बाद दूसरी बहुतसी विपत्तियाँ जीवके सामने आ खडी होती है।

---

१ आकस्मिकागत। २ एक यन्त्रविशेष जो पानी उलीचनेके काम आता है।

इसलिये समझो कि एकमात्र दुःखोंकी कारणीभूत विपत्तियोंका कभी भी अन्तर न पड़नेके कारण यह संसार अवश्य ही विनाश करने योग्य है। अर्थात् इसका अवश्य नाश करना चाहिए॥ १२॥

दोहा—जबतक एक विपद टले, अन्य विपद बहु आय।
पदिका जिमि घटियंत्र में, बार बार भरमाय॥ १२॥

फिर शिष्यका कहना है कि, भगवन्! सभी संसारी तो विपत्तिवाले नही है, बहुतसे सम्पत्ति-वाले भी दीखनेमे आते है। इसके विषयमें आचार्य कहते है:—

दुरर्ज्येनासुरक्ष्येण, नश्वरेण धनादिना।
स्वस्थंमन्यो जनः कोऽपि, ज्वरवानिव सर्पिषा॥ १३॥

अन्वयः—ज्वरवान् सर्पिषा इव कोऽपि जनः दुरर्ज्येन असुरक्ष्येण धनादिना स्वस्थंमन्यः (भवति)।

टीका—भवति। कोसौ, जनो लोकः। किंविशिष्टः, कोपि निर्विवेको न सर्वः। किंविशिष्टो भवति, स्वस्थंमन्यः स्वस्थमात्मानं मन्यमानो अहं सुखीति मन्यत इत्यर्थः। केन कृत्वा, धनादिना द्रव्यकामिन्यादीष्ट-वस्तुजातेन। किंविशिष्टेन, दुरर्ज्येन अपायबहुलत्वात् दुष्प्रणिवेशाच्च दुःखेन महता कष्टेनार्जित इति दुरर्ज्येने तथा असुरक्ष्येण दुस्त्राणेन यत्ततो रक्ष्यमाणस्याप्यपायस्यावश्यंभावित्वात्। तथा नश्वरेण रक्ष्यमाणस्यापि विनाशसंभवादशाश्वतेन। अत्र दृष्टान्तमाह। ज्वरेत्यादि। इव शब्दो यथार्थे यथा कोऽपि मुग्धो ज्वरवान् अतिशयेन मतेर्विनाशात् सामज्वरार्त. सर्पिषा घृतेन पानाद्युपयुक्तेन स्वस्थंमन्यो भवति। निरामयमात्मानं मन्यते ततो बुद्धचस्व दुरुपार्ज्यदूरक्षणभङ्गुरद्रव्यादिना दुःखमेव स्यात्। उक्तं च—

"अर्थस्योपार्जने दु.खमर्जितस्य च रक्षणे। आये दुःखं व्यये दुःखं, धिगर्थं दु.खभाजनम्॥"

"भूयोपि विनेयः पृच्छति।" एवविधा संपदा कथं न त्यजतीति। अनेन दुरर्जत्वादिप्रकारेण लोकद्वयेऽपि दु.खदां धनादिसंपत्ति कथं मुञ्चति न जनः। कथमिति विस्मयगर्भे प्रश्ने। अत्र गुरुरुत्तरमाह;—

अर्थ—जैसे कोई ज्वरवाला प्राणी घीको खाकर या चिपड़ कर अपनेको स्वस्थ मानने लग जाय उसी प्रकार कोई एक मनुष्य मुश्किलसे पैदा किये गये तथा जिसकी रक्षा करना कठिन है और फिर भी नष्ट हो जानेवाले है, ऐसे धन आदिकोंसे अपनेको सुखी मानने लग जाता है।

विशदार्थ—जैसे कोई एक भोला प्राणी जो सामज्वर (ठड देकर आनेवाले बुखार) से पीड़ित होता है, वह बुद्धिके ठिकाने न रहनेसे—बुद्धिके बिगड़ जानेसे घी को खाकर या उसकी मालिश कर लेनेसे अपने आपको स्वस्थ-नीरोग मानने लगता है, उसी तरह कोई कोई (सभी नही) धन, दौलत, स्त्री आदिक जिनका कि उपार्जित करना कठिन तथा जो रक्षा करते भी नष्ट हो जानेवाले है—ऐसे इष्ट वस्तुओंमे अपने आपको 'मै सुखी हूँ' ऐसा मानने लग जाते है, इसलिए समझो कि जो मुश्किलोसे पैदा किये जाते तथा जिनकी रक्षा बडी कठिनाईसे होती है, तथा जो नष्ट हो जाते, स्थिर नही रहते ऐसे धनादिकोसे दु.ख ही होता है, जैसे कि कहा है—"अर्थस्यो-पार्जने दु.खं०"

'धनके कमानेमें दुःख, रक्षा करनेमें दु ख, उसके जानेमे दु ख, इस तरह हर हालतमे दु.ख-के कारणरूप धनको धिक्कार हो'।

दोहा—कठिन प्राप्त संरक्ष्य ये, नश्वर धन पुत्रादि।
इनसे सुखकी कल्पना, जिमि घृतसे ज्वर व्याधि ॥ १३ ॥

शंका—फिर भी शिष्य पूछता है कि बडे आश्चर्यकी बात है कि जब 'मुश्किलोंसे कमायी जाती' आदि हेतुओंसे धनादिक सम्पत्ति दोनों लोकोंमे दुःख देनेवाली है, तब ऐसी सम्पत्तिको लोग छोड़ क्यों नहीं देते? आचार्य उत्तर देते हैं—

विपत्तिमात्मनो मूढः, परेषामिव नेक्षते।
दह्यमानमृगाकीर्णवनान्तरतरुस्थवत् ॥ १४ ॥

अन्वय—दह्यमानमृगाकीर्णनान्तरतरुस्थवत् मूढ परेषामिव आत्मनो विपत्ति नेक्षते।

टीका—नेक्षते न पश्यति। कोऽसौ, मूढो धनाद्यासक्त्या लुप्तविवेको लोकः। का, विपत्ति चौरादिना क्रियमाणा धनापहाराद्यापदा। कस्य, आत्मन स्वस्य। केषामिव, परेषामिव। यथा इमे विपदा आक्रम्यन्ते तथाहमप्याक्रन्तव्य इति न विवेचयतीत्यर्थः। क इव, प्रदह्यमानैः दावानलज्वालादिभिर्भस्मीक्रियमाणैर्मृगैर्हरिणादिभिराकीर्णस्य संकुलस्य वनस्यान्तरे मध्ये वर्तमान। स तरु वृक्षमारूढो जनो यथा आत्मनो मृगाणामिव विपत्ति न पश्यति।

पुनराह शिष्यः कुत एतदिति, भगवन् कस्माद्धेतोरिदं सन्निहिताया अपि विपदो अदर्शनं जनस्य। गुरुराह। लोभादिति, वत्स धनादिगाद्धर्यात्पुरोवर्त्तिनीमप्यापदं धनिनो न पश्यन्ति ॥ १४ ॥ यतः—

अर्थ—जिसमें अनेकों हिरण दावानलकी ज्वालासे जल रहे हैं, ऐसे जंगलके मध्यमे वृक्षपर वैठे हुए मनुष्यकी तरह यह संसारी प्राणी दूसरोंकी तरह अपने ऊपर आनेवाली विपत्तियोंका ख्याल नहीं करता है।

विशदार्थ—धनादिकमें आसक्ति होनेके कारण जिसका विवेक नष्ट हो गया है, ऐसा यह मूढ प्राणी चोरादिकके द्वारा को जानेवाली, धनादिक चुराये जाने आदिरूप अपनी आपत्तिको नहीं देखता है, अर्थात् वह यह नहीं ख्याल करता कि जैसे दूसरे लोग विपत्तियोंके शिकार होते हैं, उसी तरह मैं भी विपत्तियोंका शिकार वन सकता हूँ। इस वनमें लगी हुई यह आग इस वृक्षको और मुझे भी जला देगी। जैसे ज्वालानलकी ज्वालाओंसे जहाँ अनेक मृगगण झुलस रहे हैं—जल रहे हैं, उसी वनके मध्यमें मोजूद वृक्षके ऊपर चढा हुआ आदमी यह जानता है कि ये तमाम मृगगण ही घवरा रहे हैं—छटपटा रहे हैं, एवं मरते जा रहे है, इन विपत्तियोंका मुझसे कोई संवंध नहीं है, मैं तो सुरक्षित हूँ। विपत्तियोंका सम्बन्ध दूसरोंकी सम्पत्तियोंसे है, मेरी सम्पत्तियोंसे नहीं है ॥ १४ ॥

दोहा—परकी विपदा देखता, अपनी देखे नाहिं।
जलते पशु जा वन विषैं, जड़ तरुपर ठहराहिं ॥ १४ ॥

फिर भी शिष्यका कहना है कि हे भगवन्! क्या कारण है कि लोगोंको निकट आई हुई भी विपत्तियाँ दिखाई नहीं देती? आचार्य जवाब देते हैं—"लोभात्" लोभके कारण, हे वत्स! धनादिककी गृद्धता-आसक्तिसे धनी लोग सामने आई हुई भी विपत्तिको नहीं देखते हैं, कारण कि—

१ अग्रतः स्थितामपि।

आयुर्वृद्धिक्षयोत्कर्षहेतुं, कालस्य निर्गमम् ।
वाञ्छतां धनिनामिष्टं, जीवितात्सुतरां धनम् ॥१५॥

अन्वय—आयुर्वृद्धिक्षयोत्कर्षहेतुं कालस्य निर्गमं वाञ्छतां धनिनां जीविताद् धनं सुतरां इष्टम् ।

टीका—वर्त्तते । किं तद्धनं । किंविशिष्टं, इष्टमभिमतं । कथं, सुतरां अतिशयेन कस्माज्जीविता-त्प्राणेभ्य. । केषां, धनिनां । किं कुर्वतां, वाञ्छतां । कं, निर्गमं अतिशयेन गमनं । कस्य, कालस्य । किंविशिष्टं, आयुरित्यादि । आयुःक्षयस्य वृद्धयुत्कर्षस्य च कालान्तरवदर्धनस्य कारणम् । अयमर्थो, धनिनां तथा जीवितव्यं नेष्टं यथा धनं । कथमन्यथा जीवितक्षयकारणमपि धनवृद्धिहेतुं कालनिर्गमं वाञ्छन्ति । अतो धिग्धनम् एवंविधव्यामोहहेतुत्वात् ॥ १५ ॥

अत्राह शिष्यः । कथं धन निन्द्यं येन पुण्यमुपार्ज्यते इति पात्रदानदेवार्चनादिक्रियायाः पुण्यहेतोर्धनं विना असंभवात् पुण्यसाधनं धनं कथं निन्द्यं, किं तर्हि प्रशस्यमेवातो यथाकथंचिद्धनमुपार्ज्य पात्रादौ च नियुज्य सुखाय पुण्यमुपार्जनीयमित्यत्राह—

अर्थ—कालका व्यतीत होना, आयुके क्षयका कारण है और कालान्तरके माफिक व्याजके बढ़नेका कारण है, ऐसे कालके व्यतीत होनेको जो चाहते हैं, उन्हे समझना चाहिये कि अपने जीवनसे धन ज्यादा इष्ट है ।

विशदार्थ—मतलब यह है कि धनियोंको अपना जीवन उतना इष्ट नही, जितना कि धन । धनी चाहता है कि जितना काल बीत जायगा, उतनी ही व्याजकी आमदनी बढ जायगी । वह यह ख्याल नही करता कि जितना काल बीत जायगा उतनी ही मेरी आयु (जीवन) घट जायगी । वह धनवृद्धिके ख्यालमें जीवन (आयु) विनाशकी ओर तनिक भी लक्ष्य नही देता । इसलिये मालूम होता है कि धनियोंको जीवन (प्राणों) की अपेक्षा धन ज्यादा अच्छा लगता है । इस प्रकारके व्यामोहका कारण होनेसे धनको धिक्कार है ॥१५॥

दोहा—आयु क्षय धनवृद्धिको, कारण काल प्रमान ।
चाहत हैं धनवान धन, प्राणनितें अधिकान ॥१५॥

यहाँपर शिष्यका कहना है कि धन जिससे पुण्यका उपार्जन किया जाता है, वह निंद्य-निंदाके योग्य क्यों है ? पात्रोंको दान देना, देवकी पूजा करना, आदि क्रियायें पुण्यकी कारण है, वे सब धनके विना हो नही सकती । इसलिये पुण्यका साधनरूप धन निंद्य क्यों ? वह तो प्रशंस-नीय ही है । इसलिये जैसे बने वैसे धनको कमाकर पात्रादिकोंमें देकर सुखके लिये पुण्य संचय करना चाहिये । इस विषयमें आचार्य कहते है—

त्यागाय श्रेयसे वित्तमवित्तः संचिनोति यः ।
स्वशरीरं स पङ्केन, स्नास्यामीति विलिम्पति ॥१६॥

अन्वय—यः अवित्त. श्रेयसे त्यागाय वित्तं संचिनोति स "स्नास्यामि" इति स्वशरीरं पङ्केन विलिम्पति ।

टीका—योऽवित्तो निर्धनः सन् धनं संचिनोति सेवाकृष्यादिकर्मणोपार्जयति । किं तद्वित्तं धनं । कस्मै, त्यागाय पात्रदानदेवपूजाद्यर्थं, त्यागायेत्यस्य देवपूजाद्युपलक्षणार्थत्वात् । कस्मै त्यागः, श्रेयसे अपूर्वपुण्याय

पूर्वोपात्तपापक्षयाय । यस्य तु चक्रवर्त्यादेरिवायत्नेन धनं सिध्यति स तेन श्रेयोऽर्थं पात्रदानादिकमपि करोत्विति भावः । स किं करोतीत्याह—विलिम्पति विलेपनं करोति । कोऽसौ, सः । किं तत्स्वशरीरं । केन, पङ्केन कर्दमेन । कथं कृत्वेत्याह । स्नास्यामीति । अयमर्थो, यथा कश्चिन्निर्मलाङ्गं स्नानं करिष्यामीति पङ्केन विलिम्पन्नसमीक्षकारी[१] तथा पापेन धनमुपार्ज्य पात्रदानादिपुण्येन क्षपयिष्यामीति धनार्जने प्रवर्तमानोऽपि । न च शुद्धवृत्त्या कस्यापि धनार्जनं संभवति । तथा चोक्तम्—

"शुद्धैर्धनैर्विवर्धन्ते, सतामपि न संपदः । न हि स्वच्छाम्बुभिः पूर्णाः, कदाचिदपि सिन्धवः" ॥ ४५ ॥ —आत्मानुशासनं ।

पुनराह शिष्य भोगोपभोगायेति । भगवन् यद्येवं धनार्जनस्य पापप्रायतया दुःखहेतुत्वं धनं निंद्यं तर्हि धनं विना सुखहेतोर्भोगोपभोगस्यासंभवात्तदर्थं धनं स्यादिति प्रशस्यं भविष्यति । भोगो भोजनताम्बूलादिः । उपभोगो वस्तुकामिन्यादि । भोगाश्चोपभोगाश्च भोगोपभोगं तस्मै । अत्राह गुरुः । तदपि नेति न केवलं पुण्यहेतुतया धनं प्रशस्यमिति यत्त्वयोक्तं तदुक्तरीत्या न स्यात् । किं तर्हि भोगोपभोगार्थं तत्साधनं प्रशस्यमिति । यत्त्वया संप्रत्युच्यते तदपि न स्यात् । कुत इति चेत्, यतः ॥ १६ ॥

अर्थ—जो निर्धन, पुण्यप्राप्ति होगी इसलिये दान करनेके लिये धन कमाता या जोड़ता है, वह 'स्नान कर लूँगा' ऐसे ख्यालसे अपने शरीरको कीचड़मे लपेटता है ।

अर्थ—जो निर्धन ऐसा ख्याल करे कि 'पात्रदान, देवपूजा आदि करनेसे नवीन पुण्यकी प्राप्ति और पूर्वोपार्जित पापकी हानि होगी, इसलिये पात्रदानादि करनेके लिये धन कमाना चाहिये', नौकरी खेती आदि करके धन कमाता है, समझना चाहिये कि वह 'स्नान कर डालूँगा' ऐसा विचार कर अपने शरीरको कीचडसे लिप्त करता है । स्पष्ट यह है कि जैसे कोई आदमी अपने निर्मल अंगको 'स्नान कर लूँगा' का ख्याल कर कीचडसे लिप्त कर डाले, तो वह बेवकूफ ही गिना जायगा । उसी तरह पापके द्वारा पहिले धन कमा लिया जाय, पीछे पात्रदानादिके पुण्यसे उसे नष्ट कर डालूँगा, ऐसे ख्यालसे धनके कमानेमें लगा हुवा व्यक्ति भी समझना चाहिये । संस्कृत-टीकामे यह भी लिखा हुआ है कि चक्रवर्ती आदिकोकी तरह जिसको विना यत्न किये हुए धनकी प्राप्ति हो जाय तो वह उस धनसे कल्याणके लिये पात्रदानादिक करे तो करे ।

फिर किसीको भी धनका उपार्जन, शुद्ध वृत्तिसे हो भी नही सकता जैसा कि श्रीगुणभद्राचार्यने आत्मानुशासनमें कहा है—"शुद्धैर्धनैर्विवर्धन्ते०"

अर्थ—"सत्पुरुषोकी सम्पत्तियाँ, शुद्ध ही शुद्ध धनसे बढती हैं, यह बात नही है । देखो, नदियाँ स्वच्छ जलसेही परिपूर्ण नही हुआ करती है । वर्षामे गँदले पानीसे भी भरी रहती है"।१६।

दोहा—पुण्य हेतु दानादिको, निर्धन धन संचेय ।
स्नान हेतु निज तन कुधी, कीचड़से लिम्पेय ॥१६॥

उत्थानिका—फिर शिष्य कहता है कि भगवन् ! धनके कमानेमें यदि ज्यादातर पाप होता है, और दुःखका कारण होनेसे धन निंद्य है, तो धनके विना भोग और उपभोग भी नही हो सकते, इसलिये उनके लिये धन होना ही चाहिये, और इस तरह धन प्रशंसनीय माना जाना चाहिये । इस विषयमे आचार्य कहते है कि 'यह बात भी नही है' अर्थात् 'पुण्यका कारण होनेसे धन प्रशसनीय है,' यह जो तुमने कहा था, सो वैसा ख्याल कर धन कमाना उचित नही, यह

१ अविचारितकार्यकारी ।

पहिले ही बताया जा चुका है। 'भोग और उपभोगके लिये धन साधन है,' यह जो तुम कह रहे हो, सो भी बात नहीं है, यदि कहो क्यो ? तो उसके लिये कहते हैं:—

आरम्भे तापकान्प्राप्तावऽतृप्तिप्रतिपादकान् ।
अन्ते सुदुस्त्यजान्, कामान् कामं कः सेवते सुधीः ॥१७॥

अन्वय—आरम्भे तापकान् प्राप्तौ अतृप्तिप्रतिपादकान् अन्ते सुदुस्त्यजान् कामान् कः सुधीः कामं सेवते।

टीका—को, न कश्चित् सुधीर्विद्वान् सेवते इन्द्रियप्रणालिकयानुभवति। कान्, भोगोपभोगान्।

उक्तं च—

"तदात्वे सुखसंज्ञेपु, भावेष्वज्ञोऽनुरज्यते। हितमेवानुरुध्यन्ते, प्रपरीक्ष्य परीक्षकाः ॥"

कथंभूतान्, तापकान् देहेन्द्रियमन.क्लेशहेतून्। क्व, आरम्भे उत्पत्त्युपक्रमे। अन्नादिभोग्यद्रव्य-सपादनस्य कृष्यादिक्लेशबहुलताया सर्वजनसुप्रसिद्धत्वात्। तर्हि भुज्यमाना. कामा. सुखहेतव. संभूतिसेव्यास्ते इत्याह, प्राप्तावित्यादि। प्राप्तौ इन्द्रियेण संबन्धे सति अतृप्तेः सुतृष्णायाः प्रतिपादकान् दायकान्। उक्तं च—

"अपि संकल्पिताः कामा., संभवन्ति यथा यथा। तथा तथा मनुष्याणा, तृष्णा विश्वं विसर्पति।"

तर्हि यथेष्टं भुक्त्वा तृप्तेषु तेषु तृष्णा संतापः साम्यतीति सेव्यास्ते इत्याह। अन्ते सुदुस्त्यजान् भुक्तिप्रान्ते त्यक्तुमशक्यकान्। सुभुक्तेष्वपि तेषु मनोव्यतिपङ्गस्य दुर्निवारत्वात्। उक्तं च—

"दहनस्तृणकाष्ठसचयैरपि, तृप्येदुदधिर्नदीशतैः। न तु कामसुखैः पुमानहो, बलवत्ता खलु कापि कर्मणः ॥ अपि च—किमपीदं विषमयं, विषमतिविषमं पुमानयं येन। प्रसभमनुभूय मनोभवे भवे नैव चेतयते ॥" ॥४४॥—अनगारधर्मामृते षष्ठोऽध्यायः।

ननु तत्त्वविदोपि भोगानभुक्तवन्तो न श्रूयन्त इति कामान् कः सेवते सुधीरित्युपदेशः कथं श्रद्धीयत इत्याह। काममिति। अत्यर्थं। इदमत्र तात्पर्यं चारित्रमोहोदयात् भोगान् त्यक्तुमशक्नुवन्नपि तत्त्वज्ञो हेयरूपतया कामान्पश्यन्नेव सेवते। मन्दीभवन्मोहोदयस्तु ज्ञानवैराग्यभावनया करणग्रामं संयम्य सहसा स्वकार्यायोत्सहत एव। तथा चोक्तम्।

इदं फलमियं क्रिया करणमेतदेष' क्रमो व्ययोऽयमनुपङ्गज फलमिदं दशेयं मम। अयं सुहृदयं द्विपन् प्रयतिदेशकालाविमाविति प्रतिवितर्कयन् प्रयतते बुधो नेतरः।—ज्ञानार्णवे पृ० ७६, —सागारधर्मामृते पृ० १०।

किंच यदर्थमेतदेवंविधमिति। अत्र यत्कायलक्षणं वस्तुसंतापाद्युपेतं कर्तुं प्रार्थ्यते तद्वक्ष्यमाणलक्षणमित्यर्थ। स एवंविध इति पाठः तद्यथा—

अर्थ—आरम्भमें सन्तापके कारण और प्राप्त होने पर अतृप्तिके करनेवाले तथा अन्तमें जो बड़ी मुश्किलोंसे भी छोडे नहीं जा सकते, ऐसे भोगोपभोगोको कौन विद्वान्—समझदार-ज्यादती व आसक्तिके साथ सेवन करेगा ?

विशदार्थ—भोगोपभोग कमाये जानेके समय, इंद्रिय और मनको क्लेश पहुँचानेका कारण होते है। यह सभी जन जानते है कि गेहूँ, चना, जौ आदि अन्नादिक भोग्य द्रव्योके पैदा करनेके लिये खेती करनेमें एडीसे चोटीतक पसीना बहाना आदि दुःसह क्लेश हुआ करते है। कदाचित्

यह कहो कि भोगे जा रहे भोगोपभोग तो सुखके कारण होते हैं ! इसके लिये यह कहना है कि इन्द्रियोंके द्वारा सम्बन्ध होनेपर वे अतृप्ति यानी बढी हुई तृष्णाके कारण होते हैं, जैसा कि कहा गया है—"अपि संकल्पिताः कामाः०"

"ज्यों-ज्यों संकल्पित किये हुए भोगोपभोग प्राप्त होते जाते हैं, त्यों-त्यों मनुष्योंकी तृष्णा बढती हुई सारे लोकमें फैलती जाती है। मनुष्य चाहता है, कि अमुक मिले। उसके मिल जानेपर आगे बढ़ता है, कि अमुक और मिल जाय। उसके भी मिल जानेपर मनुष्यकी तृष्णा विश्वके समस्त ही पदार्थोंको चाहने लग जाती है कि वे सब ही मुझे मिल जायें। परतु यदि यथेष्ट भोगोपभोगोंको भोगकर तृप्त हो जाय तब तो तृष्णारूप सन्ताप ठण्डा पड़ जायगा ! इसलिये वे सेवन करने योग्य है। आचार्य कहते है कि वे भोग लेनेपर अन्तमें छोड़े नही जा सकते, अर्थात् उनके खूब भोग लेनेपर भी मनकी आसक्ति नही हटती," जैसा कि कहा भी है—

"दहनस्तृणकाष्ठसंचयैरपि०"

"यद्यपि अग्नि, घास, लकड़ी आदिके ढेरसे तृप्त हो जाय। समुद्र, सैकडो नदियोसे तृप्त हो जाय, परंतु वह पुरुष इच्छित सुखोंसे कभी भी तृप्त नही होता। अहो ! कर्मोंकी कोई ऐसी ही सामर्थ्य या जबर्दस्ती है।" और भी कहा है—"किमपीदं विषयमयं०"

"अहो ! यह विषमयी विष कैसा गजबका विष है कि जिसे जबर्दस्ती खाकर यह मनुष्य, भव भवमें नही चेत पाता है।"

इस तरह आरम्भ, मध्य और अन्तमें क्लेश-तृष्णा एवं आसक्तिके कारणभूत इन भोगोपभोगोंको कौन बुद्धिमान् इंद्रियरूपी नलियोसे अनुभवन करेगा ? कोई भी नही।

यहांपर शिष्य शंका करता है कि तत्त्वज्ञानियोने भोगोको न भोगा हो यह बात सुननेमे नहीं आती है। अर्थात् बड़े बड़े तत्त्वज्ञानियोंने भी भोगोको भोगा है, यही प्रसिद्ध है। तब 'भोगोंको कौन बुद्धिमान्-तत्त्वज्ञानी सेवन करेगा ?' यह उपदेश कैसे मान्य किया जाय ? इस बातपर कैसे श्रद्धान किया जाय ? आचार्य जवाब देते हैं—कि हमने उपर्युक्त कथनके साथ "काम अत्यर्थं०" आसक्तिके साथ रुचिपूर्वक यह भी विशेषण लगाया है। तात्पर्य यह है कि चारित्रमोहके उदयसे भोगोंको छोडनेके लिये असमर्थ होते हुए भी तत्त्वज्ञानी पुरुष भोगोंको त्याज्य-छोडने योग्य समझते हुए ही सेवन करते हैं। और जिसका मोहोदय मंद पड़ गया है, वह ज्ञान-वैराग्यकी भावनासे इन्द्रियोको रोककर इन्द्रियोको वशमें कर शीघ्र ही अपने (आत्म) कार्य करनेके लिये कटिबद्ध-तयार हो जाता है—जैसा कि कहा गया है—"इदं फलमिय क्रिया०"

"यह फल है, यह क्रिया है, यह करण है, यह क्रम-सिलसिला है, यह खर्च है, यह आनुषंगिक (ऊपरी) फल है, यह मेरी अवस्था है, यह मित्र है, यह शत्रु है, यह देश है, यह काल है, इन सब बातोंपर ख्याल देते हुए बुद्धिमान् पुरुष प्रयत्न किया करता है। मूर्ख ऐसा नही करता।" ॥१७॥

दोहा—भोगार्जन दुःखद महा, भोगत तृष्णा बाढ़।
अंत त्यजत गुरु कष्ट हो, को बुध भोगत गाढ़॥ १७॥

उत्थानिका—आचार्य फिर और भी कहते है कि जिस (काय) के लिये सब कुछ (भोगोपभोगादि) किया जाता है वह (काय) तो महा अपवित्र है, जैसा कि आगे बताया जाता है—

भवन्ति प्राप्य यत्सङ्गमशुचीनि शुचीन्यपि ।
स कायः संततापायस्तदर्थं प्रार्थना वृथा ॥ १८ ॥

अन्वय—यत्सङ्गं प्राप्य शुचीन्यपि अशुचीनि भवन्ति स कायः संततापायः तदर्थं प्रार्थना वृथा ।

टीका—वर्तते । कोऽसौ, सः कायः शरीरं । किं विशिष्टः, संततापायः नित्यक्षुधाद्युपतापः । स क इत्याह । यस्य येन कायेन सह संबन्धं प्राप्य लब्ध्वा शुचीन्यपि पवित्राण्यपि भोजनवस्त्रादिवस्तून्यशुचीनि भवन्ति यतश्चैवं ततस्तदर्थं तं संततापायं कायं शुचिवस्तुभिरुपकर्तुं प्रार्थना आकाङ्क्षा वृथा व्यर्था केनचिदुपायेन निवारितेऽपि एकस्मिन्नपाये क्षणे क्षणे परापरापायोपनिपातसम्भवात् ।

पुनरप्याह शिष्यः—तर्हि धनादिनाप्यात्मोपकारो भविष्यतीति । भगवन् संततापायतया कायस्य धनादिना यद्युपकारो न स्यात्तर्हि धनादिनापि न केवलमनशनादितपश्चरणेनेत्यपि शब्दार्थः । आत्मनो जीवनस्योपकारोऽनुग्रहो भविष्यतीत्यर्थः । गुरुराह तन्नेति । यत्त्वया धनादिना आत्मोपकारभवनं संभाव्यते तन्नास्ति ॥ १८ ॥ यतः—

अर्थ—जिसके सम्बंधको पाकर-जिसके साथ भिड़कर पवित्र भी पदार्थ अपवित्र हो जाते हैं, वह शरीर हमेशा अपायो, उपद्रव्यों, झंझटों, विघ्नों, एवं विनाशो कर सहित है, अतः उसको भोगोपभोगोंको चाहना व्यर्थ है !

विशदार्थ—जिस शरीरके साथ संबन्ध करके पवित्र एवं रमणीक भोजन वस्त्र आदिक पदार्थ अपवित्र घिनावने हो जाते है, ऐसा वह शरीर हमेशा भूख-प्यास आदि संतापोंकर सहित है। जब वह ऐसा है तब उसको पवित्र अच्छे-अच्छे पदार्थोसे भला बनानेके लिये आकाक्षा करना व्यर्थ है, कारण कि किसी उपायसे यदि उसका एकाध अपाय दूर भी किया जाय तो क्षण-क्षणमे दूसरे-दूसरे अपाय आ खड़े हो सकते है ॥१८॥

दोहा—शुचि पदार्थ भी संग ते, महा अशुचि हो जॉय ।
विघ्न करण नित काय हित, भोगेच्छा विफलाय ॥ १८ ॥

उत्थानिका—फिर भी शिष्यका कहना है कि भगवन् कायके हमेशा अपायवाले होनेसे यदि धनादिकके द्वारा कायका उपकार नही हो सकता, तो आत्माका उपकार तो केवल उपवास आदि तपश्चर्यासे ही नही बल्कि धनादि पदार्थोसे भी हो जायगा ।

आचार्य उत्तर देते हुए बोले, ऐसी बात नहीं है । कारण कि—

यज्जीवस्योपकाराय, तद्देहस्यापकारकम् ।
यद्देहस्योपकाराय, तज्जीवस्यापकारकम् ॥ १९ ॥

अन्वय—यत् जीवस्य उपकाराय तद् देहस्य अपकारकं (भवति), (तथा) यद् देहस्य उपकाराय तत् जीवस्य अपकारकं (भवति) ।

टीका—यदनशनादि तपोऽनुष्ठानं जीवस्य पूर्वापूर्वपापक्षपणनिवारणाभ्यामुपकाराय स्यात्तद्देहस्यापकारकं ग्लान्यादिनिमित्तत्वात् । यत्पुनर्धनादिकं देहस्य भोजनाद्युपयोगेन क्षुधाद्युपतापक्षयत्वादुपकाराय स्यात्तज्जीवस्योपार्जनादौ पापजनकत्वेन दुर्गतिः दुःखनिमित्तत्वादपकारकं स्यादतो जानीहि धनादिना नोपकारगन्धोऽप्यस्ति धर्मस्यैव तदुपकारत्वात् ।

अत्राह शिष्यः। तर्हि कायस्योपकारश्चिन्त्यते इति भगवन् यद्येवं तर्हि "शरीरमाद्य खलु धर्मसाधनम्" इत्यभिधानात्तस्यापायनिरासाय यत्नः क्रियते। न च कायस्यापायनिरासो दुष्कर इति वाच्यम्। ध्यानेन तस्यापि सुकरत्वात् ॥ १९ ॥ तथा चोक्तम्—

"यदा त्रिकं फलं किंचित्फलमामुत्रिकं च यत्। एतस्य द्वितयस्यापि, ध्यानमेवाग्रकारणम् ॥" २१७॥
—तत्त्वानुशासनं

झाणस्स ण दुल्लहं किंपीति च-अत्र गुरु प्रतिषेधमाह तन्नेति। ध्यानेन कायस्योपकारो न चिन्त्य इत्यर्थः।

अर्थ—जो जीव (आत्मा) का उपकार करनेवाले होते है, वे शरीरका अपकार (बुरा) करनेवाले होते है। जो चीजें शरीरका हित या उपकार करनेवाली होती है, वही चीजे आत्माका अहित करनेवाली होती है।

विशदार्थ—देखो जो अनशनादि तपका अनुष्ठान करना, जीवके पुराने व नवीन पापोको नाश करनेवाला होनेके कारण, जीवके लिये उपकारक है, उसकी भलाई करनेवाला है, वही आचरण या अनुष्ठान शरीरमें ग्लानि शिथिलतादि भावोको कर देता है, अतः उसके लिये अपकारक है, उसे कष्ट व हानि पहुँचानेवाला है। और जो धनादिक है, वे भोजनादिकके उपयोग द्वारा क्षुधादिक पीड़ाओको दूर करनेमे सहायक होते है। अतः वे शरीरके उपकारक हैं। किन्तु उसी धनका अर्जनादिक पापपूर्वक होता है। व पापपूर्वक होनेसे दुर्गतिके दुःखोकी प्राप्तिके लिये कारणीभूत है। अत वह जीवका अहित या बुरा करनेवाला है। इसलिये यह समझ रक्खो कि धनादिकके द्वारा जीवका लेशमात्र भी उपकार नही हो सकता। उसका उपकारक तो धर्म ही है। उसीका अनुष्ठान करना चाहिये।

दोहा—आतम हित जो करत है, सो तनको उपकार।
जो तनका हित करत है, सो जियको अपकार ॥ १९ ॥

अथवा कायका हित सोचा जाता है, अर्थात् कायके द्वारा होनेवाले उपकारका विचार किया जाता है। देखिये कहा जाता है कि "शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्" शरीर धर्म-सेवनका मुख्य साधन-सहारा है। इतना ही नही, उसमें यदि रोगादिक हो जाते है, तो उनके दूर करनेके लिये प्रयत्न भी किये जाते है। कायके रोगादिक अपायोंका दूर किया जाना मुश्किल भी नहीं है, कारण कि ध्यानके द्वारा वह (रोगादिकका दूर किया जाना) आसानीसे कर दिया जाता है, जैसा कि तत्त्वानुशासनमे कहा है—"यत्रादिकं फलं किंचित्०" ॥ १९ ॥

जो इस लोक सम्बन्धी फल है, या जो कुछ परलोक सम्बन्धी फल है, उन दोनो ही फलोंका प्रधान कारण ध्यान ही है। मतलब यह है कि "झाणस्स ण दुल्लह किं पीति च" ध्यानके लिये कोई भी व कुछ भी दुर्लभ नही है, ध्यानसे सब कुछ मिल सकता है। इस विषयमे आचार्य निषेध करते हैं, कि ध्यानके द्वारा कायका उपकार नही चिंतवन करना चाहिये—

इतश्चिन्तामणिर्दिव्य इतः पिण्याकखण्डकम्।
ध्यानेन चेदुभे लभ्ये क्वाद्रियन्तां विवेकिनः ॥२०॥

---

१ रोगाद्युपविनाशे।

अन्वय—इतो दिव्यश्चिन्तामणिः इतश्च पिण्याकखण्डकम्, चेत् ध्यानेन उभे लभ्ये, विवेकिनः क्व आद्रियन्ताम् ।

टीका—अस्ति । कोऽसौ, चिन्तामणिः चिन्तितार्थप्रदो रत्नविशेषः । किंविशिष्टो, दिव्यो देवेनाधिष्ठितः । क्व, इत अस्मिन्नेकस्मिन् पक्षे । इतश्चान्यस्मिन् पक्षे पिण्याकखण्डकं कुत्सितमल्प वा खलखण्डकमस्ति । एते च उभे द्वे अपि यदि ध्यानेन लभ्येते । अवश्यं लभ्येते तर्हि कथय क्व द्वयोर्मध्ये कतरस्मिन्नेकस्मिन् विवेकिनो लोभच्छेदविचारचतुरा आद्रियन्ताम् आदर कुर्वन्तु । तदैहिकफलाभिलाषं त्यक्त्वा आमुत्रिकफलसिद्धचर्थमेवात्मा ध्यातव्यः । उक्तं च—

"यद्धयानं रौद्रमार्त्तं वा, यदैहिकफलार्थिनाम् । तस्मादेतत्परित्यज्य, धर्म्यं शुक्लमुपास्यताम्" ॥२२०॥ –तत्त्वानुशासन

अथैवमुद्बोधितश्रद्धानो विनेयः पृच्छति, स आत्मा कीदृश इति यो युष्माभिर्ध्यातव्यतयोपदिष्टः पुमान् स किं—स्वरूप इत्यर्थः । गुरुराह—॥ २० ॥

अर्थ—इसी ध्यानसे दिव्य चिंतामणि मिल सकता है, इसीसे खलीके टुकड़े भी मिल सकते है । जब कि ध्यानके द्वारा दोनो मिल सकते है, तब विवेकी लोग किस ओर आदरबुद्धि करेंगे ?

विशदार्थ—एक तरफ तो देवाधिष्ठित चिन्तित अर्थको देनेवाला चिन्तामणि और दूसरी ओर बुरा व छोटासा खलीका टुकडा, ये दोनो भी यदि ध्यानके द्वारा अवश्य मिल जाते है, तो कहो, दोनोंमेसे किसकी ओर विवेकी लोभके नाश करनेके विचार करनेमें चतुर-पुरुष आदर करेंगे? इसलिये इसलोक सम्बन्धी फल कायकी नीरोगता आदिकी अभिलाषाको छोडकर परलोक सम्बन्धी फलकी सिद्धि-प्राप्तिके लिये ही आत्माका ध्यान करना चाहिये । कहा भी है कि, "यद् ध्यान रौद्र-मार्त वा०" ॥ २० ॥

"वह सब रौद्रध्यान या आर्त्तध्यान है, जो इसलोक सम्बन्धी फलके चाहनेवालेको होता है। इसलिये रौद्र व आर्त्तध्यानको छोड़कर धर्म्यध्यान व शुक्लध्यानकी उपासना करनी चाहिये ।"

दोहा—इत चिंतामणि है महत्, उत खल टूक असार ।
ध्यान उभय यदि देत बुध, किसको मानत सार ॥ २० ॥

अब वह शिष्य जिसे समझाये जानेसे श्रद्धान उत्पन्न हो रहा है, पूछता है कि जिसे आपने ध्यान करने योग्य रूपसे बतलाया है वह कैसा है ? उस आत्माका क्या स्वरूप है ? आचार्य कहते हैं—

स्वसंवेदनसुव्यक्तस्तनुमात्रो निरत्ययः ।
अत्यन्तसौख्यवानात्मा, लोकालोकविलोकनः ॥ २१ ॥

अन्वय—आत्मा, लोकालोकविलोकनः अत्यन्तसौख्यवान् तनुमात्रः निरत्ययः स्वसंवेदन-सुव्यक्तः (अस्ति) ।

टीका—अस्ति । कोऽसौ, आत्मा । कीदृशः, लोकालोकविलोकन. लोको जीवाद्याकीर्णमाकाशं ततोऽन्यदलोक. तौ विशेषेण अशेषविशेषनिष्ठतया[1] लोकते पश्यति जानाति । एतेन "ज्ञानशून्यं चैतन्यमात्रमात्मा"

१ परिपूर्णतया ।

इति सांख्यमतं बुद्ध्यादिगुणोज्झितः पुमानिति योगमतं च प्रत्युक्तम् । प्रतिध्वस्तश्च नैरात्म्य[1]वादो बौद्धानाम् । पुन. कीदृशः, अत्यन्तसौख्यवान् अनन्तसुखस्वभावः । एतेन सांख्ययोगतन्त्रं प्रत्याहृतम् । पुनरपि कीदृशस्तनुमात्रः स्वोपात्तशरीरपरिमाणः । एतेन व्यापकं वटकणिकामात्रं चात्मानं वदन्तौ प्रत्याख्यातौ । पुनरपि कीदृशः, निरत्ययः द्रव्यरूपतया नित्यः । एतेन गर्भादिमरणपर्यन्तं जीवं प्रतिजानानश्चार्वाको[2] निराकृतः । ननु प्रमाणसिद्धे वस्तुन्येवं गुणवादः श्रेयान्न चात्मनस्तथा प्रमाणसिद्धत्वमस्तीत्यारेकायामाह—स्वसंवेदनसुव्यक्त इति ।

"वेद्यत्वं वेदकत्वं च, यत्स्वस्य स्वेन योगिनः । तत्स्वसंवेदनं प्राहुरात्मनोऽनुभवं दृशम् ॥ १६१ ॥

—तत्त्वानुशासनम् ।

इत्येवं लक्षणस्वसंवेदनप्रत्यक्षेण[3] सकलप्रमाणधुर्येण[4] सुष्ठु उक्तै गुणैः संपूर्णतया व्यक्त. विशदतयानुभूतो योगिभिः स्वेकदेशेन ।

अत्राह शिष्यः यद्येवमात्मास्ति तस्योपास्तिः कथमिति स्पष्टम् आत्मसेवोपायप्रश्नोऽयम् । गुरुराह—
॥ २१ ॥

अर्थ—आत्मा लोक और अलोकको देखने जाननेवाला, अत्यन्त अनन्त सुख स्वभाववाला, शरीरप्रमाण, नित्य, स्वसंवेदनसे तथा कहे हुए गुणोंसे योगिजनों द्वारा अच्छी तरह अनुभवमे आया हुआ है ।

विशदार्थ—जीवादिक द्रव्योंसे घिरे हुए आकाशको लोक और उससे अन्य सिर्फ आकाशको अलोक कहते है । उन दोनोंको विशेषरूपसे उनके समस्त विशेषोंमे रहते हुए जो जानने देखनेवाला है, वह आत्मा है । ऐसा कहनेसे "ज्ञानशून्यचैतन्यमात्रमात्मा" ज्ञानसे शून्य सिर्फ चैतन्यमात्र ही आत्मा है, ऐसा सांख्यदर्शन तथा "बुद्धयादिगुणोज्झितः पुमान्" बुद्धि सुख दुःखादि गुणोसे रहित पुरुष है, ऐसा योगदर्शन खंडित हुआ समझना चाहिये । और बौद्धोका 'नैरात्म्यवाद' भी खंडित हो गया । फिर बतलाया गया है कि 'वह आत्मा सौख्यवान् अनंत सुखस्वभाववाला है' । ऐसा कहनेसे सांख्य और योगदर्शन खंडित हो गया । फिर कहा गया कि वह "तनुमात्र" 'अपने द्वारा ग्रहण किये गये शरीर—परिमाणवाला है' । ऐसा कहनेसे जो लोग कहते हैं कि 'आत्मा व्यापक है' अथवा 'आत्मा वटकणिका मात्र है' उनका खंडन हो गया । फिर वह आत्मा "निरत्यय." 'द्रव्यरूपसे नित्य है' ऐसा कहनेसे, जो चार्वाक् यह कहता था कि "गर्भसे लगाकर मरणपर्यन्त ही जीव रहता है," उसका खण्डन हो गया ।

यहाँपर किसीकी यह शंका है कि प्रमाणसिद्ध वस्तुका ही गुण-गान करना उचित है । परन्तु आत्मामे प्रमाणसिद्धता ही नही है—वह किसी प्रमाणसे सिद्ध नही है । तब ऊपर कहे हुए विशेषणोसे किसका और कैसा गुणवाद ? ऐसी शंका होनेपर आचार्य कहते है कि वह आत्मा 'स्वसवेदन—सुव्यक्त है,' स्वसंवेदन नामक प्रमाणके द्वारा अच्छी तरह प्रगट है । "वेद्यत्वं वेदकत्वं च०"

"जो योगीको खुदका वेद्यत्व व खुदके द्वारा वेदकत्व होता है, वस, वही स्वसंवेदन कहलाता है । अर्थात् उसीको आत्माका अनुभव व दर्शन कहते है । अर्थात् जहाँ आत्मा ही ज्ञेय और आत्मा ही ज्ञायक होता है, चैतन्यकी उस परिणतिको स्वसंवेदन प्रमाण कहते है । उसीको आत्मानुभव व आत्मदर्शन भी कहते है। इस प्रकारके स्वरूपवाले स्वसवेदन-प्रत्यक्ष (जो कि सब प्रमाणोमे मुख्य या अग्रणी प्रमाण है) से तथा कहे हुए गुणोसे सम्पूर्णतया प्रकट वह आत्मा योगिजनोको एकदेश विशदरूपसे अनुभवमे आता है ।" ॥ २१ ॥

१ अभावात्मको मोक्षः । २ ब्रुवन् । ३ प्रमाणेन । ४ मुख्येन ।

दोहा—निज अनुभवसे प्रगट है, नित्य शरीर-प्रमान।
लोकालोक निहारता, आतम अति सुखवान ॥ २१ ॥

यहाँपर शिष्य कहता है, कि यदि इस तरहका आत्मा है तो उसकी उपासना कैसे की जानी चाहिये ? इसमें आत्मध्यान या आत्मभावना करनेके उपायोंको पूछा गया है।

आचार्य कहते है—

संयम्य करणग्राममेकाग्रत्वेन चेतसः।
आत्मानमात्मवान् ध्यायेदात्मनैवात्मनि स्थितम् ॥ २२ ॥

अन्वय—करणग्रामं संयम्य चेतसः एकाग्रत्वेन आत्मवान् आत्मनि स्थितं आत्मानं आत्मना एव ध्यायेत्।

टीका—ध्यायेत् भावयेत्। कोऽसौ, आत्मवान् गुप्तेन्द्रियमना अध्वस्तस्वायत्तवृत्तिर्वा। कं, आत्मनं यथोक्तस्वभाव पुरुषम्। केन, आत्मनैव स्वसवेदनरूपेण स्वेनैव तज्ज्ञप्तौ करणान्तराभावात्। उक्तं च—

"स्वपरज्ञप्तिरूपत्वात्, न तस्य कारणान्तरम्। ततश्चिन्ता परित्यज्य, स्वसंवित्यैव वेद्यताम्" ॥१६२॥
—तत्त्वानुशासनम्।

क्व तिष्ठन्तमित्याह, आत्मनि स्थितं वस्तुतः सर्वभावानां स्वरूपमात्राधारत्वात्। किं कृत्वा ? संयम्य रूपादिभ्यो व्यावृत्त्य। किं, करणग्रामं चक्षुरादीन्द्रियगणम्। केनोपायेन, एकाग्रत्वेन एकं विवक्षितमात्मानं तद् द्रव्यं पर्यायो वा अग्रं प्राधान्येनालम्बनं विषयो यस्य अथवा एकं पूर्वापरपर्यायाऽनुस्यूत[1] अग्रमात्मग्राह्य यस्य तदेकाग्रं तद्भावेन। कस्य, चेतसो मनसः। अयमर्थो यत्र क्वचिदात्मन्येव वा श्रुतज्ञानावष्टम्भात् आलम्बितेन मनसा इन्द्रियाणि निरुद्ध्य स्वात्मानं च भावयित्वा तत्रैकाग्रतामासाद्य चिन्ता त्यक्त्वा स्वयंवेदनेनैवात्मानमनुभवेत्। उक्तं च—

"गहियं तं सुअणाणा, पच्छा संवेयणेण भाविज्जा। जो ण हु सुयमवलंबइ, सो मुज्झइ अप्पसब्भावो ॥"
—अनगारधर्मामृते तृतीयोऽध्यायः पृ० १७० ॥

तथाच "प्राच्याव्य विषयेभ्योऽहं, मां मयैव मयि स्थितम्। बोधात्मानं प्रपन्नोऽस्मि परमानन्दनिर्वृतम्"
—समाधिशतकम्।

अथाह शिष्यः आत्मोपासनया किमिति भगवन्नात्मसेवनया किं प्रयोजनं स्यात् फलप्रतिपत्तिपूर्वकत्वा[2]त्प्रेक्षावत्प्रवृत्तेरिति पृष्टः सन्नाचष्टे—॥ २२ ॥

अर्थ—मनकी एकाग्रतासे इन्द्रियोंको वशमें कर ध्वस्त-नष्ट कर दी है स्वच्छन्द वृत्ति जिसने ऐसा पुरुष अपनेमें ही स्थित आत्माको अपने ही द्वारा ध्यावे।

विशदार्थ—जिसने इन्द्रिय और मनको रोक लिया है अथवा जिसने इन्द्रिय और मनकी उच्छृंखल एवं स्वैराचारूप प्रवृत्तिको ध्वस्त कर दिया है, ऐसा आत्मा, जिसका स्वरूप पहिले (नं० २१ के श्लोकमें) बता आये है, आत्माको आत्मासे ही यानी स्वसंवेदनरूप प्रत्यक्ष ज्ञानसे

---

१. अविच्छिन्नं प्रवर्तमानं। २. फल ज्ञान।

ही ध्यावे, कारण कि स्वयं आत्मामें ही उसकी ज्ञप्ति (ज्ञान) होती है। उस ज्ञप्तिमें और दूसरे करणान्तर नहीं होते। जैसा कि तत्त्वानुशासनमें कहा है—'स्वपरज्ञप्तिरूपत्वात्०"

"वह आत्मा स्वपर-प्रतिभासस्वरूप है। वह स्वयं ही स्वयंको जानता है, और परको जानता है। उसमें उससे भिन्न अन्य करणोंकी आवश्यकता नहीं है। इसलिये चिन्ताको छोड़कर स्वसंवित्ति-स्वसंवेदनके द्वारा ही उसे जानो, जो कि खुदमें ही स्थित है। कारण कि परमार्थसे सभी पदार्थ स्वरूपमें ही रहा करते हैं। इसके लिये उचित है कि मनको एकाग्र कर चक्षु आदि इन्द्रियोंकी अपने अपने विषयों (रूप आदिकों) से व्यावृत्ति करे।" यहाँपर संस्कृत-टीकाकार पंडित आशाधर जीने 'एकाग्र' शब्दके दो अर्थ प्रदर्शित किये हैं। एक कहिये विवक्षित कोई एक आत्मा, अथवा कोई एक द्रव्य, अथवा पर्याय, वही है अग्र कहिये प्रधानतासे आलम्बनभूत विषय जिसका ऐसे मनको कहेंगे 'एकाग्र' अथवा एक कहिये पूर्वापर पर्यायोंमें अविच्छिन्न रूपसे प्रवर्तमान द्रव्य-आत्मा वही है, अग्र-आत्मग्राह्य जिसका ऐसे मनको एकाग्र कहेंगे।

सारांश यह है कि जहां कहीं अथवा आत्मामें ही श्रुतज्ञानके सहारेसे भावनायुक्त हुए मनके द्वारा इन्द्रियोंको रोक कर स्वात्माकी भावना कर उसीमें एकाग्रताको प्राप्त कर चिन्ताको छोड़कर स्वसंवेदनके ही द्वारा आत्माका अनुभव करे। जैसा कि कहा भी है—"गहिय तं सुअणाणा०"

अर्थ—"उस (आत्मा) को श्रुतज्ञानके द्वारा जानकर पीछे संवेदन (स्वसंवेदन) में अनुभव करे। जो श्रुतज्ञानका आलम्बन नहीं लेता वह आत्मस्वभावके विषयमें गड़बड़ा जाता है। इसी तरह यह भी भावना करे कि जैसा कि पूज्यपादस्वामीके समाधिशतकमें कहा है—"प्राच्याव्य विषयेभ्योऽहं०"

"मैं इन्द्रियोंके विषयोंसे अपनेको हटाकर अपनेमें स्थित ज्ञानस्वरूप एवं परमानन्दमयी आपको अपने ही द्वारा प्राप्त हुआ हूँ।" ॥ २२ ॥

दोहा—मनको कर एकाग्र, सब इंद्रियविषय मिटाय।
आतमज्ञानी आतममें, निजको निजसे ध्याय ॥ २२ ॥

यहाँपर शिष्यका कहना है कि भगवन्! आत्मासे अथवा आत्माकी उपासना करनेसे क्या मतलब सधेगा—क्या फल मिलेगा? क्योंकि विचारवालोंकी प्रवृत्ति तो फलज्ञानपूर्वक हुआ करती है, इस प्रकार पूछे जानेपर आचार्य जवाब देते हैं—

अज्ञानोपास्तिरज्ञानं, ज्ञानं ज्ञानिसमाश्रयः।
ददाति यत्तु यस्यास्ति, सुप्रसिद्धमिदं वचः ॥ २३ ॥

अन्वय—अज्ञानोपास्तिः अज्ञानं, ज्ञानिसमाश्रयः ज्ञानं ददाति "यत्तु तस्य अस्ति तदेव ददाति" इदं सुप्रसिद्ध वचः।

टीका—ददाति। कासौ, अज्ञानस्य देहादेर्मूढभ्रान्ति-संदिग्धगुर्वादेर्वा उपास्तिः सेवा। किं? अज्ञानं, भ्रमसंदेहलक्षणं। तथा ददाति। कासौ, ज्ञानिनः स्वभावस्यात्मनो ज्ञानसंपन्नगुर्वादेर्वा समाश्रयः। अनन्यपरा सेवनं। किं? ज्ञानं स्वार्थावबोधम्। उक्तं च,—

"ज्ञानमेव फलं ज्ञाने, ननु श्लाघ्यमनश्वरम्। अहो मोहस्य माहात्म्यमन्यदप्यत्र मृग्यते" ॥१७५॥

को अत्र दृष्टान्त इत्याह यदित्यादि । ददातीत्यत्रापि योज्यं 'तुरवधारणे । तेनायमर्थः संपद्यते । यद्येव यस्य स्वाधीनं विद्यते स सेव्यमानं तदेव ददातीत्येतद्वाक्यं लोके सुप्रतीतमतो भद्र ज्ञानिनमुपास्य समुल्लंभित-स्वपरविवेकज्योतिरजस्रमात्मानमात्मनि सेव्यश्च । अत्राप्याह शिष्यः—ज्ञानिनोध्यात्मस्वस्थस्य किं भवतीति निष्पन्नयोग्यपेक्षया स्वात्मध्यानफलप्रश्नोऽयम् । गुरुराह—॥ २३ ॥

अर्थ—अज्ञान कहिये ज्ञानसे रहित शरीरादिककी सेवा अज्ञानको देती है, और ज्ञान पुरुषों-की सेवा ज्ञानको देती है। यह बात प्रसिद्ध है, कि जिसके पास जो कुछ होता है, वह उसी को देता है, दूसरी चीज जो उसके पास है नही, वह दूसरेको कहाँसे देगा ?

विशदार्थ—अज्ञान शब्दके दो अर्थ हैं, एक तो ज्ञान रहित शरीरादिक और दूसरे मिथ्या-ज्ञान (मोह-भ्रांति-संदेह) वाले मूढ़-भ्रांत तथा संदिग्ध गुरु आदिक। सो इनकी उपासना या सेवा अज्ञान तथा मोह-भ्रम व संदेह लक्षणात्मक मिथ्याज्ञानको देती हैं। और ज्ञानी कहिये, ज्ञान-स्वभाव आत्मा तथा आत्मज्ञानसम्पन्न गुरुओंकी तत्परताके साथ सेवा, स्वार्थविबोधरूप ज्ञानको देती है। जैसा कि श्रीगुणभद्राचार्यने आत्मानुशासनमें कहा है—"ज्ञानमेव फलं ज्ञाने०"

"ज्ञान होनेका फल, प्रशंसनीय एवं अविनाशी ज्ञानका होना ही है, यह निश्चयसे जानो। अहो ! यह मोहका ही माहात्म्य है, जो इसमें ज्ञानको छोड़ कुछ और ही फल ढूँढ़ा जाता है। ज्ञानात्मासे ज्ञानकी ही प्राप्ति होना न्याय है। इसलिये हे भद्र ! ज्ञानीकी उपासना करके प्रगट हुई है स्व-पर विवेकरूपी ज्योति जिसको ऐसा आत्मा, आत्माके द्वारा आत्मामें ही सेवनीय है, अनन्यशरण होकर भावना करनेके योग्य है।" ॥ २३ ॥

दोहा—अज्ञभक्ति अज्ञानको, ज्ञानभक्ति दे ज्ञान।
लोकोक्ती जो जो धरे, करे सो ताको दान ॥ २३ ॥

यहाँ फिर भी शिष्य कहता है कि अध्यात्मलीन ज्ञानीको क्या फल मिलता है ? इसमें स्वात्मनिष्ठ योगीकी अपेक्षासे स्वात्मध्यानका फल पूछा गया है। आचार्य कहते है—

परीषहाद्यविज्ञानादास्रवस्य निरोधिनी ।
जायतेऽध्यात्मयोगेन, कर्मणामाशु निर्जरा ॥ २४ ॥

अन्वय—अध्यात्मयोगेन परीषहाद्यविज्ञानात् आस्रवस्य निरोधिनी कर्मणां निर्जरा आशु जायते।

टीका—जायते भवति । कासौ, निर्जरा एकदेशेन संक्षयो विश्लेष इत्यर्थः । केषा, कर्मणा सिद्धयोग्य-पेक्षयाऽशुभाना च शुभानां साध्ययोग्यपेक्षया त्वसद्वेद्यादीनाम् । कथमाशु सद्यः । केन, अध्यात्मयोगेन अध्यात्म-न्यात्मन. प्रणिधानेन, किं केवला, नेत्याह-निरोधिनी प्रतिषेधयुक्ता । कस्यास्रवस्यागमनस्य कर्मणामित्यत्रापि योज्यम् । कुत इत्याह, परीषहाणा क्षुधादिदुःखभेदानामादिशब्दाद्देवादिकृतोपसर्गबाधानां चाविज्ञानादसंवेदनात् । तथा चोक्तम्—

"यस्य पुण्यं च पापं च, निष्फलं गलति स्वयम् । स योगी तस्य निर्वाणं, न यस्य पुनरास्रवः" ॥२४६॥
—आत्मानुशासनम् ।

"तथा ह्यचरमाङ्गस्य, ध्यानमभ्यस्यतः सदा । निर्जरा संवरश्चास्य सकलाशुभकर्मणाम्" ॥२२५॥
—तत्त्वानुशासनम् ।

ही ध्यावे, कारण कि स्वयं आत्मामे ही उसकी ज्ञप्ति (ज्ञान) होती है। उस ज्ञप्तिमें और कोई करणान्तर नही होते। जैसा कि तत्त्वानुशासनमे कहा है—"स्वपरज्ञप्तिरूपत्वात्०"

"वह आत्मा स्वपर-प्रतिभासस्वरूप है। वह स्वयं ही स्वयंको जानता है, और परको भी जानता है। उसमे उससे भिन्न अन्य करणोकी आवश्यकता नही है। इसलिये चिन्ताको छोड़कर स्वसंवित्ति-स्वसवेदनके द्वारा ही उसे जानो, जो कि खुदमे ही स्थित है। कारण कि परमार्थसे सभी पदार्थ स्वरूपमे ही रहा करते है। इसके लिये उचित है कि मनको एकाग्र कर चक्षु आदिक इन्द्रियोंकी अपने अपने विषयो (रूप आदिको) से व्यावृत्ति करे।" यहांपर संस्कृत-टीकाकार पंडित आशाधर जीने 'एकाग्र' शब्दके दो अर्थ प्रदर्शित किये है। 'एक कहिये विवक्षित कोई एक आत्मा, अथवा कोई एक द्रव्य, अथवा पर्याय, वही है, अग्र कहिये प्रधानतासे आलम्बनभूत विषय जिसका ऐसे मनको कहेंगे 'एकाग्र' अथवा एक कहिये पूर्वापर पर्यायोमे अविच्छिन्न रूपसे प्रवर्तमान द्रव्य-आत्मा वही है, अग्र-आत्मग्राह्य जिसका ऐसे मनको एकाग्र कहेंगे।

साराश यह है कि जहाँ कहीं अथवा आत्मामें ही श्रुतज्ञानके सहारेसे भावनायुक्त हुए मनके द्वारा इन्द्रियोको रोक कर स्वात्माकी भावना कर उसीमें एकाग्रताको प्राप्त कर चिन्ताको छोड़कर स्वसंवेदनके ही द्वारा आत्माका अनुभव करे। जैसा कि कहा भी है—"गहिय तं सुअणाणा०"

अर्थ—"उस (आत्मा) को श्रुतज्ञानके द्वारा जानकर पीछे संवेदन (स्वसवेदन) मे अनुभव करे। जो श्रुतज्ञानका आलम्बन नही लेता वह आत्मस्वभावके विषयमे गडबड़ा जाता है। इसी तरह यह भी भावना करे कि जैसा कि पूज्यपादस्वामीके समाधिशतकमे कहा है—"प्राच्याव्य विषयेभ्योऽहं०"

"मै इन्द्रियोके विषयोसे अपनेको हटाकर अपनेमें स्थित ज्ञानस्वरूप एवं परमानन्दमयी आपको अपने ही द्वारा प्राप्त हुआ हूँ।" ॥ २२ ॥

दोहा—मनको कर एकाग्र, सब इंद्रियविषय मिटाय।
आतमज्ञानी आतममें, निजको निजसे ध्याय ॥ २२ ॥

यहाँपर शिष्यका कहना है कि भगवन्! आत्मासे अथवा आत्माकी उपासना करनेसे क्या मतलब सधेगा—क्या फल मिलेगा? क्योंकि विचारवानोकी प्रवृत्ति तो फलज्ञानपूर्वक हुआ करती है, इस प्रकार पूछे जानेपर आचार्य जवाब देते है—

अज्ञानोपास्तिरज्ञानं, ज्ञानं ज्ञानिसमाश्रयः।
ददाति यत्तु यस्यास्ति, सुप्रसिद्धमिदं वचः ॥ २३ ॥

अन्वय—अज्ञानोपास्तिरज्ञानं, ज्ञानिसमाश्रयः ज्ञानं ददाति "यत्तु तस्य अस्ति तदेव ददाति" इदं सुप्रसिद्धं वचः।

टीका—ददाति। कासौ, अज्ञानस्य देहादेर्मूढभ्रान्तिसंदिग्धगुर्वादेर्वा उपास्ति सेवा। किं? अज्ञानं, मोहभ्रमसंदेहलक्षणं। तथा ददाति। कासौ, ज्ञानिनः स्वभावस्यात्मनो ज्ञानसंपन्नगुर्वादेर्वा समाश्रय। अनन्यपरया सेवनं। किं? ज्ञानं स्वार्थावबोधम्। उक्तं च,—

"ज्ञानमेव फलं ज्ञाने, ननु श्लाघ्यमनश्वरम्। अहो मोहस्य माहात्म्यमन्यदप्यत्र मृग्यते"॥१७५॥
—आत्मानुशासनम्।

को अत्र दृष्टान्त इत्याह यदित्यादि। ददातीत्यत्रापि योज्यं 'तुरवधारणे। तेनायमर्थः संपद्यते। यच्चैव यस्य स्वाधीनं विद्यते स सेव्यमानं तदेव ददातीत्येतद्वाक्यं लोके सुप्रतीतमतो भद्र ज्ञानिनमुपास्य समुल्लंभित-स्वपरविवेकज्योतिरजस्रमात्मानमात्मनि सेव्यश्च। अत्राप्याह शिष्यः-ज्ञानिनोध्यात्मस्वस्थस्य किं भवतीति निष्पन्नयोग्यपेक्षया स्वात्मध्यानफलप्रश्नोऽयम्। गुरुराह—॥ २३ ॥

अर्थ—अज्ञान कहिये ज्ञानसे रहित शरीरादिककी सेवा अज्ञानको देती है, और ज्ञान पुरुषों-की सेवा ज्ञानको देती है। यह बात प्रसिद्ध है, कि जिसके पास जो कुछ होता है, वह उसी को देता है, दूसरी चीज जो उसके पास है नही, वह दूसरेको कहाँसे देगा?

विशदार्थ—अज्ञान शब्दके दो अर्थ है, एक तो ज्ञान रहित शरीरादिक और दूसरे मिथ्या-ज्ञान (मोह-भ्रांति-संदेह) वाले मूढ़-भ्रांत तथा संदिग्ध गुरु आदिक। सो इनकी उपासना या सेवा अज्ञान तथा मोह-भ्रम व संदेह लक्षणात्मक मिथ्याज्ञानको देती है। और ज्ञानी कहिये, ज्ञान-स्वभाव आत्मा तथा आत्मज्ञानसम्पन्न गुरुओंकी तत्परताके साथ सेवा, स्वार्थविबोधरूप ज्ञानको देती है। जैसा कि श्रीगुणभद्राचार्यने आत्मानुशासनमें कहा है—"ज्ञानमेव फलं ज्ञाने०"

"ज्ञान होनेका फल, प्रशंसनीय एवं अविनाशी ज्ञानका होना ही है, यह निश्चयसे जानो। अहो! यह मोहका ही माहात्म्य है, जो इसमें ज्ञानको छोड़ कुछ और ही फल ढूँढ़ा जाता है। ज्ञानात्मासे ज्ञानकी ही प्राप्ति होना न्याय है। इसलिये हे भद्र! ज्ञानीकी उपासना करके प्रगट हुई है स्व-पर विवेकरूपी ज्योति जिसको ऐसा आत्मा, आत्माके द्वारा आत्मामें ही सेवनीय है, अनन्यशरण होकर भावना करनेके योग्य है।" ॥ २३ ॥

दोहा—अज्ञभक्ति अज्ञानको, ज्ञानभक्ति दे ज्ञान।
लोकोक्ती जो जो धरे, करे सो ताको दान॥ २३॥

यहाँ फिर भी शिष्य कहता है कि अध्यात्मलीन ज्ञानीको क्या फल मिलता है? इसमे स्वात्मनिष्ठ योगीकी अपेक्षासे स्वात्मध्यानका फल पूछा गया है। आचार्य कहते हैं—

परीषहाद्यविज्ञानादास्रवस्य निरोधिनी।
जायतेऽध्यात्मयोगेन, कर्मणामाशु निर्जरा॥ २४॥

अन्वय—अध्यात्मयोगेन परीषहाद्यविज्ञानात् आस्रवस्य निरोधिनी कर्मणां निर्जरा आशु जायते।

टीका—जायते भवति। कासौ, निर्जरा एकदेशेन संक्षयो विश्लेष इत्यर्थः। केषा, कर्मणा सिद्धयोग्य-पेक्षयाऽशुभाना च शुभानां साध्ययोग्यपेक्षया त्वसद्वेद्यादीनाम्। कथमाशु सद्यः। केन, अध्यात्मयोगेन अध्यात्म-न्यात्मनः प्रणिधानेन, किं केवला, नेत्याह-निरोधिनी प्रतिषेधयुक्ता। कस्यास्रवस्यागमनस्य कर्मणामित्यत्रापि योज्यम्। कुत इत्याह, परीषहाणा क्षुधादिदुःखभेदानामादिशब्दाद्देवादिकृतोपसर्गबाधानां चाविज्ञानादसंवेदनात्। तथा चोक्तम्—

"यस्य पुण्यं च पापं च, निष्फलं गलति स्वयम्। स योगी तस्य निर्वाणं, न यस्य पुनरास्रवः" ॥२४६॥
—आत्मानुशासनम्।

"तथा ह्यचरमाङ्गस्य, ध्यानमभ्यस्यतः सदा। निर्जरा संवरश्चास्य सकलाशुभकर्मणाम्" ॥२२५॥
—तत्वानुशासनम्।

"आत्मदेहान्तरज्ञानजनिताल्हादनिर्वृतः। तपसा दुष्कृतं घोरं भुञ्जानोऽपि न खिद्यते" ॥३४॥
—समाधिशतकम्।

एतच्च व्यवहारनयादुच्यते। कुत इत्याशङ्कायां पुनराचार्य एवाह—सा खलु कर्मणो भवति तस्य संबन्धस्तदा कथमिति। वत्स आकर्णय खलु यस्मात्सा एकदेशेन विश्लेषलक्षणा निर्जरा कर्मणः चित्सामान्यानुविधायिपुद्गलपरिणामरूपस्य द्रव्यकर्मणः संबन्धिनी संभवति द्रव्ययोरेव संयोगपूर्वविभागसंभवात्। तस्य च द्रव्यकर्मणस्तदा योगिनः स्वरूपमात्रावस्थानकाले संबन्धः प्रत्यासत्तिरात्मना सह। कथं केन संयोगादिप्रकारेण संभवति ? सूक्ष्मेक्षिकया समीक्षस्व न कथमपि संभवतीत्यर्थः। यदा खल्वात्मैव ध्यानं ध्येयं च स्यात्तदा सर्वात्मनाप्यात्मनः परद्रव्याद् व्यावृत्य स्वरूपमात्रावस्थितत्वात्कथं द्रव्यान्तरेण संबन्धः स्यात्तस्य द्विष्ठत्वात्। न चैतत्संसारिणो न संभवतीति वाच्यं। संसारतीरप्राप्तस्य योगिनो मुक्तात्मवत् पञ्चह्रस्वस्वरोच्चारणकालं यावत्तथावस्थानसंभवात् कर्मक्षपणाभिमुखस्य लक्षणोत्कृष्टशुक्ललेश्यासंस्कारावेशवशात्तावन्मात्रकर्मपारतन्त्र्यव्यवहरणात्। तथा चोक्तं परमागमे— ·

"सीलेसिं संपत्तो, णिरुद्धणिस्सेसआसवो जीवो। कम्मरयविप्पमुक्को, गयजोगी केवली होदि" ॥ ६५ ॥—गोम्मटसारः जीवकाडः। श्रूयतां चास्यैवार्थस्य संग्रहश्लोकः ॥ २४ ॥

अर्थ—आत्मामें आत्माके चिंतवनरूप ध्यानसे परीषहादिकका अनुभव न होनेसे कर्मोंके आगमनको रोकनेवाली कर्म-निर्जरा शीघ्र होती है।

विशदार्थ—अध्यात्मयोगसे आत्मामें आत्माका ही ध्यान करनेसे कर्मोंकी निर्जरा (एकदेशसे कर्मोंका क्षय हो जाना, कर्मोंका सम्बंध छूट जाना) हो जाती है। उसमे भी जो सिद्धयोगी हैं, उनके तो अशुभ तथा शुभ दोनों ही प्रकारोके कर्मोंकी निर्जरा हो जाती है। और जो साध्ययोगी हैं, उनके असातावेदनीय आदि अशुभ कर्मोंकी निर्जरा होती है। कोरी निर्जरा होती हो सो बात नही है। अपि तु भूख-प्यास आदि दुःखके भेदो (परीषहो) की तथा देवादिकोंके द्वारा किये गये उपसर्गोंकी बाधाको अनुभवमें न लानेसे कर्मोके आगमन (आस्रव) को रोक देनेवाली निर्जरा भी होती है। जैसा कि कहा भी है :—"यस्य पुण्यं च पापं च०"

"जिसके पुण्य और पापकर्म, विना फल दिये स्वयमेव (अपने आप) गल जाते हैं—खिर जाते हैं, वही योगी है। उसको निर्वाण हो जाता है। उसके फिर नवीन कर्मोका आगमन नही होता। इस श्लोक द्वारा पुण्य-पापरूप दोनों ही प्रकारके कर्मोंकी निर्जरा होना बतलाया है। और भी तत्त्वानुशासनमें कहा है—"तथा ह्यचरमांगस्य०"

चरमशरीरीके ध्यानका फल कह देनेके बाद आचार्य अचरमशरीरीके ध्यानका फल बतलाते हुए कहते हैं—कि जो सदा ही ध्यानका अभ्यास करनेवाला है, परन्तु जो अचरमशरीरी है, (तद्भवमोक्षगामी नही है) ऐसे ध्याताको सम्पूर्ण अशुभ कर्मोंकी निर्जरा व संवर होता है। अर्थात् वह प्राचीन एवं नवीन समस्त अशुभ कर्मोका संवर तथा निर्जरा करता है। इस श्लोक द्वारा पापरूप कर्मोंकी ही निर्जरा व उनका संवर होना बतलाया गया है। और भी पूज्यपादस्वामी ने समाधिशतकमें है—"आत्मदेहान्तरज्ञान०"

"आत्मा व शरीरके विवेक (भेद) ज्ञानसे पैदा हुए आनन्दसे परिपूर्ण (युक्त) योगी, तपस्याके द्वारा भयंकर उपसर्गों व घोर परीषहोको भोगते हुए भी खेद-खिन्न नही होते है।

यह सब व्यवहारनयसे कहा जाता है कि बन्धवाले कर्मोंकी निर्जरा होती है, परमार्थसे

नही। कदाचित् तुम कहो कि ऐसा क्यों ? आचार्य कहते हैं कि वत्स ! सुनो, क्योकि एकदेशमें सम्बन्ध छूटजाना, इसीको निर्जरा कहते है। वह निर्जरा कर्मको (चित्सामान्यके साथ अन्वय-व्यतिरेक रखनेवाले पुद्गलोके परिणामरूप द्रव्यकर्मकी) हो सकती है। क्योंकि संयोगपूर्वक विभाग दो द्रव्योंमें ही बन सकता है। अब जरा बारीक दृष्टिसे विचार करो कि उस समय जब कि योगी पुरुष स्वरूपमात्रमें अवस्थान कर रहा है, उस समय द्रव्यकर्मका आत्माके साथ संयोगादि सम्बन्धोंमेसे कौन-सा सम्बन्ध हो सकता है ? मतलब यह है कि किसी तरहका सम्बन्ध नहीं बन सकता। जिस समय आत्मा ही ध्यान और ध्येय हो जाता है, उस समय हर तरहसे आत्मा परद्रव्योसे व्यावृत होकर केवलस्वरूपमें ही स्थित हो जाता है। तब उसका दूसरे द्रव्यसे सम्बन्ध कैसा ? क्योकि सम्बन्ध तो दोमें रहा करता है, एकमें नहीं होता है।

यह भी नही कहना कि इस तरहकी अवस्था संसारीजीवमें नहीं पाई जाती। कारण कि संसाररूपी समुद्र-तटके निकटवर्ती अयोगीजनोंका मुक्तात्माओकी तरह पंच ह्रस्व अक्षर (अ इ उ ऋ ऌ) के बोलनेमें जितना काल लगता है, उतने कालतक वैसा (निर्बन्ध-बन्ध रहित) रहना सम्भव है।

शीघ्र ही जिनके समस्त कर्मोंका नाश होनेवाला है, ऐसे जीवों (चौदहवें गुणस्थानवाले जीवों) में भी उत्कृष्ट शुक्लेश्याके संस्कारके वशसे उतनी देर (पंच ह्रस्व अक्षर बोलनेमें जितना समय लगता है, उतने समय) तक कर्मपरतन्त्रताका व्यवहार होता है जैसा कि परमागममें कहा गया है—"सीलेसिं संपत्तो०"

"जो शीलोंके ईशत्व (स्वामित्व) को प्राप्त हो गया है, जिसके समस्त आस्रव रुक गये है, तथा जो कर्मरूपी धूलीसे रहित हो गया है, वह गतयोग-अयोगकेवली होता है" ॥ २४ ॥

दोहा—परिषहादि अनुभव विना, आतम-ध्यान प्रताप।
शीघ्र ससंवर निर्जरा, होत कर्मकी आप ॥ २४ ॥

उपरिलिखित अर्थको बतलानेवाला और भी श्लोक सुनो—

कटस्थ कर्त्ताहमिति, संबन्धः स्याद् द्वयोर्द्वयोः।
ध्यानं ध्येयं यदात्मैव, संबन्धः कीदृशस्तदा ॥ २५ ॥

अन्वय—अहं कटस्य कर्त्ता इति द्वयोर्द्वयोः संबन्धः स्यात्, यदा आत्मैव ध्यानं ध्येयं तदा कीदृशः सबन्ध।

टीका—स्याद् भवेत्। कोसौ, संबन्धः द्रव्यादिना प्रत्यासत्तिः। कयोर्द्वयोः कथंचिद् भिन्नयोः पदार्थयो. इति अनेन लोकप्रसिद्धेन प्रकारेण कथमिति यथाहमस्मि। कीदृशः, कर्त्ता निर्माता। कस्य, कटस्य वंशदलाना जलादिप्रतिबन्धाद्यर्थस्य परिणामस्य। एवं संबन्धस्य द्विष्ठतां प्रदर्श्य प्रकृतेर्व्यतिरेकमाह। ध्यानमित्यादि ध्यायते येन ध्यायति वा यस्तद्ध्यानं ध्यातिक्रियां प्रति करणं कर्त्ता वा। उक्तं च—

"ध्यायते येन तद्ध्यानं, यो ध्यायति स एव वा। यत्र वा ध्यायते यद्वा, ध्यातिर्वा ध्यानमिष्यते ?" ॥६७॥

—तत्त्वानुशासनम्।

ध्यायत इति ध्येयं वा ध्यातिक्रियया ध्याप्यं। यदा यस्मिन्नात्मनः परमात्मना सहैकीकरणकाले आत्मैव

चिन्मात्रमेव स्यात्तदा कीदृशः संयोगादिप्रकारः संबन्धो द्रव्यकर्मणा सहात्मनः स्यात् येन जायतेऽध्यात्मयोगेन कर्मणामाशु निर्जरेति परमार्थतः कथ्यते। अत्राह शिष्यः—तर्हि कथं अप्रतिपक्षश्च मोक्ष इति भगवन् यद्यात्मकर्मबन्धस्ते, द्रव्ययोरध्यात्मयोगेन विश्लेषः क्रियते। तर्हि कथं केनोपायप्रकारेण तयोर्बन्धः परस्परप्रदेशानुप्रवेशलक्षणः संश्लेषः स्यात्। तत्पूर्वकत्वाद्विश्लेषस्य कथं च तत्प्रतिपक्षो बन्धविरोधी मोक्षः सकलकर्मविश्लेषलक्षणो जीवस्य स्यात्तस्यैवानन्तसुखहेतुत्वेन योगिभिः प्रार्थनीयत्वात्। गुरुराह—॥ २५ ॥

अर्थ—"मैं चटाईका बनानेवाला हूँ" इस तरह जुदा-जुदा दो पदार्थोंमें सम्बन्ध हुआ करता है। जहाँ आत्मा ही ध्यान, ध्याता (ध्यान करनेवाला) और ध्येय हो जाता है, वहाँ सम्बंध कैसा ?

विशदार्थ—लोकप्रसिद्ध तरीका तो यही है, कि किसी तरह भिन्न (जुदा जुदा) दो पदार्थोंमे संबन्ध हुआ करता है। जैसे बाँसकी खपच्चियोसे जलादिकके सबंधसे बननेवाली चटाईका मै कर्त्ता हूँ—बनानेवाला हूँ। यहाँ बनानेवाला 'मै' जुदा हूँ और बननेवाली 'चटाई' जुदी है। तभी उनमे 'कर्तृकर्म' नामका सम्बंध हुआ करता है। इस प्रकार सम्बंध द्विष्ठ (दो मे रहनेवाला) हुआ करता है। इसको बतलाकर, प्रकृतमे वह बात (भिन्नता) बिलकुल भी नही है इसको दिखलाते है।

"ध्यायते येन, ध्यायति वा यस्तद् ध्यान, ध्यातिक्रियां प्रति करणं कर्त्ता च"—जिसके द्वारा ध्यान किया जाय अर्थात् जो ध्यान करनेमे करण हो—साधन हो उसे ध्यान कहते है। तथा जो ध्याता है—ध्यानका कर्त्ता है, उसे भी ध्यान कहते हैं, जैसा कि कहा भी है—"ध्यायते येन तद् ध्यानं०"

"जो ध्यैञ् चिन्तायाम्" धातुका व्याप्य हो अर्थात् जो ध्याया जावे, उसे ध्येय कहते है। परंतु जब आत्माका परमात्माके साथ एकीकरण होनेके समय, आत्मा ही चिन्मात्र हो जाता है, तब संयोगादिक प्रकारोमेसे द्रव्यकर्मोंके साथ आत्माका कौनसे प्रकारका सम्बन्ध होगा ? जिससे कि "अध्यात्मयोगसे कर्मोंकी शीघ्र निर्जरा हो जाती है" यह बात परमार्थसे कही जावे। भावार्थ यह है कि आत्मासे कर्मोंका सम्बन्ध छूट जाना निर्जरा कहलाती है। परंतु जब उत्कृष्ट अद्वैत ध्यानावस्थामें किसी भी प्रकार कर्मका सम्बन्ध नही, तब छूटना किसका ? इसलिये सिद्धयोगी कहो या गतयोगी अथवा अयोगकेवली कहो, उनमे कर्मोंकी निर्जरा होती है, यह कहना व्यवहारनयसे ही है, परमार्थसे नही।" ॥ २५ ॥

दोहा—'कटका मै कर्तार हूँ" यह द्विष्ठ सम्बन्ध।
आप हि ध्याता ध्येय जहँ, कैसे भिन्न सम्बन्ध ॥ २५ ॥

यहाँपर शिष्यका कहना है कि भगवन् ! यदि आत्मद्रव्य और कर्मद्रव्यका अध्यात्मयोगके बलसे बन्ध न होना बतलाया जाता है, तो फिर किस प्रकारसे उन दोनोमें (आत्मा और कर्मरूप पुद्गल द्रव्योंमें) परस्पर एकके प्रदेशोमे दूसरेके प्रदेशोका मिलजाना रूप बंध होगा ? क्योंकि बन्धाभाव तो बंधपूर्वक ही होगा। और बंधका प्रतिपक्षी, सम्पूर्ण कर्मोकी विमुक्तावस्था रूप मोक्ष भी जीवको कैसे बन सकेगा ? जो कि अविच्छिन्न अविनाशी सुखका कारण होनेसे योगियोंके द्वारा प्रार्थनीय हुआ करता है ? आचार्य कहते है—

वध्यते मुच्यते जीवः, सममो निर्ममः क्रमात् ।
तस्मात्सर्वप्रयत्नेन, निर्ममत्वं विचिन्तयेत् ॥ २६ ॥

अन्वय—समम: निर्मम. जीवः क्रमात् वध्यते मुच्यते तस्मात् सर्वप्रयत्नेन निर्ममत्वं विचिन्तयेत् ।

टीका—ममेत्यव्ययं ममेदमित्यभिनिवेशार्थमव्ययानामनेकार्थत्वात् तेन सममो ममेदमित्यभिनिवेशाविष्टो अहमस्येत्यभिनिवेशाविष्टश्चोपलक्षणत्वात् जीवः कर्मभिर्वध्यते । तथा चोक्तम्—

"न कर्मवहुलं जगन्नचलनात्मकं कर्म्म वा न नैककरणानिवान चिदचिद्विवो वन्धकृत् । यदैक्यमुपयोगभूः समुपयाति रागादिभिः, स एव किल केवलं भवति वन्धहेतुर्नृणाम्" ॥२॥—नाटकसमयसारकलशाः वन्धोऽधिकारः ।—अनगारधर्मामृते पष्ठोऽध्यायः पृ० २०५

यदेक्यमुपयोगभूसमुपरी अतिरागादिभिः स एव किल केवलं भवति वन्धहेतुर्नृणाम् । तथा स एव जीवो निर्ममस्तद्विपरीतस्तैर्मुच्यत इति यथासंख्येन योजनार्थं क्रमादित्युपात्ताम् । उक्तं च—

"अकिंचनोऽहमित्यास्व, त्रैलोक्याधिपतिर्भवेः । योगिगम्यं तव प्रोक्तं, रहस्यं परमात्मनः" ॥ ११० ॥
—आत्मानुशासनम् ।

अथवा "रागी वध्नाति कर्माणि, वीतरागो विमुञ्चति । जीवो जिनोपदेशोऽयं, संक्षेपाद्वन्धमोक्षयोः"॥
—ज्ञानार्णवः पृ० २४२

यस्मादेवं तस्मात्सर्वप्रयत्नेन व्रताद्यवधानेन मनोवाक्कायप्रणिधानेन वा निर्ममत्वं विचिन्तयेत् ।

मत्तः कायादयो भिन्नास्तेभ्योऽहमपि तत्त्वत. । नाहमेषां किमप्यस्मि ममाप्येते न किंचन ॥ इत्यादि श्रुतज्ञानभावनया मुमुक्षुर्विशेषेण भावयेत् । उक्तं च—

"निवृत्तिं भावयेद्यावन्निर्वृत्तिं तदभावतः । न वृत्तिर्न निवृत्तिश्च, तदेव पदमव्ययं" ॥ २३६ ॥
—आत्मानुशासनम् ।

अथाह शिष्यः—कथं नु तदिति निर्ममत्वविचिन्तनोपायप्रश्नोऽयम् अथ गुरुस्तत्प्रक्रियां मम विज्ञस्य का स्पृहेति यावदुपदिशति—॥ २६ ॥

अर्थ—"ममतावाला जीव बँधता है और ममता रहित जीव मुक्त होता है । इसलिये हर तरह पूरी कोशिशके साथ निर्ममताका ही ख्याल रक्खे ।"

विशदार्थ—अव्ययोंके अनेक अर्थ होते हैं, इसलिये, "मम" इस अव्ययका अर्थ 'अभिनिवेश' है, इसलिये 'समम' कहिये 'मेरा यह है' इस प्रकारके अभिनिवेशवाला जीव भी कर्मोंसे बँधता है । उपलक्षणसे यह भी अर्थ लगा लेना कि 'मैं इसका हूँ' ऐसे अभिनिवेशवाला जीव भी बँधता है, जैसा कि अमृताचार्यने समयसारकलशमें कहा है—

"न कर्मबहुलं जगन्न०"

अर्थ—न तो कर्मस्कंधोंसे भरा हुआ यह जगत् बंधका कारण है, और न हलनचलनादिरूप क्रिया ही, न इन्द्रियाँ करण हैं, और न चेतन अचेतन पदार्थोंका विनाश करना ही वन्धका कारण है । किन्तु जो उपयोगरूपी जमीन रागादिकोंके साथ एकताको प्राप्त होती है, सिर्फ वही अर्थात् जीवोंका रागादिक सहित उपयोग ही वन्धका कारण है । यदि वही जीव निर्मम रागादि रहित-उपयोगवाला हो जाय, तो कर्मोंसे छूट जाता है । कहा भी है कि—"अकिंचनोऽह०"

मै अकिंचन हूँ, मेरा कुछ भी नही, बस ऐसे होकर बैठे रहो और तीन लोकके स्वामी हो जाओ। यह तुम्हे बड़े योगियोके द्वारा जाने जा सकने लायक परमात्माका रहस्य बतला दिया है।

और भी कहा है—"रागी बध्नाति कर्माणि०" रागी जीव कर्मोको बाँधता है। रागादिसे रहित हुआ जीव मुक्त हो जाता है। बस यही संक्षेपमें बंध मोक्ष विषयक जिनेन्द्रका उपदेश है। जब कि ऐसा है, तब हरएक प्रयत्नसे व्रतादिकोमे चित्त लगाकर अथवा मन, वचन, कायकी सावधानतासे निर्ममताका ही ख्याल रखना चाहिये "मत्तः कायादयो भिन्नास्०"

"शरीरादिक, मुझसे भिन्न है, मैं भी परमार्थसे इनसे भिन्न हूँ, न मै इनका कुछ हूँ, न मेरे ही ये कुछ हैं।" इत्यादिक श्रुतज्ञानकी भावनासे मुमुक्षुको भावना करनी चाहिये। आत्मानुशासनमें गुणभद्रस्वामीने कहा है।—"निवृत्तिं भावयेत्०"

जबतक मुक्ति नही हुई तबतक परद्रव्योंसे हटनेकी भावना करे। जब उसका अभाव हो जायगा, तब प्रवृत्ति ही न रहेगी। बस वही अविनाशी पद जानो ॥ २६ ॥

दोहा—मोही बाँधत कर्मको, निर्मोही छुट जाय।
यातें गाढ़ प्रयत्नसे, निर्ममता उपजाय ॥ २६ ॥

यहाँपर शिष्य कहता है कि इसमे निर्ममता कैसे होवे ? इसमें निर्ममताके चिंतवन करनेके उपायोका सवाल किया गया है। अब आचार्य उसकी प्रक्रियाको "एकोऽहं निर्ममः०" से प्रारंभ कर "मम विज्ञस्य का स्पृहा०" तकके श्लोकों द्वारा बतलाते है।

एकोऽहं निर्ममः शुद्धो, ज्ञानी योगीन्द्रगोचरः।
बाह्याः संयोगजा भावा, मत्तः सर्वेऽपि सर्वथा ॥ २७ ॥

अन्वय—अहं एकः निर्ममः शुद्धः ज्ञानी योगीन्द्रगोचरः संयोगजाः सर्वेऽपि भावा मत्तः सर्वथा बाह्यः।

टीका—द्रव्यार्थिकनयादेकः पूर्वापरपर्यायानुस्यूतो निर्ममो ममेदमहमस्येत्यभिनिवेशशून्यः शुद्धः शुद्धनयादेशाद् द्रव्यभावकर्मनिर्मुक्तो ज्ञानी स्वपरप्रकाशस्वभावो योगीन्द्रगोचरोऽनन्तपर्यायविशिष्टतया केवलिनां शुद्धोपयोगमात्रमयत्वेन श्रुतकेवलिना च संवेद्योऽहमात्मास्मि ये तु संयोगाद् द्रव्यकर्मसबन्धाद्याता मया सह संबन्धं प्राप्ता भावा देहादयस्ते सर्वेऽपि मत्तो मत्सकाशात्सर्वथा सर्वेण द्रव्यादिप्रकारेण बाह्या भिन्नाः सन्ति पुनर्भाविक एव विमृशति संयोगात्किमिति देहादिभिः संबन्धाद्देहिना किं फलं स्यादित्यर्थः। तत्र स्वयमेव समाधत्ते—॥२७॥

अर्थ—मै एक, ममता रहित, शुद्ध, ज्ञानी, योगीन्द्रोके द्वारा जानने लायक हूँ। संयोगजन्य जितने भी देहादिक पदार्थ है, वे मुझसे सर्वथा बाहिरी–भिन्न हैं।

विशदार्थ—मै द्रव्यार्थिकनयसे एक हूँ, पूर्वापर पर्यायोमें अन्वित हूँ। निर्मम हूँ–'मेरा यह' 'मै इसका' ऐसे अभिनिवेशसे रहित हूँ। शुद्ध हूँ, शुद्धनयकी अपेक्षासे, द्रव्यकर्म भावकर्मसे रहित हूँ, केवलियोके द्वारा तो अनन्त पर्याय सहित रूपसे और श्रुतकेवलियोके द्वारा शुद्धोपयोगमात्ररूपसे जाननेमें आसकने लायक हूँ, ऐसा मै आत्मा हूँ, और जो संयोगसे-द्रव्यकर्मोके सम्बन्धसे प्राप्त हुए देहादिक पर्याय है, वे सभी मुझसे हर तरहसे (द्रव्यसे गुणसे पर्यायसे) बिल्कुल जुदे है ॥ २७ ॥

दोहा—मैं इक निर्मम शुद्ध हूँ, ज्ञानी योगीगम्य।
कर्मोदयसे भाव सब, मोतैं पूर्ण अगम्य ॥ २७ ॥

फिर भावना करनेवाला सोचता है कि देहादिकके सम्बन्धसे प्राणियोंको क्या होता है? क्या फल मिलता है? उसी समय वह स्वयं ही समाधान भी करता है कि—

दुःखसंदोहभागित्वं, संयोगादिह देहिनाम्।
त्यजाम्येनं ततः सर्वं, मनोवाक्कायकर्मभिः ॥ २८ ॥

अन्वय—इह संयोगात् देहिनां दुःखसंदोहभागित्वं ततः एनं सर्वमनोवाक्कायकर्मभिः त्यजामि।

टीका—दुःखानां संदोहः समूहस्तद्भागित्वं देहिनामिह संसारे संयोगाद्देहादिसंबन्धाद्भवेत्। यतश्चैवं तत एनं संयोगं सर्वं निःशेषं त्यजामि। कैः क्रियमाणं, मनोवाक्कायकर्मभिर्मनोवर्गणाद्यालम्बनैरात्मप्रदेशपरिस्पन्दैस्तैरेव त्यजामि। अयमभिप्रायो मनोवाक्कायान्प्रतिपरिस्पन्दमानानात्मप्रदेशान् भावतो निरुन्धामि। तद्भेदाभेदाभ्यासमूलत्वात्सुखदुःखैकफलनिर्वृतिसंसृत्योः। तथा चोक्तम्—

"स्वबुद्धया यत्तु गृह्णीयात्कायवाक्चेतसां त्रयम्। संसारस्तावदेतेषां, तदाभ्यासेन निर्वृतिः" ॥ ६२ ॥
—समाधिशतकम्

पुनः स एवं विमृशति—पुद्गलेन किल संयोगस्तदपेक्षा मरणादयस्तद्व्यथाः कथं परिह्रियन्त इति। पुद्गलेन देहात्मना मूर्तद्रव्येण सह किल आगमे श्रूयमाणो जीवस्य संबन्धोऽस्ति तदपेक्षाश्च पुद्गलसंयोगनिमित्ते मरणादयो मृत्युरोगादयः संभवन्ति। तद्यथा मरणादयः संभवन्ति। मरणादिसंबन्धिन्यो बाधाः। कथं, केन भावनाप्रकारेण मया परिह्रियन्ते। तदभिभवः कथं निवार्यते इत्यर्थः। स्वयमेव समाधत्ते;—॥२८॥

अर्थ—इस संसारमें देहादिकके सम्बन्धसे प्राणियोंको दुःख-समूह भोगना पड़ता है—अनन्त क्लेश भोगने पडते हैं, इसलिये इस समस्त सम्बन्धको जो कि मन, वचन, कायकी क्रियासे हुआ करते हैं, मनसे, वचनसे, कायसे छोड़ता हूँ। अभिप्राय यह है कि मन, वचन, कायका आलम्बन लेकर चंचल होनेवाले आत्माके प्रदेशोंको भावोंसे रोकता हूँ। 'आत्मा, मन वचन कायसे भिन्न है,' इस प्रकारके अभ्याससे सुखरूप एक फलवाले मोक्षकी प्राप्ति होती है और मन, वचन, कायसे आत्मा अभिन्न है, इस प्रकारके अभ्याससे दुःखरूप एक फलवाले संसारकी प्राप्ति होती है, जैसा कि पूज्यपादस्वामीने समाधिशतकमें कहा है—"स्वबुद्धया यत्तु गृह्णीयात्०"

"जबतक शरीर, वाणी और मन इन तीनोंको ये 'स्व हैं—अपने हैं' इस रूपमें ग्रहण करता रहता है। तबतक संसार होता है और जब इनसे भेद-बुद्धि करनेका अभ्यास हो जाता है, तब मुक्ति हो जाती है।" ॥ २८ ॥

दोहा—प्राणी जो संयोगतैं, दुःख समूह लहात।
याते मन वच काय युत, हूँ तो सर्व तजात ॥ २८ ॥

फिर भावना करनेवाला सोचता है कि पुद्गल—शरीरादिकरूपी मूर्तद्रव्यके साथ जैसा कि

आगममें सुना जाता है, जीवका सम्बन्ध है। उस सम्बन्धके कारण ही जीवका मरण व रोगादिक होते हैं, तथा मरणादि सम्बन्धी बाधाएँ भी होती हैं। तब इन्हें कैसे व किस भावनासे हटाया जावे? वह भावना करनेवाला स्वयं ही समाधान कर लेता है कि—

न मे मृत्युः कुतो भीतिर्न मे व्याधिः कुतो व्यथा।
नाहं बालो न वृद्धोऽहं, न युवैतानि पुद्गले ॥ २९ ॥

अन्वय—मे मृत्युर्न कुतः भीतिः, मे व्याधिर्न व्यथा कुतः, अहं न बालः, नाहं वृद्धः, न युवा, एतानि पुद्गले।

टीका—न मे एकोऽहमित्यादिना निश्चितात्मस्वरूपस्य मृत्युः प्राणत्यागो नास्ति। चिच्छक्तिलक्षणभावप्राणाना कदाचिदपि त्यागाभावात्। यतश्च मे मरण नास्ति तत. कुतः कस्मात्मरणकारणात्कृष्णसर्पादेर्भीतिर्भयं मम स्यान्न कुतश्चिदपि विभेमीत्यर्थः। तथा व्याधिर्वातादिदोषवैषम्य मम नास्ति मूर्त्तसम्बन्धित्वाद्वातादीनाम्। यतश्चैवं तत. कस्मात् ज्वरादिविकारात् मम व्यथा स्यात्तथा बालाद्यवस्थो नाहमस्मि तत. कथ बालाद्यवस्थाप्रभवैः दुःखैरभिभूयेय अहमिति सामर्थ्यादत्र द्रष्टव्यम्। तर्हि क्व मृत्युप्रभृतीनि स्युरित्याह—एतानि मृत्युव्याधिबालादीनि पुद्गले मूर्त्ते देहादावेव संभवन्ति। मूर्तधर्मत्वादमूर्ते मयि तेपा नितरामसंभवात्। भूयोऽपि भावक एव स्वयमाशङ्कते तर्ह्येतान्यासाद्य मुक्तानि पश्चात्तापकारीणि भविष्यन्तीति यद्युक्तनीत्या भयादयो मे न भवेयुस्तर्हि एतानि देहादिवस्तून्यासाद्य जन्मप्रभृत्यात्मात्मीयभावेन प्रतिपद्य मुक्तानीदानी भेदभावनावष्टम्भान्मया त्यक्तानि। चिराभ्यस्ताभेदसंस्कारवशात्पश्चात्तापकराणि किमितीमानि मयात्मीयानि त्यक्तानीत्यनुशयकरीणि मम भविष्यन्ति। अत्र स्वयमेव प्रतिषेधमनुध्यायति[1] तन्नेति यत —॥ २९ ॥

अर्थ—मेरी मृत्यु नही, तब डर किसका? मुझे व्याधि नही, तब पीड़ा कैसे? न मैं बालक हूँ, न बूढ़ा हूँ, न जवान हूँ। ये सब बातें (दशाएँ) पुद्गलमे ही पाई जाती हैं।

विशदार्थ—"एकोहं निर्ममः शुद्धः" इत्यादिरूपसे जिसका स्वस्वरूप निश्चित हो गया है, ऐसा जो मै हूँ, उसका प्राणत्यागरूप मरण नही हो सकता, कारण कि चित्शक्तिरूप भाव-प्राणोका कभी भी विछोह नही हो सकता। जब कि मेरा मरण नही, तब मरणके कारणभूत काले नाग आदिकोसे मुझे भय क्यो? अर्थात् मै किसीसे भी नही डरता हूँ। इसी प्रकार वात, पित्त, कफ आदिकी विषमताको व्याधि कहते है, और वह मुझे है नही, कारण कि वात आदिक मूर्तपदार्थसे ही सम्बन्ध रखनेवाले है। जब ऐसा है, तब ज्वर आदि विकारोसे मुझे व्यथा—तकलीफ कैसी? इसी तरह मै बाल, वृद्ध आदि अवस्थावाला भी नही हूँ। तब बाल, वृद्ध आदि अवस्थाओसे पैदा होनेवाले दुःखो-क्लेशोसे मैं कैसे दुःखी हो सकता हूँ? अच्छा यदि मृत्यु वगैरह आत्मामे नही होते, तो किसमे होते है? इसका जवाब यह है कि 'एतानि पुद्गले' ये मृत्यु-व्याधि और बाल-वृद्ध आदि दशाएँ पुद्गल-मूर्त शरीर आदिकोमे ही हो सकती है। कारण कि ये सब मूर्तिमान् पदार्थोके धर्म है। मै तो अमूर्त हूँ, मुझमे वे कदापि नही हो सकती।

दोहा—मरण रोग मोमैं नही, तातैं सदा निशंक।
बाल तरुण नहिं वृद्ध हूँ, ये सब पुद्गल अंक ॥ २९ ॥

---

१. करोति।

फिर भी भावना करनेवाला खुद शंका करता है, कि यदि कही हुई नीतिके अनुसार मुझे भय आदि न होवे न सही, परन्तु जो जन्मसे लगाकर अपनाई गई थी और भले ही जिन्हे मैने भेद-भावनाके बलसे छोड़ दिया है, ऐसी देहादिक वस्तुएँ, चिरकालके अभ्यस्त-अभेद संस्कारके वशसे पश्चात्ताप करनेवाली हो सकती है कि 'अपनी इन चीजोंको मैने क्यो छोड़ दिया ?'

भावक-भावना करनेवाला स्वयं ही प्रतिबोध हो सोचता है कि नही, ऐसा नही हो सकता है, कारण कि—

भुक्तोज्झिता मुहुर्मोहान्मया सर्वेऽपि पुद्गलाः ।
उच्छिष्टेष्विव तेष्वद्य, मम विज्ञस्य का स्पृहा ॥३०॥

अन्वय—मोहात् सर्वेऽपि पुद्गलाः मया मुहुर्भुक्तोज्झिताः उच्छिष्टेष्विव तेषु अद्य विज्ञस्य मम का स्पृहा ।

टीका— मोहादविद्यावेशवशादनादिकालं कर्मादिभावेनोपादाय सर्वे पुद्गला मया संसारिणा जीवेन वार वार पूर्वमनुभूता. पश्चाच्च नीरसीकृत्य त्यक्ताः यतश्चैवं तत उच्छिष्टेष्विव भोजनगन्धमाल्यादिषु स्वयं भुक्त्वा त्यक्तेषु यथा लोकस्य तथा मे संप्रति विज्ञस्य तत्त्वज्ञानपरिणतस्य तेषु फेलाकल्पेषु[1] पुद्गलेषु का स्पृहा ? न कदाचिदपि । वत्स ! त्वया मोक्षार्थिना निर्ममत्वं विचिन्तयितव्यम् । अत्राह शिष्यः । अथ कथं ते निवध्यन्त इति । अथेति प्रश्ने केन प्रकारेण पुद्गला जीवेन नियतमुपादीयन्ते इत्यर्थः । गुरुराह—॥ ३० ॥

अर्थ—मोहसे मैने सभी पुद्गलोको बार-बार भोगा, और छोड़ा । भोग भोगकर छोड़ दिया । अब जूठनके लिए (मानिन्द) उन पदार्थोमे मेरी क्या चाहना हो सकती है ? अर्थात् उन भोगोंके प्रति मेरी चाहना-इच्छा ही नही है ।

विशदार्थ—अविद्याके आवेशके वशसे अनादिकालसे ही मुझ संसारीजीवने कर्म आदिके रूपमें समस्त पुद्गलोंको बार-बार पहले भोगा और पीछे उन्हें नीरस (कर्मत्वादि रहित) करके छोड दिया । जब ऐसा है, तब स्वयं भोगकर छोड़ दिये गये जूठन-उच्छिष्ट भोजन, गन्ध, मालादिकोंमें जैसे लोगो को फिर भोगनेकी स्पृहा नही होती, उसी तरह इस समय तत्त्वज्ञानसे विशिष्ट हुए मेरी उन छिनकी हुई रेंट (नाक) सरीखे पुद्गलोमे क्या अभिलाषा हो सकती है ? नही, नही; हरगिज नही । भैया ! जब कि तुम मोक्षार्थी हो तब तुम्हें निर्ममत्वकी ही भावना करनी चाहिये ॥ ३० ॥

दोहा—सब पुद्गलको मोहसे, भोग भोगकर त्याग ।
मै ज्ञानी करता नहीं, उस उच्छिष्टमें राग ॥ ३० ॥

यहांपर शिष्य कहता है कि वे पुद्गल क्यों बँध जाते है ? अर्थात् जीवके द्वारा पुद्गल क्यो और किस प्रकारसे हमेशा बन्धको प्राप्त होते रहते है ?

---

१. फेलाभुक्तसमुज्झितम् । अ । भुक्त्वा त्यक्तमित्यर्थ. ।

आचार्य उत्तर देते हुए कहते हैं—

कर्म कर्महितावन्धि, जीवो जीवहितस्पृहः।
स्वस्वप्रभावभूयस्त्वे, स्वार्थं को वा न वाञ्छति ॥३१॥

अन्वय—कर्म, कर्महितावन्धि, जीवः जीवहितस्पृहः स्वस्वप्रभावभूयस्त्वे स्वार्थं को वा न वाञ्छति।

टीका—"कत्थवि वलिओ जीवो, कत्थवि कम्माइ हुंति वलियाइ। जीवस्स य कम्मस्स य, पुव्वविरुद्धाइ वइराइ॥" इत्यभिधानात्पूर्वोपार्जित बलवत्कर्म कर्मणः स्वस्यैव हितमावध्नाति जीवस्यौदयिकादिभावमुद्भाव्य नवनवकर्माधायकत्वेन स्वसतानं पुष्णातीत्यर्थः। तथा चोक्तम्—

"जीवकृतं परिणाम, निमित्तमात्रं प्रपद्य पुनरन्ये। स्वयमेव परिणमन्तेऽत्र पुद्गलाः कर्मभावेन" ॥ १२ ॥
—पुरुषार्थसिद्धयुपायः

"परिणममानस्य चितश्चिदात्मकैः स्वयमपि स्वकैर्भावैः। भवति हि निमित्तमात्रं, पौद्गलिकं कर्म तस्यापि"॥१३॥
—पुरुषार्थसिद्धयुपायः

तथा जीवः कालादिलब्ध्या बलवानात्मा जीवस्य स्वस्यैव हितमनन्तसुखहेतुत्वेनोपकारकं मोक्षमाकाङ्क्षति। अत्र दृष्टान्तमाह—स्वस्वेत्यादि निजनिजमाहात्म्यवहुतरत्वे सति स्वार्थे स्वस्योपकारकं वस्तु को न वाञ्छति सर्वोऽप्यभिलषतीत्यर्थः। ततो विद्धि कर्माविष्टो जीवः कर्म सचिनोतीति। यतश्चैवं ततः—॥३१॥

अर्थ—कर्म कर्मका हित चाहते है। जीव जीवका हित चाहता है। सो ठीक ही है, अपने-अपने प्रभावके बढनेपर कौन अपने स्वार्थको नही चाहता। अर्थात् सब अपना प्रभाव बढाते ही रहते है।

विशदार्थ—कभी जीव बलवान् होता तो कभी कर्म बलवान् हो जाते है। इस तरह जीव और कर्मोका पहलेसे (अनादिसे) ही वैर चला आ रहा है। ऐसा कहनेसे मतलब यह निकला कि पूर्वोपार्जित बलवान् द्रव्यकर्म, अपना यानी द्रव्यकर्मका हित करता है अर्थात् द्रव्यकर्म, जीवमे औदयिक आदि भावोको पैदा कर नये द्रव्यकर्मोको ग्रहणकर अपनी सतानको पुष्ट किया करता है, जैसा कि अमृतचन्द्राचार्यने पुरुषार्थसिद्धयुपायमे कहा है—"जीवकृतं परिणाम०", "परिणममानस्य०"

जीवके द्वारा किये गये परिणाम जो कि निमित्तमात्र है, प्राप्त करके जीवसे विभिन्न पुद्गल, खुद ब खुद कर्मरूप परिणम जाते है। और अपने चेतनात्मक परिणामोसे स्वयं ही परिणमनेवाले जीवके लिये वह पौद्गलिककर्म सिर्फ निमित्त बन जाता है। तथा कालादि लब्धिसे बलवान् हुआ जीव अपने हितको अनन्त सुखका कारण होनेसे उपकार करनेवाले स्वात्मोपलब्धिरूप मोक्षको चाहता है। यहाँपर एक स्वभावोक्ति कही जाती है कि "अपने-अपने माहात्म्यके प्रभावके बढनेपर स्वार्थको—अपनी अपनी उपकारक वस्तुको कौन नही चाहता? सभी चाहते है॥ ३१॥

दोहा—कर्म कर्महितकार है, जीव जीवहितकार।
निज प्रभाव बल देखकर, को न स्वार्थ करतार॥ ३१॥

इसलिये समझो कि कर्मोसे बँधा हुआ प्राणी कर्मोका संचय किया करता है। जबकि ऐसा है तब —

परोपकृतिमुत्सृज्य, स्वोपकारपरो भव।
उपकुर्वन्परस्याज्ञो, दृश्यमानस्य लोकवत् ॥ ३२ ॥

अन्वय—परोपकृति उत्सृज्य स्वोपकारपरो भव दृश्यमानस्य परस्य उपकुर्वन् अज्ञः लोकवत्।

टीका—परस्य कर्मणो देहादेर्वा अविद्यावशात् क्रियमाणमुपकारं विद्याभ्यासेन त्यक्त्वात्मानुग्रहप्रधानो भव त्वम्। किं कुर्वन्सन्, उपकुर्वन्। कस्य, परस्य सर्वथा स्वस्माद्बाह्यस्य दृश्यमानस्येन्द्रियैरनुभूयमानस्य देहादेः। किंविशिष्टो यतस्त्वं अज्ञस्तत्त्वानभिज्ञः किंवल्लोकवत्। यथा लोक. परं परत्वेनाजानंस्तस्योपकुर्वन्नपि तं तत्त्वेन ज्ञात्वा तदुपकारं त्यक्त्वा स्वोपकारपरो भवत्येवं त्वमपि भवेत्यर्थ·। अथाह शिष्यः। कथं तयोर्विशेष इति केनोपायेन स्वपरयोर्भेदो विज्ञायेत। तद्धि ज्ञातुश्च किं स्यादित्यर्थ। गुरुराह—॥ ३२ ॥

अर्थ—परके उपकार करनेको छोड़कर अपने उपकार करनेमें तत्पर हो जाओ। इन्द्रियोके द्वारा दिखाई देते हुए शरीरादिकोका उपकार करते हुए तुम अज्ञ (वास्तविक वस्तुस्थितिको न जाननेवाले) हो रहे हो। तुम्हे चाहिये कि दुनियाँकी तरह तुम भी अपनी भलाई करनेमे लगो।

विशदार्थ—पर कहिये कर्म अथवा शरीरादिक, इनका अविद्या—अज्ञान अथवा मोहके वशसे जो उपकार किया जा रहा है, उसे विद्या सम्यग्ज्ञान अथवा वीतरागताके अभ्याससे छोड़कर प्रधानतासे अपने (आत्माके) उपकार करनेमें तत्पर हो जाओ। तुम सर्वथा अपने (आत्मा) से बाह्य इन्द्रियोके द्वारा अनुभवमे आनेवाले इन शरीरादिकोंकी रक्षा करना आदि रूप उपकार करनेमे लगे हुए हो। इसलिये मालूम पड़ता है कि तुम अज्ञ (वस्तुओंके वास्तविक स्वरूपसे अजान) हो। जैसे दुनियाके लोग जबतक दूसरेको दूसरे रूपमे नही जानते, तबतक उनका उपकार करते है। परन्तु ज्यों ही वे अपनेको अपना और दूसरेको दूसरा जानते है, उनका (दूसरोका) उपकार करना छोड़कर अपना उपकार करनेमे लग जाते है। इसी प्रकार तुम भी तत्त्वज्ञानी बनकर अपनेको स्वाधीन शुद्ध बनाने रूप आत्मोपकार करनेमे तत्पर हो जाओ॥ ३२॥

दोहा—प्रगट अन्य देहादिका, मूढ़ करत उपकार।
सज्जनवत् या भूल को, तज कर निज उपकार॥ ३२॥

यहाँपर शिष्य कहता है कि किस उपायसे अपने और परमें विशेषता (भेद) जानी जाती है, और उसके जाननेवालेको क्या होगा? किस फलकी प्राप्ति होगी? आचार्य कहते है—

गुरूपदेशादभ्यासात्संवित्तेः स्वपरान्तरम्।
जानाति यः स जानाति, मोक्षसौख्यं निरन्तरम् ॥ ३३ ॥

अन्वय—य· गुरूपदेशात् अभ्यासात् संवित्ते· स्वपरान्तरं जानाति स मोक्षसौख्यं निरन्तरं जानाति।

फिर भावना करनेवाला सोचता है कि देहादिकके सम्बंधसे प्राणियोंको क्या होता है? क्या फल मिलता है? उसी समय वह स्वयं ही समाधान भी करता है कि—

दुःखसंदोहभागित्वं, संयोगादिह देहिनाम् ।
त्यजाम्येनं ततः सर्वं, मनोवाक्कायकर्मभिः ॥ २८ ॥

अन्वय—इह संयोगात् देहिनां दुःखसंदोहभागित्वं ततः एनं सर्वमनोवाक्कायकर्मभिः त्यजामि ।

टीका—दुःखानां संदोहः समूहस्तद्भागित्वं देहिनामिह संसारे संयोगाद्देहादिसंबन्धाद्भवेत् । यतश्चैवं तत एनं संयोगं सर्वं निःशेषं त्यजामि । कैः क्रियमाणं, मनोवाक्कायकर्मभिर्मनोवर्गणाद्यालम्बनैरात्मप्रदेशपरिस्पन्दैस्तैरेव त्यजामि । अयमभिप्रायो मनोवाक्कायान्प्रतिपरिस्पन्दमानानात्मप्रदेशान् भावतो निरुन्धामि । तद्भेदाभेदाभ्यासमूलत्वा-त्सुखदुःखैकफलनिर्वृतिसंसृत्योः । तथा चोक्तम्—

"स्वबुद्ध्या यत्तु गृह्णीयात्कायवाक्चेतसा त्रयम् । संसारस्तावदेतेषां, तदाभ्यासेन निर्वृतिः" ॥ ६२॥-समाधिशतकम्

पुनः स एवं विमृशति—पुद्गलेन किल संयोगस्तदपेक्षा मरणादयस्तद्व्यथाः कथं परिह्रियन्त इति । पुद्गलेन देहात्मना मूर्त्तद्रव्येण सह किल आगमे श्रूयमाणो जीवस्य संबन्धोऽस्ति तदपेक्षाश्च पुद्गलसंयोगनिमित्ते मरणादयो मृत्युरोगादयः संभवन्ति । तद्यथा मरणादयः संभवन्ति । मरणादि संबन्धिन्योबाधा । कथं, केन भावनाप्रकारेण मया परिह्रियन्ते । तदभिभवः कथं निवार्यत इत्यर्थः । स्वयमेव समाधत्ते;—॥ २८ ॥

अर्थ—इस संसारमें देहादिकके सम्बंधसे प्राणियोंको दुःख-समूह भोगना पड़ता है—अनन्त क्लेश भोगने पड़ते हैं, इसलिये इस समस्त सम्बंधको जो कि मन, वचन, कायकी क्रियासे हुआ करते हैं, मनसे, वचनसे, कायसे छोड़ता हूँ । अभिप्राय यह है कि मन, वचन, कायका आलम्बन लेकर चंचल होनेवाले आत्माके प्रदेशोंको भावोंसे रोकता हूँ । 'आत्मा, मन, वचन कायसे भिन्न है,' इस प्रकारके अभ्याससे सुखरूप एक फलवाले मोक्षकी प्राप्ति होती है, और मन, वचन, कायसे आत्मा अभिन्न है, इस प्रकारके अभ्याससे दुःखरूप एक फलवाले संसारकी प्राप्ति होती है, जैसा कि पूज्यपादस्वामीने समाधिशतकमें कहा है—"स्वबुद्ध्या यत्तु गृह्णीयात्०"

"जबतक शरीर, वाणी, और मन इन तीनोंको ये 'स्व हैं-अपने हैं' इस रूपमें गृहण करता रहता है। तबतक संसार होता है, और जब इनसे भेद-बुद्धि करनेका अभ्यास हो जाता है, तब मुक्ति होजाती है ।" ॥ २८ ॥

दोहा—प्राणी जा संयोगतें, दुःख समूह लहात।
यातें मन वच काय युत, हूँ तो सर्व तजात ॥ २८ ॥

फिर भावना करनेवाला सोचता है कि पुद्गल—शरीरादिकरूपी मूर्तद्रव्यके साथ जैसा कि आगममें सुना जाता है, जीवका सम्बंध है। उस सम्बंधके कारण ही जीवका मरण व रोगादिक होते हैं, तथा मरणादि सम्बंधी बाधायें भी होती हैं। तब इन्हें कैसे व किस भावनासे हटाया जावे? वह भावना करनेवाला स्वयं ही समाधान कर लेता है कि—

न मे मृत्युः कुतो भीतिर्न मे व्याधिः कुतो व्यथा।
नाहं बालो न वृद्धोऽहं, न युवैतानि पुद्गले ॥ २९ ॥

अन्वय—मे मृत्युर्न, कुतः भीतिः मे व्याधिर्न व्यथा कुतः, अहं न बालः, नाहं वृद्धः, न युवा, एतानि पुद्गले।

टीका—न मे एकोऽहमित्यादिना निश्चितात्मस्वरूपस्य मृत्युः प्राणत्यागो नास्ति। चिच्छक्तिलक्षणभावप्राणानां कदाचिदपि त्यागाभावात्। यतश्च मे मरणं नास्ति ततः कुतः कस्मात्मरणकारणात्कृष्णसर्पादेर्भीतिर्भयं मम स्यान्न कुतश्चिदपि बिभेमीत्यर्थः। तथा व्याधिर्वातादिदोषवैषम्यं मम नास्ति मूर्तसंबन्धित्वाद्वातादीनाम्। यतश्चैवं ततः कस्मात् ज्वरादिविकारात् मम व्यथा स्यात्तथा बालाद्यवस्थो नाहमस्मि ततः कथं बालाद्यवस्थाप्रभवैः दुःखैरभिभूयेय अहमिति सामर्थ्यादत्र द्रष्टव्यम्। तर्हि क्व मृत्युप्रभृतीनि स्युरित्याह—एतानि मृत्युव्याधिबालादीनि पुद्गले मूर्त्ते देहादावेव संभवन्ति। मूर्तधर्मत्वादमूर्त्ते मयि तेषां नितरामसंभवात्। भूयोऽपि भावक एव स्वयमाशङ्कते तर्ह्येतान्यासाद्य मुक्तानि पश्चात्तापकारीणि भविष्यन्तीति यद्युक्तनीत्या भयादयो मे न भवेयुस्तर्हि एतानि देहादिवस्तून्यासाद्य जन्मप्रभृत्यात्मात्मीयभावेन प्रतिपद्य मुक्तानीदानीं भेदभावनावष्टम्भान्मया त्यक्तानि। चिराभ्यस्ताभेदसंस्कारवशात्पश्चात्तापकराणि किमितीमानि मयात्मीयानि त्यक्तानीत्यनुशयकरीणि मम भविष्यन्ति। अत्र स्वयमेव प्रतिषेधमनुध्यायति[1] तन्नेति यतः—॥२९॥

अर्थ—मेरी मृत्यु नही तब डर किसका? मुझे व्याधि नहीं, तब पीड़ा कैसे? न मैं बालक हूँ, न बूढ़ा हूँ, न जवान हूँ। ये सब बातें (दशाएं) पुद्गलमें ही पाई जाती हैं।

विशदार्थ—"एकोहं निर्ममः शुद्धः" इत्यादिरूपसे जिसका स्वस्वरूप निश्चित हो गया है, ऐसा जो मैं हूँ, उसका प्राणत्यागरूप मरण नहीं हो सकता, कारण कि चित्शक्तिरूप भावप्राणोंका कभी भी विछोह नहीं हो सकता। जब कि मेरा मरण नहीं, तब मरणके कारणभूत काले नाग आदिकोंसे मुझे भय क्यों? अर्थात् मैं किसीसे भी नहीं डरता हूँ। इसी प्रकार वात, पित्त, कफ आदिकी विषमताको व्याधि कहते हैं, और वह मुझे है नहीं, कारण कि वात आदिक मूर्तपदार्थसे ही सम्बंध रखनेवाले हैं। जब ऐसा है, तब ज्वर आदि विकारोंसे मुझे व्यथा तकलीफ कैसी? उसी तरह मैं बाल वृद्ध आदि अवस्थावाला भी नहीं हूँ। तब बाल वृद्ध आदि अवस्थाओंसे पैदा होनेवाले दुःखों-क्लेशोंसे मैं कैसे दुःखी हो सकता हूँ? अच्छा यदि मृत्यु वगैरह आत्मामें नहीं होते, तो किसमें होते हैं? इसका जबाब यह है कि 'एतानि पुद्गले' ये मृत्यु-व्याधि और बाल वृद्ध

१ करोति।

आदि दशाएं पुद्गल-मूर्त शरीर आदिकोंमें ही हो सकती हैं। कारण कि ये सब मूर्तिमान् पदार्थोंके धर्म हैं। मैं तो अमूर्त हूँ, मुझमें वे कदापि नहीं हो सकतीं।

दोहा—मरण रोग मोमें नहीं, तातें सदा निशंक।
बाल तरुण नहिं वृद्ध हूँ, ये सब पुद्गल अंक॥ २९॥

फिर भी भावना करनेवाला खुद शंका करता है, कि यदि कही हुई नीतिके अनुसार मुझे भय आदि न होवे न सही परन्तु जो जन्मसे लगाकर अपनाई गई थी और भले ही जिन्हें मैंने भेद-भावनाके बलसे छोड़ दिया है, ऐसी देहादिक वस्तुएँ, चिरकालके अभ्यस्त-अभेद संस्कारके वशसे पश्चात्ताप करनेवाली हो सकती हैं कि 'अपनी इन चीजोंको मैंने क्यों छोड़ दिया?'

भावक-भावना करनेवाला स्वयं ही प्रतिबोध हो सोचता है कि नहीं, ऐसा नहीं हो सकता है, कारण कि—

भुक्तोज्झिता मुहुर्मोहान्मया सर्वेऽपि पुद्गलाः।
उच्छिष्टेष्विव तेष्वद्य, मम विज्ञस्य का स्पृहा॥ ३०॥

अन्वय—मोहात् सर्वेऽपि पुद्गलाः मया मुहुर्भुक्तोज्झिताः उच्छिष्टेष्विव तेषु अद्य विज्ञस्य मम का स्पृहा।

टीका—मोहादविद्यावेशवशादनादिकालं कर्मादिभावेनोपादाय सर्वे पुद्गला मया संसारिणा जीवेन वारं वारं पूर्वमनुभूताः पश्चाच्च नीरसीकृत्य त्यक्ताः यतश्चैवं तत उच्छिष्टेष्विव भोजनगन्धमाल्यादिषु स्वयं भुक्त्वा त्यक्तेषु यथा लोकस्य तथा मे संप्रति विज्ञस्य तत्त्वज्ञानपरिणतस्य तेषु फेलाकल्पेषु[१] पुद्गलेषु का स्पृहा? न कदाचिदपि। वत्स! त्वया मोक्षार्थिना निर्ममत्वं विचिन्तयितव्यम्। अत्राह शिष्यः। अथ कथं ते निबध्यन्त इति। अथेति प्रश्ने केन प्रकारेण पुद्गला जीवेन नियतमुपादीयन्ते इत्यर्थः। गुरुराह—॥ ३०॥

अर्थ—मोहसे मैंने समस्त ही पुद्गलोंको वार वार भोगा, और छोड़ा। भोग भोगकर छोड़ दिया। अब जूठनके लिए (मानिन्द) उन पदार्थोंमें मेरी क्या चाहना हो सकती है? अर्थात् उन भोगोंके प्रति मेरी चाहना-इच्छा ही नहीं है।

विशदार्थ—अविद्याके आवेशके वशसे अनादिकालसे ही मुझ संसारीजीवने कर्म आदिके रूपमें समस्त पुद्गलोंको बार बार पहिले भोगा, और पीछा उन्हें नीरस (कर्मत्वादि रहित) कर करके छोड़ दिया। जब ऐसा है, तब स्वयं भोगकर छोड़ दिये गये जूँठन-उच्छिष्ट भोजन, गन्ध, मालादिकोंमें जैसे लोगोंको फिर भोगनेकी स्पृहा नहीं होती, उसी तरह इस समय तत्त्वज्ञानसे विशिष्ट हुए मेरी उन छिनकी हुई रेंट (नाक) सरीखे पुद्गलोंमें क्या अभिलाषा हो सकती है? नहीं नहीं, हरगिज नहीं। भैया! जब कि तुम मोक्षार्थी हो तब तुम्हें निर्ममत्वकी ही भावना करनी चाहिये॥ ३०॥

---

१ फेलाभुक्तसमुज्झितम्। अ.। भुक्त्वा त्यक्तमित्यर्थः।

दोहा—सब पुद्गलको मोहसे, भोग भोगकर त्याग।
मैं ज्ञानी करता नहीं, उस उच्छिष्टमें राग॥ ३०॥

यहाँपर शिष्य कहता है कि वे पुद्गल क्यों बँध जाते हैं? अर्थात् जीवके द्वारा पुद्गल क्यों और किस प्रकारसे हमेशा बन्धको प्राप्त होते रहते हैं?

आचार्य उत्तर देते हुए कहते हैं:—

कर्म कर्महितावन्धि, जीवो जीवहितस्पृहः।
स्वस्वप्रभावभूयस्त्वे, स्वार्थं को वा न वाञ्छति॥ ३१॥

अन्वय—कर्म, कर्महितावन्धि, जीवः जीवहितस्पृहः स्वस्वप्रभावभूयस्त्वे स्वार्थं को वा न वाञ्छति।

" कत्थवि बलिओ जीवो, कत्थवि कम्माइ हुंति बलियाइ। जीवस्स य कम्मस्स य, पुव्वविरुद्धाइ वइराइ॥ " इत्यभिधानात्पूर्वोपार्जितं बलवत्कर्म कर्मणः स्वस्यैव हितमाबध्नाति जीवस्यौदयिकादिभावमुद्भाव्य नवनवकर्माधायकत्वेन स्वसंतानं पुष्णातीत्यर्थः। तथा चोक्तम्—

" जीवकृतं परिणामं, निमित्तमात्रं प्रपद्य पुनरन्ये। स्वयमेव परिणमन्तेऽत्र पुद्गलाः कर्मभावेन " ॥ १२॥
—पुरुषार्थसिद्ध्युपायः

"परिणममानस्य चितश्चिदात्मकैः स्वयमपि स्वकैर्भावैः। भवति हि निमित्तमात्रं, पौद्गलिकं कर्म तस्यापि" ॥१३॥
—पुरुषार्थसिद्ध्युपायः

तथा जीवः कालादिलब्ध्या बलवानात्मा जीवस्य स्वस्यैव हितमनन्तसुखहेतुत्वेनोपकारकं मोक्षमाकाङ्क्षति। अत्र दृष्टान्तमाह-स्वस्वेत्यादि निजनिजमाहात्म्यबहुतरत्वे सति स्वार्थं स्वस्योपकारक वस्तु को न वञ्छति सर्वोप्यभिलषतीत्यर्थः। ततो विद्धि कर्माविष्टो जीवः कर्म सचिनोतीति। यतश्चैवं ततः—॥ ३१॥

अर्थ—कर्म कर्मका हित चाहते हैं। जीव जीवका हित चाहता है। सो ठीक ही है, अपने अपने प्रभावके बढ़नेपर कौन अपने स्वार्थको नहीं चाहता। अर्थात् सब अपना प्रभाव बढ़ाते ही रहते हैं।

विशदार्थ—कभी जीव बलवान् होता तो कभी कर्म बलवान् हो जाते हैं। इस तरह जीव और कर्मोंका पहिलेसे (अनादिसे) ही वैर चला आरहा है। ऐसा कहनेसे मतलब यह निकला कि पूर्वोपार्जित बलवान् द्रव्यकर्म, अपना यानी द्रव्यकर्मका हित करता है अर्थात् द्रव्यकर्म, जीवमें औदयिक आदि भावोंको पैदा कर नये द्रव्यकर्मोंको ग्रहणकर अपनी संतानको पुष्ट किया करता है, जैसा कि अमृतचन्द्राचार्यने पुरुषार्थसिद्ध्युपायमें कहा है—" जीवकृतं परिणामं० " " परिणममानस्य० "

जीवके द्वारा किये गये परिणाम जो कि निमित्तमात्र हैं, प्राप्त करके जीवसे विभिन्न पुद्गल, खुद ब-खुद कर्मरूप परिणम जाते हैं। और अपने चेतनात्मक परिणामोंसे स्वयं ही परिणमनेवाले

जीवके लिये वह पौद्गलिककर्म सिर्फ निमित्त बन जाता है । तथा कालादि लब्धिसे बलवान् हुआ जीव अपने हितको अनन्त सुखका कारण होनेसे उपकार करनेवाले स्वात्मोपलब्धिरूप मोक्षको चाहता है। यहाँपर एक स्वभावोक्ति कही जाती है कि " अपने अपने माहात्म्यके प्रभावके बढ़नेपर स्वार्थको अपनी अपनी उपकारक वस्तुको कौन नहीं चाहता ? सभी चाहते हैं ॥ ३१ ॥

दोहा—कर्म कर्महितकार है, जीव जीवहितकार।
निज प्रभाव बल देखकर, को न स्वार्थ करतार ॥ ३१ ॥

इसलिये समझो कि कर्मोंसे बँधा हुवा प्राणी कर्मोंका संचय किया करता है। जबकि ऐसा है तब—

परोपकृतिमुत्सृज्य, स्वोपकारपरो भव ।
उपकुर्वन्परस्याज्ञो, दृश्यमानस्य लोकवत् ॥ ३२ ॥

अन्वय—परोपकृतिं उत्सृज्य स्वोपकारपरो भव दृश्यमानस्य परस्य उपकुर्वन् अज्ञः लोकवत् ।

टीका—परस्य कर्मणो देहादेर्वा अविद्यावशात् क्रियमाणमुपकारं विद्याभ्यासेन त्यक्त्वात्मानुग्रहप्रधानो भव त्वम् । किं कुर्वन्सन्, उपकुर्वन् । कस्य, परस्य सर्वथा स्वस्माद्बाह्यस्य दृश्यमानस्येन्द्रियैरनुभूयमानस्य देहादेः। किंविशिष्टो यतस्त्वं अज्ञस्तत्त्वानभिज्ञः किंवल्लोकवत् । यथा लोकः परं परत्वेनाजानंस्तस्योपकुर्वन्नपि तं तत्त्वेन ज्ञात्वा तदुपकारं त्यक्त्वा स्वोपकारपरो भवत्येवं त्वमपि भवेत्यर्थः। अथाह शिष्यः । कथं तयोर्विशेष इति केनोपायेन स्वपरयोर्भेदो विज्ञायेत । तद्धि ज्ञातुश्च किं स्यादित्यर्थः । गुरुराह—॥ ३२ ॥

अर्थ—परके उपकार करनेको छोड़कर अपने उपकार करनेमें तत्पर हो जाओ । इंद्रियोंके द्वारा दिखाई देते हुए शरीरादिकोंका उपकार करते हुए तुम अज्ञ (वास्तविक वस्तुस्थितिको न जाननेवाले) हो रहे हो। तुम्हें चाहिये कि दुनियाँकी तरह तुम भी अपनी भलाई करनेमें लगो।

विशदार्थ—पर कहिये कर्म अथवा शरीरादिक, इनका अविद्या-अज्ञान अथवा मोहके वशसे जो उपकार किया जाता रहा है, उसे विद्या सम्यग्ज्ञान अथवा वीतरागताके अभ्याससे छोड़कर प्रधानतासे अपने (आत्माके) उपकार करनेमें तत्पर हो जाओ। तुम सर्वथा अपने (आत्मा) से बाह्य इन्द्रियोंके द्वारा अनुभवमें आनेवाले इन शरीरादिकोंकी रक्षा करना आदि रूप उपकार करनेमें लगे हुए हो । इसलिये मालूम पड़ता है कि तुम अज्ञ (वस्तुओंके वास्तविक स्वरूपसे अजान) हो। सो जैसे दुनियाके लोग जबतक दूसरेको दूसरे रूपमें नहीं जानते, तबतक उनका उपकार करते हैं। परन्तु ज्यों ही वे अपनेको अपना और दूसरेको दूसरा जानते हैं, उनका (दूसरोंका) उपकार करना छोड़कर अपना उपकार करनेमें लग जाते हैं। इसी प्रकार तुम भी तत्त्वज्ञानी बनकर अपनेको स्वाधीन शुद्ध बनाने रूप आत्मोपकार करनेमें तत्पर हो जाओ ॥ ३२ ॥

दोहा—प्रगट अन्य देहादिका, मूढ़ करत उपकार।
सज्जनवत् या भूल को, तज कर निज उपकार ॥ ३२ ॥

यहाँपर शिष्य कहता है कि किस उपायसे अपने और परमें विशेषता (भेद) जानी जाती है, और उसके जाननेवालेको क्या होगा? किस फलकी प्राप्ति होगी? आचार्य कहते हैं—

गुरूपदेशादभ्यासात्संवित्तेः स्वपरान्तरम् ।
जानाति यः स जानाति, मोक्षसौख्यं निरन्तरम् ॥ ३३ ॥

अन्वय—यः गुरूपदेशात् अभ्यासात् संवित्तेः स्वपरान्तरं जानाति स मोक्षसौख्यं निरन्तरं जानाति

टीका—यो जानाति । किं तत्स्वपरान्तरं आत्मपरयोर्भेदं यः स्वात्मानं परस्माद्भिन्नं पश्यतीत्यर्थः । कुतः संवित्तेर्लक्षणतः स्वलक्ष्यानुभवात् । एषोपि कुतः, अभ्यासात् अभ्यासभावनातः । एषोऽपि गुरूपदेशात् धर्माचार्यस्यात्मनश्च सुदृढस्वपरविवेकज्ञानोत्पादकवाक्यात् स तथान्यापोढस्वात्मानुभविता मोक्षसौख्यं निरन्तरमविच्छिन्नमनुभवति । कर्मविविक्तानुभाव्यविनाभावित्वात्तस्य । तथा चोक्तं तत्त्वानुशासने,—

" तदेवानुभवंश्चायमेकाग्रं परमृच्छति । तथात्माधीनमानन्दमेति वाचामगोचरम् " ॥ १७० ॥—तत्त्वानुशासनम् ॥

अथ शिष्यः पृच्छति—कस्तत्र गुरुरिति तत्र मोक्षसुखानुभवविषये । गुरुराह— ॥ ३३ ॥

अर्थ—जो गुरुके उपदेशसे अभ्यास करते हुए अपने ज्ञान (स्वसंवेदन) से अपने और परके अन्तर को (भेदको) जानता है। वह मोक्षसम्बंधी सुखका अनुभवन करता रहता है।

विशदार्थ—गुरु कहिये धर्माचार्य अथवा गुरु कहिये स्वयं आत्मा, उसके उपदेशसे सुदृढ़ स्वपर विवेक ज्ञानके पैदा करनेवाले वाक्योंके और उसके अनुसार अभ्यास करना चाहिये। वार वार अभ्यास करनेसे संवित्ति-अपने लक्ष्यका अनुभव होने लगता है। उस संवित्ति (स्वसंवेदन) के द्वारा जो स्वात्माको परसे भिन्न जानता देखता है, भिन्न आत्माका अनुभव करनेवाला मोक्ष-सुखको निरन्तर-हमेशा विच्छेद रहित अनुभव करने लग जाता है। क्योंकि वह मोक्ष-सुखका अनुभव, कर्मोंसे भिन्न आत्माका अनुभवन करनेवालोंको होता है, अन्योंको नहीं । जैसा कि तत्त्वानुशासनमें कहा है—" तदेवानुभवंश्चाय०, "

उस आत्माका अनुभवन करते हुए यह आत्मा, उत्कृष्ट एकाग्रताको प्राप्त कर लेता है, और इसी तरह मन तथा वाणीके अगोचर अथवा वचनोंसे भी न कहे जा सकनेवाले स्वाधीन आनन्दको प्राप्त कर लेता है ॥ ३३ ॥

दोहा—गुरु उपदेश अभ्याससे, निज अनुभवसे भेद ।
निज पर को जो अनुभवे, लहै स्वसुख वेखेद ॥ ३३ ॥

आगे शिष्य पूछता है कि मोक्ष-सुखके अनुभवके विषयमें कौन गुरु होता है? आचार्य कहते हैं—

स्वस्मिन् सदभिलाषित्वादभीष्टज्ञापकत्वतः ।
स्वयं हितप्रयोक्तृत्वादात्मैव गुरुरात्मनः ॥ ३४ ॥

अन्वय—स्वयं स्वस्मिन् सदभिलाषित्वात् अभीष्टज्ञापकत्वतः हितप्रयोक्तृत्वात् आत्मनः आत्मा एव गुरुः अस्ति ।

टीका—यः खलु शिष्यः सदा अभीक्ष्णं कल्याणमभिलषति तेन जिज्ञास्य तदुपायं तं ज्ञापयति। तत्र चाप्रवर्त्तमानं तं प्रवर्त्तयति स किल गुरुः प्रसिद्धः। एवं च सत्यात्मनः आत्मैव गुरुः स्यात्। कुत इत्याह–स्वयमात्मना स्वस्मिन्मोक्षसुखाभिलाषिण्यात्मनि सत् प्रशस्तं मोक्षसुखमभीक्ष्णमभिलषति। मोक्षसुखं मे संपद्यतामित्याकाङ्क्षतीत्येवं भयात्। तथाभीष्टस्यात्मना जिज्ञास्यमानस्य मोक्षसुखोपायस्यात्मविषये ज्ञापकत्वादेष मोक्षसुखोपायो मया सेव्य इति बोधकत्वात्। तथाहि तं मोक्षसुखोपाये स्वयं स्वस्य प्रयोक्तृत्वात्। अस्मिन्सुदुर्लभे मोक्षसुखोपाये दुरात्मन्नात्मन्स्वय-मद्यापि न प्रवृत्त इति। तत्रावर्त्तमानस्यात्मनः प्रवर्त्तकत्वात्। अथ शिष्यः साक्षेपमाह। एवं नान्योपास्तिः प्राप्नोतीति भगवदुक्तनीत्या परस्परगुरुत्वे निश्चिते सति धर्माचार्यादिसेवनं प्राप्नोति मुमुक्षुः। मुमुक्षुणा धर्माचार्यादिः सेव्यो न भवतीति भावः। न चैवमेतदिति वाच्यमपसिद्धान्तप्रसङ्गादिति वदन्तं प्रत्याह,—॥ ३४ ॥

अर्थ—जो सत्का कल्याणका वांछक होता है, चाहे हुए हितके उपायोंको जतलाता है, तथा हितका प्रवर्त्तक होता है, वह गुरु कहलाता है। जब आत्मा स्वयं ही अपनेमें सत्की –कल्याणकी यानी मोक्ष-सुखकी अभिलाषा करता है, अपने द्वारा चाहे हुए मोक्ष-सुखके उपायोंको जतलानेवाला है, तथा मोक्ष-सुखके उपायोंमें अपने आपको प्रवर्तन करानेवाला है, इसलिये अपना (आत्माका) गुरु आप (आत्मा) ही है।

विशदार्थ—यह आत्मा स्वयं ही जब मोक्ष सुखाभिलाषी होता है, तब सत्की यानी मोक्ष-सुखकी हमेशा अभिलाषा करता रहता है कि मुझे मोक्ष-सुख प्राप्त हो जावे। इसी तरह जब स्वयं आत्मा मोक्ष-सुखके उपायोंको जानना चाहता है, तब यह स्वयं मोक्षके सुखके उपायोंको जतलानेवाला बन जाता है कि यह मोक्ष-सुखके उपाय मुझे करना चाहिये। इसी तरह अपने आपको मोक्ष-उपायमें लगानेवाला भी वह स्वयं होजाता है, कि इस सुदुर्लभ मोक्ष सुखोपायमें हे दुरात्मन् आत्मा! तुम आजतक अर्थात् अभीतक भी प्रवृत्त नहीं हुए। इस प्रकार अभीतक न प्रवर्तनेवाले आत्माका प्रवर्तक भी हुआ करता है। इसलिये स्वयं ही आत्मा अपने कल्याणका चाहनेवाला, अपनेको सुखोपाय बतलानेवाला, और सुखोपायमें प्रवृत्ति करनेवाला होनेसे अपना गुरु है ॥ ३४ ॥

दोहा—आपहिं निज हित चाहता, आपहि ज्ञाता होय।
　　आपहिं निज हित प्रेरता, निज गुरु आपहि होय ॥ ३४ ॥

यहाँपर शिष्य आक्षेप सहित कहता है कि इस तरह तो अब अन्य दूसरोंकी क्यों सेवा करनी होगी? बस जब आपसमें खुदका खुद ही गुरु बन गया, तब धर्माचार्यादिकोंकी सेवा मुमुक्षुओंको नहीं करनी होगी। ऐसा भी नहीं कहना चाहिये, कि हाँ ऐसा तो है ही, कारण कि वैसा माननेसे अपसिद्धान्त हो जायगा। ऐसे बोलनेवाले शिष्यके प्रति आचार्य जवाब देते हैं—

नाज्ञो विज्ञत्वमायाति, विज्ञो नाज्ञत्वमृच्छति।
निमित्तमात्रमन्यस्तु, गतेर्धर्मास्तिकायवत् ॥ ३५ ॥

अन्वय—अज्ञः विज्ञत्वं न आयाति विज्ञः अज्ञत्वं न ऋच्छति गतेर्धर्मास्तिकायवत् अन्यस्तु निमित्तमात्रम् ।

टीका—भद्र ! अज्ञस्तत्त्वज्ञानोत्पत्त्ययोग्योऽभव्यादिर्विज्ञत्त्वं तत्त्वज्ञत्वं धर्माचार्याद्युपदेशसहस्रेणापि न गच्छति । तथा चोक्तम्—

" स्वाभाविकं हि निष्पत्तौ, क्रियागुणमपेक्ष्यते । न व्यापारशतेनापि-शुकवत्पाठ्यते बकः " ॥

तथा विज्ञस्तत्त्वज्ञानपरिणतो अज्ञत्व तत्त्वज्ञानात्परिभ्रंशमपायसहस्रेणापि न गच्छति । तथा चोक्तम्—

" वज्रे पतत्यपि भयद्रुतविश्वलोके, मुक्ताध्वनि प्रशमिनो न चलन्ति योगात् ।

बोधप्रदीपहतमोहमहान्धकाराः, सम्यग्दृशः किमुत शेषपरीषहेषु " ॥ ६३ ॥-पद्मनन्दिपञ्चविंशतिका पृ० ३३

नन्वेवं बाह्यनिमित्तक्षेपः प्राप्नोतीत्यत्राह । अन्यः पुनर्गुरुविपक्षादिः प्रकृतार्थसमुत्पादभ्रंशयोर्निमित्तमात्रं स्यात्तत्र योग्यताया[1] एव साक्षात्साधकत्वात् । कस्याः को यथेत्यत्राह, गतेरित्यादि । अयमर्थो-यथा युगपद्भाविगति-परिणामोन्मुखानां भावाना स्वकीया गतिशक्तिरेव गतेः साक्षाज्जनिका तद्वैकल्ये तस्याः सहकारिकारणमात्र स्यादेवं प्रकृतेऽपि अतो व्यवहारादेव गुर्वादेः शुश्रूषा प्रतिपत्तव्या । अथाह शिष्यः—अभ्यासः कथमिति । अभ्यासप्रयोगोपाय-प्रश्नोऽयम् । अभ्यासः कथ्यत इति क्वचित्पाठः । तत्राभ्यासः स्यात् भूयोभूयः प्रवृत्तिलक्षणत्वेन सुप्रसिद्धत्वात्तस्य स्थाननियमादिरूपेणोपदेशः क्रियत इत्यर्थः । एवं संवित्तिरुच्यत इत्युत्तरपातनिकाया अपि व्याख्यानमेतत्पाठापेक्षया द्रष्टव्यम् । तथा च गुरोरवैते वाक्ये व्याख्येये । शिष्यबोधार्थं गुरुराह—॥ ३५ ॥

अर्थः—तत्त्वज्ञानकी उत्पत्तिके अयोग्य अभव्य आदिक जीव, तत्त्वज्ञानको धर्माचार्यादिकोंके हजारों उपदेशोंसे भी नहीं प्राप्त कर सकता है । जैसा कि कहा गया है " स्वाभाविकं हि निष्पत्तौ० "

" कोई भी प्रयत्न कार्यकी उत्पत्ति करनेके लिये स्वाभाविक गुणकी अपेक्षा किया करता है । सैकड़ों व्यापारोंसे भी बगुला तोतेकी तरह नहीं पढ़ाया जा सकता है । "

इसी तरह तत्त्वज्ञानी जीव, तत्त्वज्ञानसे छूटकर हजारों उपायोंके द्वारा भी अज्ञत्वको प्राप्त नहीं कर सकता । जैसा कि कहा गया है—" वज्रे पतत्यपि० "

" जिसके कारण भयसे घबराई हुई सारी दुनियाँ मार्गको छोड़कर इधर उधर भटकने लग जाय, ऐसे वज्रके गिरनेपर भी अतुल शांतिसम्पन्न योगिगण योगसे (ध्यानसे) चलायमान नहीं होते । तब ज्ञानरूपी प्रदीपसे जिन्होंने मोहरूपी महान् अन्धकारको नष्ट कर दिया है, ऐसे सम्यग्दृष्टि जीव क्या शेष परीषहोंके आनेपर चलायमान हो जायँगे ? नहीं, वे कभी भी चलायमान नहीं हो सकते हैं । "

यहाँ शंका यह होती है कि यों तो बाह्य निमित्तोंका निराकरण ही हो जायगा ? इसके विषयमें जवाब यह है कि अन्य जो गुरु आदिक तथा शत्रु आदिक हैं, वे प्रकृत कार्यके उत्पादनमें

१ सामर्थ्यस्य ।

तथा विध्वंसनमें सिर्फ निमित्तमात्र हैं। वास्तवमें किसी कार्यके होने व बिगड़नेमें उसकी योग्यता ही साक्षात् साधक होती है। जैसे एक साथ गतिरूप परिणामके लिये उन्मुख हुए पदार्थोंमें गतिको साक्षात् पैदा करनेवाली उन पदार्थोंकी ही गमन करनेकी शक्ति है। क्योंकि यदि पदार्थोंमें गमन करनेकी शक्ति न होवे तो उनमें किसीके द्वारा भी गति नहीं की जा सकती। धर्मास्तिकाय तो गति करानेमें सहायकरूप द्रव्यविशेष है। इसलिये वह गतिके लिये सहकारी कारणमात्र हुआ करता है। यही बात प्रकृतमें भी जाननी चाहिये। इसलिये व्यवहारसे ही गुरु आदिकोंकी सेवा शुश्रूषा आदि की जानी चाहिये॥ ३५॥

दोहा—मूर्ख न ज्ञानी हो सके, ज्ञानी मूर्ख न होय।
निमित्त मात्र पर जान, जिमि गति धर्मतें होय॥३५॥

अब शिष्य कहता है कि 'अभ्यास कैसे किया जाता है?' इसमें अभ्यास करनेके उपायोंको पूछा गया है। सो अभ्यास और उसके उपायोंको कहते हैं। बार बार प्रवृत्ति करनेको अभ्यास कहते हैं। यह बात तो भलीभाँति प्रसिद्ध ही है। उसके लिये स्थान कैसा होना चाहिए? कैसे नियमादि रखने चाहिये? इत्यादि रूपसे उसका उपदेश किया जाता है। इसी प्रकार साथमें संवित्तिका भी वर्णन करते हैं।

अभवच्चित्तविक्षेप, एकान्ते तत्त्वसंस्थितः।
अभ्यस्येदभियोगेन, योगी तत्त्वं निजात्मनः॥ ३६॥

अन्वय—अभवच्चित्तविक्षेपः तत्त्वसंस्थितः योगी निजात्मनः तत्त्वं एकान्ते अभियोगेन अभ्यस्येत्।

टीका—अभ्यस्येद्भावयेत्कोसौ, योगी संयमी। किं, तत्त्वं याथात्म्यं। कस्य, निजात्मनः। केन, अभियोगेन आलस्यनिद्रादिनिरासेन। क्व, एकान्ते योग्यशून्यगृहादौ। किंविशिष्टः सन्, अभवन्नजायमानश्चित्तस्य मनसो विक्षेपो रागादिसंक्षोभो यस्य सोऽयमित्थंभूतः सन्। किंभूतो भूत्वा, तथाभूत इत्याह। तत्त्वसंस्थितस्तत्त्वे हेये उपादेये च गुरूपदेशान्निश्चलधीः यदि वा तत्त्वेन साध्ये वस्तुनि सम्यक् स्थितो यथोक्तकायोत्सर्गादिना व्यवस्थितः। अथाह शिष्यः संवित्तिरिति। अभ्यासः कथमित्यनुवर्त्यते नायमर्थः संगम्यते। भगवन्नुक्तलक्षणा संवित्तिः प्रवर्तमाना केनोपायेन योगिनो विज्ञायते कथं च प्रतिक्षणं प्रकर्षमापद्यते। अत्राचार्यो वक्ति। उच्यत इति। धीमन्नाकर्णय वर्ण्यते तल्लिङ्गं तावन्मयेत्यर्थः॥ ३६॥

अर्थ—जिसके चित्तमें क्षोभ नहीं है, जो आत्मा स्वरूप रूपमें स्थित है, ऐसा योगी सावधानीपूर्वक एकान्त स्थानमें अपने आत्माके स्वरूपका अभ्यास करे।

विशदार्थ—नहीं हो रहे हैं चित्तमें विक्षेप-रागादि विकल्प जिसको ऐसा तथा हेय-उपादेय तत्त्वोंमें गुरुके उपदेशसे जिसकी बुद्धि निश्चल हो गई है, अथवा परमार्थरूपसे साध्यभूत वस्तुमें भले प्रकारसे—यानी जैसे कहे गये हैं, वैसे कायोत्सर्गादिकोंसे व्यवस्थित हो गया है, ऐसा योगी

अपनी आत्माके ठीक ठीक स्वरूपका एकान्त स्थानमें—योगीके लिये योग्य ऐसे शून्य गृहोंमें ? पर्वतोंकी गुहा कंदरादिकोंमें, आलस्य निद्रा आदिको दूर करते हुए अभ्यास करे ॥ ३६ ॥

दोहा—क्षोभ रहित एकान्त में, तत्त्वज्ञान चित धाय।
साबधान हो संयमी, निज स्वरूपको भाय ॥ ३६ ॥

यहाँपर शिष्य पूछता है, कि भगवन् ! जिसका लक्षण कहा गया है ऐसी 'संवित्ति हो रही है।' यह बात योगीको किस तरहसे माॡम हो सकती है ? और उसकी हरएक क्षणमें उन्नति हो रही है, यह भी कैसे जाना जा सकता है ? आचार्य कहते हैं कि हे धीमन् ? सुनो मैं उसके चिन्हका वर्णन करता हूँ—

यथा यथा समायाति, संवित्तौ तत्त्वमुत्तमम्।
तथा तथा न रोचन्ते, विषयाः सुलभा अपि ॥ ३७ ॥

अन्वय—यथा यथा संवित्तौ उत्तमं तत्त्वं समायाति तथा तथा सुलभा अपि विषया न रोचन्ते।

टीका—येन येन प्रकारेण संवित्तौ विशुद्धात्मस्वरूपं सांमुख्येनागच्छति योगिनः तथा तथानायासलभ्या अपि रम्येन्द्रियार्थां भोग्यबुद्धिं नोत्पादयन्ति। महासुखलब्धावऽल्पसुखकारणानां लोकेऽप्यनादरणीयत्वदर्शनात्। तथा चोक्तम्—

"शमसुखशीलितमनसामशनमपि द्वेषमेति किमु कामाः। स्थलमपि दहति झषाणां किमङ्ग पुनरङ्गमङ्गाराः ॥१॥"
अतो विषयारुचिरेव योगिनः स्वात्मसंवित्तेर्गमिका तदभावे तदभावात् प्रकृष्यमाणायां च विषयारुचौ स्वात्मसंवित्तिः प्रकृष्यते। तद्यथा—॥ ३७ ॥

अर्थ—ज्यों ज्यों संवित्ति (स्वानुभव) में उत्तम तत्त्वरूपका अनुभवन होता है, त्यों त्यों उस योगीको आसानीसे प्राप्त होनेवाले भी विषय अच्छे नहीं लगते।

विशदार्थ—जिस जिस प्रकारसे योगीकी संवित्तिमें (स्वानुभवरूप संवेदनमें) शुद्ध आत्माका स्वरूप झलकता जाता है, सम्मुख आता है, तैसे-तैसे विना प्रयाससे, सहजमें ही प्राप्त होनेवाले रमणीक इन्द्रिय विषय भी योग्य बुद्धिको पैदा नहीं कर पाते हैं। ठीक ही है, दुनियाँमें भी देखा गया है कि महान् सुखकी प्राप्ति होजानेपर अल्प सुखके पैदा करनेवाले कारणोंके प्रति कोई आदर या-ग्राह्य-भाव नहीं रहता है। ऐसा ही अन्यत्र भी कहा है—
" शमसुखशीलितमनसा० "

" जिनका मन शांति-सुखसे सम्पन्न है, ऐसे महापुरुषोंको भोजनसे भी द्वेष हो जाता है, अर्थात् उन्हें भोजन भी अच्छा नहीं लगता। फिर और विषय भोगोंकी तो क्या चलाई ? अर्थात् जिन्हें भोजन भी अच्छा नहीं लगता, उन्हें अन्य विषय-भोग क्यों अच्छे लग सकते हैं ? अर्थात् उन्हें अन्य विषय-भोग रुचिकर प्रतीत नहीं हो सकते। हे वत्स ! देखो, जब मछलीके अंगोंको जमीन ही जला देनेमें समर्थ है, तब अग्निके अंगारोंका तो कहना ही क्या ? वे तो जला ही देंगे। इसलिये विषयोंकी अरुचि ही योगीकी स्वात्म-संवित्तिको प्रकट कर देनेवाली है। "

स्वात्म-संवित्तिके अभाव होनेपर विषयोंसे अरुचि नहीं होती और विषयोंके प्रति अरुचि बढ़नेपर स्वात्म-संवित्ति भी बढ़ जाती है ॥ ३७ ॥

दोहा—जस जस आतम तत्त्वमें, अनुभव आता जाय ॥
तस तस विषय सुलभ्य भी, ताको नहीं सुहाय ॥ ३७ ॥

उपरिलिखित भावको और भी स्पष्ट करते हुए आचार्य कहते हैं—

यथा यथा न रोचन्ते, विषयाः सुलभा अपि।
तथा तथा समायाति, संवित्तौ तत्त्वमुत्तमम् ॥ ३८ ॥

अन्वय—यथा यथा सुलभा अपि विषयाः न रोचन्ते तथा तथा उत्तमं तत्त्वं संवित्तौ समायाति।

अत्रापि पूर्ववद्व्याख्यानम् । तथा चोक्तम्—

" विरम[1] किमपरेणाकार्यकोलाहलेन, स्वयमपि निभृतः सन्पश्य षण्मासमेकम् ।

हृदयसरसि पुंसः पुद्गलाद्भिन्नधाम्नो, ननु किमनुपलब्धिर्भाति किं चोपलब्धिः " ॥ २ ॥–नाटकसमयसार-कशाः जीवाजीवाधिकारः ।

प्रकृष्यमाणायां च स्वात्मसंवित्तौ यानि चिह्नानि स्युस्तान्याकर्णय । यथा—॥ ३८ ॥

अर्थ—ज्यों ज्यों सहजमें भी प्राप्त होनेवाले इन्द्रिय विषय भोग रुचिकर प्रतीत नहीं होते त्यों त्यों स्वात्म-संवेदनमें निजात्मानुभवनकी परिणति वृद्धिको प्राप्त होती रहती है।

विशदार्थ—विषय भोगोंके प्रति अरुचि भाव ज्यों ज्यों वृद्धिको प्राप्त होते हैं त्यों त्यों योगीके स्वात्म-संवेदनमें निजात्मानुभवनकी परिणति वृद्धिको प्राप्त होती रहती है। कहा भी है—" विरम किमपरेणा० "

आचार्य शिष्यको उपदेश देते हैं, हे वत्स ! ठहर, व्यर्थके ही अन्य कोलाहलोंसे क्या लाभ ? निश्चिन्त हो छह मास तक एकान्त में, अपने आपका अवलोकन तो कर। देख, हृदयरूपी सरोवर में पुद्गलसे भिन्न तेजवाली आत्माकी उपलब्धि (प्राप्ति) होती है, या अनुपलब्धि (अप्राप्ति)॥ ३८॥

दोहा—जस जस विषय सुलभ्य भी, ताको नहीं सुहाय।
तस तस आतम तत्त्वमें, अनुभव बढ़ता जाय ॥ ३८ ॥

हे वत्स !—स्वात्मसंवित्तिके बढ़नेपर क्या क्या बातें होती हैं, किस रूप परिणति होने लगती है, आदि बातोंको सुन—

---

१ 'विरम किमपरेणा०'का कितना सुन्दर भावपूर्ण सवैया स्व. कविवर बनारसीदासजीने समयसारनाटकमें कहा है—" भैया जगवासी तू उदासी व्है कैं जगत सौं, एक छः महीना उपदेस मेरौ मानुरे। और संकलप विकलपके विकार तजि, बैठके एकंत मन ठौरु आनुरे ॥ तेरो घट-सर तामैं तूही है कमल ताकौ, तूही मधुकर सुवास पहिचानु रे। प्रापति न व्है है कछु ऐसौ तू विचारतु है, सही व्है है प्रापति सरूप यौं ही जानु रे ॥ ३ ॥

निशामयति निश्शेषमिन्द्रजालोपमं जगत् ।
स्पृहयत्यात्मलाभाय, गत्वान्यत्रानुतप्यते ॥ ३९ ॥

अन्वय—योगी निश्शेषं जगत् इन्द्रजालोपमं निशामयति, आत्मलाभाय स्पृहयति अन्यत्र गत्वा अनुतप्यते ।

टीका—योगीत्यन्तदीपकत्वात्सर्वत्र योज्यः । स्वात्मसंवित्तिरसिको ध्याता चराचरं बहिर्वस्तुजातमवश्योपेक्षणीय-तया हानोपादानबुद्धिविषयत्वादिन्द्रजालिकोपदर्शितसर्पहारादिपदार्थसदृशं पश्यति । तथात्मलाभाय स्पृहयति चिदानन्द-स्वरूपमात्मानं संवेदयितुमिच्छति । तथा अन्यत्र स्वात्मव्यतिरिक्ते यत्र क्वापि वस्तुनि पूर्वसंस्कारादिवशात्मनोवाक्कायैर्गत्वा व्यावृत्य अनुतप्यते स्वयमेव आ कथं मयेदमनात्मीनमनुष्ठितमिति पश्चात्तापं करोति । तथा,—॥ ३९ ॥

अर्थ—योगी समस्त संसारको इन्द्रजालके समान समझता है । आत्मस्वरूपकी प्राप्तिके लिये अभिलाषा करता है । तथा यदि किसी अन्य विषयमें उलझ जाता, या लग जाता है तो पश्चात्ताप करता है ।

विशदार्थः—श्लोक नं. ४२ में कहे गये "योगी योगपरायणः" शब्दको अन्त्यदीपक होनेसे सभी "निशामयति स्पृहयति" आदि क्रियापदोंके साथ लगाना चाहिये । स्वात्म-संवेदन करनेमें जिसे आनन्द आया करता है, ऐसा योगी इस चर, अचर, स्थावर, जंगमरूप समस्त बाहिरी वस्तु-समूहको त्याग और ग्रहण विषयक बुद्धिका अविषय होनेसे अवश्य उपेक्षणीय रूप इन्द्रजालियाके द्वारा दिखलाये हुए सर्प हार आदि पदार्थोंके समूहके समान देखता है । तथा चिदानन्द-स्वरूप आत्माके अनुभवकी इच्छा करता है । और अपनी आत्माको छोड़कर अन्य किसी भी वस्तुमें पहिले संस्कार आदि कारणोंसे यदि मनसे, वचनसे, वा कायसे, प्रवृत्ति कर बैठता है, तो वहाँसे हटकर खुद ही पश्चात्ताप करता है, कि ओह ! यह मैंने कैसे आत्माका अहित कर डाला ॥ ३९ ॥

दोहा—इन्द्रजाल सम देख जग, निज अनुभव रुचि लात ।
अन्य विषय में जात यदि, तो मनमें पछतात ॥ ३९ ॥

आत्मानुभवीके और भी चिन्होंको दिखाते हैं—

इच्छत्येकान्तसंवासं, निर्जनं जनितादरः ।
निजकार्यवशात्किंचिदुक्त्वा विस्मरति द्रुतम् ॥ ४० ॥

अन्वय—(योगी) निर्जनं जनितादरः एकान्तसंवासं इच्छति निजकार्यवशात् किंचिदुक्त्वा द्रुतं विस्मरति ।

टीका—एकान्ते स्वभावतो निर्जने गिरिगहनादौ संवासं गुर्वादिभिः सहावस्थानमभिलषति । किंविशिष्टः सन्, जनितादरो जनमनोरञ्जनचमत्कारि-मन्त्रादि-प्रयोगवार्तानिवृत्तौ कृतप्रयत्नः । कस्मै निर्जनं जनाभावाय स्वार्थवशा-ल्लाभालाभादिप्रश्नार्थं लोकमुपसर्पन्तं निषेध्यमित्यर्थः । ध्यानाद्धि लोकचमत्कारिणः प्रत्ययाः स्युः । तथा चोक्तम्—

" गुरूपदेशमासाद्य, समभ्यस्यन्ननारतम् । धारणासौष्ठवाध्यानप्रत्ययानपि पश्यति " ॥

तथा स्वस्यावश्यकरणीयभोजनादिपारतन्त्र्यात्किंचिदल्पमक्षमग्रं श्रावकादिकं प्रति अहो इति अहो इदमिति अहो इदं कुर्वन्नित्यादि भाषित्वा तत्क्षण एव विस्मरति । भगवंन् किमादिश्यत इति श्रावकादौ पृच्छति सति न किमप्युत्तरं ददाति । तथा—

अर्थ—निर्जनताको चाहनेवाला योगी एकान्तवासकी इच्छा करता है, और निज कार्यके वशसे कुछ कहे भी तो उसे जल्दी ही भुला देता है।

विशदार्थ—लोगोंके मनोरंजन करनेवाले चमत्कारी मन्त्र तन्त्र आदिके प्रयोग करनेकी वार्त्ताएं न हुआ करें, इसके लिये अर्थात् अपने मतलबसे लाभ-अलाभ आदिकके प्रश्न पूछनेके लिये आनेवाले लोगोंको मना करनेके लिये किया है प्रयत्न जिसने ऐसा योगी स्वभावसे ही जनशून्य ऐसे पहाड़ोंकी गुहा कन्दरा आदिकोंमें गुरुओंके साथ रहना चाहता है। ध्यान करनेसे लोक-चमत्कारकारी बहुतसे विश्वास व अतिशय हो जाया करते हैं, जैसा कि कहा गया है—
" गुरूपदेशमासाद्य० "

"गुरुसे उपदेश पाकर हमेशा अच्छी तरह अभ्यास करते रहनेवाला, धारणाओंमें श्रेष्ठता प्राप्त हो जानेसे ध्यानके अतिशयोंको भी देखने लग जाता है।" अपने शरीरके लिये अवश्य करने योग्य जो भोजनादिक, उसके वशसे कुछ थोड़ासा श्रावकादिकोंसे "अहो, देखो, इस प्रकार ऐसा करना, अहो, और ऐसा, यह इत्यादि" कहकर उसी क्षण भूल जाता है। भगवन्! क्या कह रहे हो ? ऐसा श्रावकादिकोंके द्वारा पूछे जानेपर योगी कुछ भी जवाब नहीं देता। तथा—॥४०॥

दोहा—निर्जनता आदर करत, एकांत सवास विचार।
निज कारजवश कुछ कहे, भूल जात उस बार ॥ ४० ॥

ब्रुवन्नपि हि न ब्रूते, गच्छन्नपि न गच्छति।
स्थिरीकृतात्मतत्त्वस्तु, पश्यन्नपि न पश्यति ॥ ४१ ॥

अन्वय—स्थिरीकृतात्मतत्त्वस्तु ब्रुवन् अपि न ब्रूते गच्छन् अपि न गच्छति पश्यन् अपि न पश्यति।

टीका—स्थिरीकृतात्मतत्त्वो दृढप्रतीतिगोचरीकृतस्वस्वरूपो योगी संस्कारवशात्परोपरोधेन ब्रुवन्नपि धर्मादिकं भाषमाणोऽपि न केवलं योगेन तिष्ठति ह्यपिशब्दार्थः। न ब्रूते हि न भाषत एव। तत्राभिमुख्याभावात्। उक्तं च—
" आत्मज्ञानात्परं कार्यं, न बुद्धौ धारयेच्चिरम्। कुर्यादर्थवशात्किंचिद्वाक्कायाभ्यामतत्परः" ॥५०॥—समाधिशतकम्
तथा भोजनार्थं व्रजन्नपि न व्रजत्यपि। तथा सिद्धप्रतिमादिकमवलोकयन्नपि नावलोकयत्येव। तुरेवार्थः। तथा—॥४१॥

अर्थ—जिसने आत्म-स्वरूपके विषयमें स्थिरता प्राप्त कर ली है, ऐसे योगी बोलते हुए भी नहीं बोलता, चलते हुए भी नहीं चलता, और देखते हुए भी नहीं देखता है।

विशदार्थ—जिसने अपनेको दृढ़ प्रतीतिका विषय बना लिया है, ऐसा योगी संस्कारोंके वशसे या दूसरोंके संकोचसे धर्मादिकका व्याख्यान करते हुए भी नहीं बोल रहा है, ऐसा समझना चाहिये, क्योंकि उनको बोलनेकी ओर झुकाव या ख्याल नहीं होता। जैसा कि कहा है—
" आत्मज्ञानात्परं कार्यं० "

" आत्म-ज्ञानके सिवा दूसरे कार्यको अपने प्रयोगमें चिरकाल-तक ज्यादा-देरतक न ठहरने देवे। किसी प्रयोजनके वश यदि कुछ करना पड़े, तो उसे अतत्पर होकर-अनासक्त होकर वाणी व शरीरके द्वारा करे। इसी प्रकार भोजनके लिये जाते हुए भी नहीं जा रहा है, तथा सिद्ध प्रतिमादिकोंको देखते हुए भी नहीं देख रहा है, यही समझना चाहिये। फिर—॥ ४१ ॥

दोहा—देखत भी नहिं देखते, बोलत बोलत नाहिं।
दृढ़ प्रतीत आतममयी, चालत चालत नाहिं ॥ ४१ ॥

किमिदं कीदृशं कस्य, कस्मात्क्वेत्यविशेषयन्।
स्वदेहमपि नावैति योगी योगपरायणः ॥ ४२ ॥

अन्वय—योगपरायणः योगी किम् इदं, कीदृशं, कस्य, कस्मात्, क्व इति अविशेषयन् स्वदेहम् अपि न अवैति।

टीका—इदमध्यात्ममनुभूयमानं तत्त्वं किं किंरूपं कीदृशं केन सदृशं कस्य स्वामिकं कस्मात्कस्य सकाशात्क्व कस्मिन्नस्तीत्यविशेषयन् अविकल्पयन्सन् योगपरायणः समरसीभावमापन्नो योगी स्वदेहमपि न चेतयति का कथा हिताहितदेहातिरिक्तवस्तुचेतनायाः। तथा चोक्तम्—

तदा च परमैकाग्र्याद्बहिरर्थेषु सत्स्वपि। अन्यन्न किंचनाभाति, स्वमेवात्मनि पश्यतः " ॥१७२॥-तत्त्वानुशासनम्

अत्राह शिष्यः—कथमेतदिति। भगवन् विस्मयो मे कथमेतदवस्थान्तरं संभवति। गुरुराह—धीमन्निबोध ॥४२॥

अर्थ—ध्यानमें लगा हुआ योगी यह क्या है? कैसा है? किसका है? क्यों है? कहाँ है? इत्यादिक विकल्पोंको न करते हुए अपने शरीरको भी नहीं जानता।

विशदार्थ—यह अनुभवमें आ रहा अन्तस्तत्त्व, किस स्वरूपवाला है? किसके सदृश है? इसका स्वामी कौन है? किससे होता है? कहाँपर रहता है? इत्यादिक विकल्पोंको न करता हुआ किन्तु समरसीभावको प्राप्त हुआ योगी जो अपने शरीरतकका भी ख्याल नहीं रखता, उसकी चिन्ता व परवाह नहीं करता, तब हितकारी या अहितकारी शरीरसे भिन्न वस्तुओंकी चिन्ता करनेकी बात ही क्या? जैसा कि कहा गया है—" तदा च परमैका० "

यहाँपर शिष्य कहता है कि भगवन्! मुझे आश्चर्य होता है कि ऐसी विलक्षण विभिन्न दशाका होजाना कैसे सम्भव है?

उस समय आत्मामें आत्माको ही देखनेवाले योगीको बाहिरी पदार्थोंके रहते हुए भी परम एकाग्रता होनेके कारण अन्य कुछ नहीं मालूम पड़ता है॥ ४२॥

दोहा—क्या कैसा किसका किसमें, कहाँ यह आतम राम।
तज विकल्प निज देह न जाने, योगी निज विश्राम॥ ४२ ॥

आचार्य कहते हैं, धीमन्! सुनो समझो—

योो यत्र निवसन्नास्ते, स तत्र कुरुते रतिम्।
यो यत्र रमते तस्मादन्यत्र स न गच्छति ॥ ४३ ॥

अन्वय—यो यत्र निवसन् आस्ते स तत्र रतिं कुरुते यो यत्र रमते स तस्मान्न गच्छति।

टीका—यो जनो यत्र नगरादौ स्वार्थे सिद्ध्यङ्गत्वेन बद्धनिर्बन्धवास्तव्यो भवन् तिष्ठति स तस्मिन्नन्यस्मान्नि-वृत्तचित्तत्वान्निर्वृतित्वं लभते। यत्र यश्च तथा निर्वाति स ततोऽन्यत्र न यातीति प्रसिद्धं प्रतीतम्। अतः प्रतीहि योगिनोऽध्यात्मं निवसतोऽननुभूतापूर्वानन्दानुभवादन्यत्र वृत्त्यभावः स्यादिति। अन्यत्राप्रवर्त्तमानश्चेदृक् स्यात्—॥४३॥

अर्थ—जो जहाँ निवास करने लग जाता है, वह वहाँ रमने लग जाता है। और जो जहाँ लग जाता है, वह वहाँसे फिर हटता नहीं है।

विशदार्थ—जो मनुष्य, जिस नगरादिकमें स्वार्थकी सिद्धिका कारण होनेसे बन्धुजनोंके आग्रहसे निवासी बनकर रहने लग जाता है, वह उसमें अन्य तरफसे चित्त हटाकर आनन्दका अनुभवन करने लग जाता है। और जो जहाँ आनन्दका अनुभव करता रहता है, वह वहाँसे दूसरी जगह नहीं जाता, यह सभी जानते हैं। इसलिये समझो कि आत्मामें अध्यात्ममें रहनेवाले योगी अननुभूत (जिसका पहिले कभी अनुभव नहीं हुआ) और अपूर्व आनन्दका अनुभव होते रहनेसे उसकी अध्यात्मके सिवाय दूसरी जगह प्रवृत्ति नहीं होती ॥ ४३ ॥

दोहा—जो जामें बसता रहे, सो तामें रुचि पाय।
जो जामें रम जात है, सो ता तज नहिं जाय ॥ ४३ ॥

जब दूसरी जगह प्रवृत्ति नहीं करता तब क्या होता है? उसे आगेके श्लोकमें आचार्य कहते हैं—

अगच्छंस्तद्विशेषाणामनभिज्ञश्च जायते।
अज्ञाततद्विशेषस्तु, बध्यते न विमुच्यते ॥ ४४ ॥

अन्वय—अगच्छन् तद्विशेषाणां अनभिज्ञश्च जायते अज्ञाततद्विशेषस्तु न बध्यते, विमुच्यते।

टीका—स्वात्मतत्त्वनिष्ठोऽन्यत्र अगच्छन्नप्रवर्तमानस्तस्य स्वात्मनाऽन्यस्य देहादविशेषाणां सौन्दर्यासौन्दर्यादि-धर्माणामनभिज्ञ आभिमुख्येनाप्रतिपत्ता च भवति। अज्ञाततद्विशेषः पुनस्तत्राजायमानरागद्वेषत्वात्कर्मभिर्न बध्यते। किं तर्हि! विशेषेण व्रताद्यनुष्ठातृभ्योऽतिरेकेण तैर्मुच्यते। किं च ॥ ४४ ॥

अर्थ—अध्यात्मसे दूसरी जगह प्रवृत्ति न करता हुआ योगी, शरीरादिककी सुन्दरता असुन्दरता आदि धर्मोंकी ओर विचार नहीं करता। और जब उनके विशेषोंको नहीं जानता, तब वह बंधको प्राप्त नहीं होता, किन्तु विशेष रूपसे छूट जाता है।

विशदार्थ—स्वात्मतत्वमें स्थिर हुआ योगी जब अध्यात्मसे भिन्न दूसरी जगह प्रवृत्ति नहीं करता, तब उस स्वात्मासे भिन्न शरीरादिके सौन्दर्य असौन्दर्य आदि विशेषोंसे अनभिज्ञ हो जाता है। और जब उनकी विशेषताओंपर ख्याल नहीं करता, तब उनमें राग द्वेष पैदा न होनेके कारण कर्मोंसे बँधता नहीं है, किन्तु व्रतादिकका आचरण करनेवालोंकी अपेक्षा भी कर्मोंसे ज्यादा छूटता है ॥ ४४ ॥

दोहा—वस्तु विशेष विकल्प को, नहिं करता मतिमान।
स्वात्मनिष्ठता से छुटत, नहिं बँधता गुणवान॥ ४४॥

और भी कहते हैं—

परः परस्ततो दुःखमात्मैवात्मा ततः सुखम्।
अत एव महात्मानस्तन्निमित्तं कृतोद्यमाः॥ ४५॥

अन्वय—परः परः ततो दुःखं, आत्मा आत्मा एव ततः सुखम् अतएव महात्मानः तन्निमित्तं कृतोद्यमाः।

टीका—परो देहादिरर्थः पर एव कथंचिदपि तस्यात्मीकर्तुमशक्यत्वात्। यतश्चैवं ततस्तस्मादात्मन्यारोप्यमाणो दुःखमेव स्यात्तद्द्वारत्वाद् दुःखनिमित्तानां प्रवृत्तेः। तथा आत्मा आत्मैव स्यात्। तस्य कदाचिदपि देहादिरूपत्वानुपादानात्। यतश्चैवं ततस्तस्मात्सुखं स्याद्दुःखनिमित्तानां तस्याविषयत्वात्। यतश्चैवम् अत एव महात्मानस्तीर्थकरादयस्तस्मिन्निमित्तमात्मार्थं कृतोद्यमा विनिहिततपोनुष्ठानाभियोगा संजाताः। अथ परद्रव्यानुरागे दोषं दर्शयति;—॥४५॥

अर्थ—दूसरा दूसरा ही है, इसलिये उससे दुःख होता है, और आत्मा आत्मा ही है, इसलिये उससे सुख होता है। इसीलिये महात्माओंने आत्माकेलिये ही उद्यम किया है।

विशदार्थ—पर देहादिक अर्थ, पर ही है। किसी तरहसे भी उन्हें आत्मा या आत्माके सदृश नहीं बनाया जा सकता। जब कि ऐसा है तब उनसे (आत्मा या आत्माके मान लेनेसे) दुःख ही होगा। कारण कि दुःखके कारणोंकी प्रवृत्ति उन्हींके द्वारा हुआ करती है। तथा आत्मा आत्मा ही है, वह कभी देहादिकरूप नहीं बन सकता। जब कि ऐसा है, तब उससे सुख ही होगा। कारण कि दुःखके कारणोंको वह अपनाता ही नहीं है। इसी लिये तीर्थंकर आदिक बड़े बड़े पुरुषोंने आत्माके स्वरूपमें स्थिर होनेके लिये अनेक प्रकारके तपोंके अनुष्ठान करनेमें निद्रा आलस्यादि रहित अप्रमत्त हो उद्यम किया है॥ ४५॥

दोहा—पर पर तातें दुःख हो, निज निज ही सुखदाय।
महापुरुष उद्यम किया, निज हितार्थ मन लाय॥ ४५॥

परद्रव्योंमें अनुराग करनेसे होनेवाले दोषको दिखाते हैं—

अविद्वान् पुद्गलद्रव्यं, योऽभिनन्दति तस्य तत्।
न जातु जन्तोः सामीप्यं, चतुर्गतिषु मुञ्चति॥ ४६॥

अन्वय—यः अविद्वान् पुद्गलद्रव्यं अभिनन्दति तस्य जन्तोः तत् चतुर्गतिषु सामीप्यं जातु न मुञ्चति।

टीका—यः पुनरविद्वान् हेयोपादेयतत्त्वानभिज्ञः पुद्गलद्रव्यं देहादिकमभिनन्दति श्रद्धत्ते आत्मात्मीयभावेन प्रतिपद्यते तस्य जन्तोर्जीवस्य तत्पुद्गलद्रव्यं चतसृषु नारकादिगतिषु सामीप्यं प्रत्यासत्ति संयोगसंबन्धं जातु कदाचिदपि न त्यजति। अथाह शिष्यः—स्वरूपपरस्य किं भवतीति सुगमम्। गुरुराह—॥ ४६॥

अर्थ—जो हेयोपादेयके स्वरूपको न समझनेवाला, शरीरादिक पुद्गल द्रव्यको आप (आत्म) रूप तथा अपनेको (आत्माके) मानता है, उस जीवके साथ नरकादिक चार गतियोंमें वह पुद्गल अपना सम्बंध नहीं छोड़ता है, अर्थात् भव-भवमें वह पुद्गलद्रव्य जीवके साथ बँधा ही रहता है। उससे पिंड नहीं छूट पाता ॥ ४६ ॥

दोहा—पुद्गलको निज जानकर, अज्ञानी रमजाय।
चहुँगतिमें ता संगको, पुद्गल नहीं तजाय ॥ ४६ ॥

आत्मस्वरूपमें तत्पर रहनेवालेको क्या होता है?

आचार्य कहते हैं—

आत्मानुष्ठाननिष्ठस्य, व्यवहारबहिःस्थितेः।
जायते परमानन्दः, कश्चिद्योगेन योगिनः ॥ ४७ ॥

अन्वय—आत्मानुष्ठाननिष्ठस्य व्यवहारबहिःस्थितेः योगिनः योगेन कश्चित् परमानन्दो जायते।

टीका—आत्मनोऽनुष्ठानं देहादेर्व्यावर्त्य स्वात्मन्येवावस्थापनं तत्परस्य व्यवहारात्प्रवृत्तिनिवृत्तिलक्षणाद्बहिःस्थितेः बाह्यस्य योगिनो ध्यातुर्योगेन स्वात्मध्यानेन हेतुना कश्चिद् वाचामगोचरः परमोऽनन्यसंभवी आनन्द उत्पद्यते। तत्कार्यमुच्यते—॥ ४७ ॥

अर्थ—देहादिकसे हटकर अपने आत्मामें स्थित रहनेवाले तथा प्रवृत्ति-निवृत्ति-लक्षण-वाले व्यवहारसे बाहिर दूर रहनेवाले ध्यानी योगी पुरुषको आत्म-ध्यान करनेसे कोई एक वचनोंके अगोचर परम जो दूसरोंको नहीं हो सकता ऐसा आनन्द उत्पन्न होता है ॥ ४७ ॥

दोहा—ग्रहण त्यागसे शून्य जो, निज आतम लवलीन।
योगीको हो ध्यानसे, कोइ परमानन्द नवीन ॥ ४७ ॥

उस आनन्दके कार्यको बताते हैं—

आनन्दो निर्दहत्युद्धं, कर्मेन्धनमनारतम्।
न चासौ खिद्यते योगी, बहिर्दुःखेष्वचेतनः ॥ ४८ ॥

अन्वय—(सः) आनन्दः उद्धं कर्मेन्धनम् अनारतं निर्दहति योगी असौ च बहिर्दुःखेषु अचेतनः न खिद्यते।

टीका—स पुनरानन्द उद्धं प्रभूतं कर्मसंततिं निर्दहति। वह्निरिन्धनं यथा। किं च असावानन्दाविष्टो योगी बहिर्दुःखेषु परीषहोपसर्गक्लेशेषुअचेतनोऽसंवेदनः स्यात्तत एव न खिद्यते न संक्लेशं याति। यस्मादेवं तस्मात्—॥४८॥

अर्थ—जैसे अग्नि, ईन्धनको जला डालता है, उसी तरह आत्मामें पैदा हुआ परमानन्द, हमेशासे चले आए प्रचुर कर्मोंको अर्थात् कर्म-सन्ततिको जला डालता है, और आनन्द सहित योगी, बाहिरी दुःखोंके—परीषह उपसर्ग संबंधी क्लेशोंके अनुभवसे रहित हो जाता है। जिससे खेदको (संक्लेशको प्राप्त नहीं होता) ॥ ४८ ॥

दोहा—निजानंद नित दहत है, कर्मकाष्ठ अधिकाय।
बाह्य दुःख नहिं वेदता, योगी खेद न पाय ॥ ४८ ॥

इसलिये—

अविद्याभिदुरं ज्योतिः, परं ज्ञानमयं महत् ।
तत्प्रष्टव्यं तदेष्टव्यं, तद् द्रष्टव्यं मुमुक्षुभिः ॥ ४९ ॥

अन्वय—अविद्याभिदुरं महत् परं ज्ञानमयं ज्योतिः मुमुक्षुभिः तत् प्रष्टव्यं तत् एष्टव्यं तद् द्रष्टव्यम् ।

टीका—तदानन्दस्वभावं ज्ञानमयं स्वार्थावभासात्मकं परमुत्कृष्टमविद्याभिदुरं विभ्रमच्छेदकं महत् विपुलम् इन्द्रादीनां पूज्यं वा ज्योतिः प्रष्टव्यं मुमुक्षुभिर्गुर्वादिभ्योऽनुयोक्तव्यम् । तथा तदेव एष्टव्यं अभिलषणीयं तदेव च द्रष्टव्यमनुभवनीयम् । एवं व्युत्पाद्य विस्तरतो व्युत्पाद्य उक्तार्थतत्त्वं परमकरुणया संगृह्य तन्मनसि संस्थापयितुकामः सूरिरिदमाह किं बहुनेति । हे सुमते किं कार्यं बहुनोक्तेन हेयोपादेयतत्त्वयोः संक्षेपेणापि प्राज्ञचेतसि निवेशयितुं शक्यत्वादिति भावः ॥ ४९ ॥

अर्थ—अविद्याको दूर करनेवाली महान् उत्कृष्ट ज्ञानमयी ज्योति है । सो मुमुक्षुओं (मोक्षाभिलाषियों) को उसीके विषयमें पूछना चाहिये, उसीकी वांछा करनी चाहिये, और उसे ही अनुभवमें लाना चाहिये ।

विशदार्थ—वह आनन्द स्वभावशाली, महान् उत्कृष्ट, विभ्रमको नष्ट करनेवाली, स्वार्थको प्रकाशन करनेवाली, अथवा इन्द्रादिकोंके द्वारा पूज्य ऐसी ज्योति है । मोक्षकी इच्छा रखनेवालोंको चाहिये कि वे गुरु आदिकोंसे उसीके विषयमें पूछ-ताछ करें । तथा उसीको चाहें, एवं उसीका अनुभव करें ॥ ४९ ॥

दोहा—पूज्य अविद्या-दूर यह, ज्योति ज्ञानमय सार ।
मोक्षार्थी पूछो चहो, अनुभव करो विचार ॥ ४९ ॥

इस प्रकार शिष्यको विस्तारके साथ समझाकर आचार्य अब परम करुणासे उस कहे हुए अर्थस्वरूपको संक्षेपके साथ शिष्यके मनमें बैठालनेकी इच्छासे कहते हैं कि "हे सुमते-अच्छी बुद्धिवाले ! बहुत कहनेसे क्या ? हेय-उपादेय तत्त्वोंको संक्षेपमें भी बुद्धिमानोंके हृदयोंमें उतारा जा सकता है । उन्हें साररूपमें बतलाया जा सकता है ।"

जीवोऽन्यः पुद्गलश्चान्य इत्यसौ तत्त्वसंग्रहः ।
यदन्यदुच्यते किंचित्, सोऽस्तु तस्यैव विस्तरः ॥ ५० ॥

अन्वय—जीवः अन्यः, पुद्गलश्च अन्यः इति असौ तत्त्वसंग्रहः यत् अन्यत् किञ्चित् उच्यते स तस्यैव विस्तरः अस्तु ।

टीका—जीवो देहादेर्भिन्नो देहादिश्च जीवाद्भिन्न इतीयानेव असौ विधीयते आत्मनस्तत्त्वस्य भूतार्थस्य संग्रहः सामस्त्येन ग्रहणं निर्णयः स्यात् । यत्पुनरितस्तत्त्वसंग्रहा[illegible]तिरिक्तं किंचिद्भेदप्रभेदादिकं [illegible] रुच्यते स तस्यैव विस्तरो व्यासो यस्तु तमपि वयम[illegible] भावः ॥ ५० ॥
आचार्यः शास्त्राध्ययनस्य साक्षात्पारंपर्येण च फल[illegible]

अर्थ—'जीव जुदा है, पुद्गल जुदा है,' [illegible]
कुछ आ गया । इसके सिवाय जो कुछ [illegible]

विशदार्थ—' जीव, शरीरादिकसे भिन्न है ' शरीरादिक जीवसे भिन्न है ' बस इतना ही कहना है कि सत्यार्थ आत्मरूप तत्त्वका सम्पूर्ण रूपसे ग्रहण (निर्णय) हो जाय। और जो कुछ इस तत्त्व-संग्रहके सिवाय भेद प्रभेद आदिक विस्तारमें सुननेकी रुचि-इच्छा रखनेवाले शिष्योंके लिये आचार्योंने कहा है, वह सब इसीका विस्तार है। इसी एक बातको ' जीव जुदा है, और पुद्गल जुदा है, ' समझानेके लिये ही कहा गया है। जो विस्तार किया है। उसको भी हम श्रद्धाकी दृष्टिसे देखते हैं॥ ५० ॥

दोहा—जीव जुदा पुद्गल जुदा, यही तत्त्वका सार।
अन्य कछू व्याख्यान जो, याहीका बिस्तार ॥ ५० ॥

आचार्य शास्त्रके अध्ययन करनेका साक्षात् अथवा परम्परासे होनेवाले फलको बतलाते हैं—

इष्टोपदेशमिति सम्यगधीत्य धीमान्, मानापमानसमतां स्वमताद्वितन्य।
मुक्ताग्रहो विनिवसन् सजने वने वा, मुक्तिश्रियं निरुपमामुपयाति भव्यः॥ ५१ ॥

अन्वय—इति इष्टोपदेशं सम्यक् अधीत्य धीमान् भव्यः स्वमतात् मानापमानसमतां वितन्य मुक्ताग्रहः सजने वने वा निवसन् निरुपमां मुक्तिश्रियम् उपयाति।

टीका—इत्यनेन प्रकारेण इष्टोपदेशं इष्टं सुखं तत्कारणत्वान्मोक्षस्तदुपायत्वाच्च स्वात्मध्यानम् उपदिश्यते यथावत्प्रतिपाद्यते अनेनास्मिन्निति वा इष्टोपदेशो नाम ग्रन्थस्तं सम्यग्व्यवहारनिश्चयाभ्यामधीत्य पठित्वा चिन्तयित्वा च धीमान् हिताहितपरीक्षादक्षो भव्योऽनन्तज्ञानाद्याविर्भावयोग्यो जीवः मुक्तिश्रियमनन्तज्ञानादिसंपदं निरुपमामनौपम्यां प्राप्नोति। किं कुर्वन्मुक्ताग्रहो वर्जितबहिरर्थाभिनिवेशः सन् सजने ग्रामादौ वने वाऽरण्ये विनिवसन् विधिपूर्वकं तिष्ठन्। कि कृत्वा, वितन्य विशेषेण विस्तार्य। का, माने महत्त्वाधाने अपमाने च महत्त्वखण्डने समता रागद्वेषयोरभावम् कस्माद्धेतोः, स्वमतात् इष्टोपदेशाध्ययनचिन्तनजनितादात्मज्ञानात्। उक्तं च—॥ ५१ ॥

" यदा मोहात्प्रजायेते, रागद्वेषौ तपस्विनः। तदैव भावयेत्स्वस्थमात्मानं साम्यतः क्षणात् " ॥ ३९ ॥-समाधिशतकम्।

अर्थ—इस प्रकार ' इष्टोपदेश ' को भली प्रकार पढ़कर-मनन कर हित-अहितकी परीक्षा करनेमें दक्ष-निपुण होता हुआ भव्य अपने आत्म-ज्ञानसे मान और अपमानमें समताका विस्तार कर छोड़ दिया है आग्रह जिसने ऐसा होकर नगर अथवा वनमें विधिपूर्वक रहता हुआ उपमा रहित मुक्तिरूपी लक्ष्मीको प्राप्त करता है।

विशदार्थ—इष्ट कहते हैं सुखको-मोक्षको और उसके कारणभूत स्वात्मध्यानको। इस इष्टका उपदेश यथावत् प्रतिपादन किया है जिसके द्वारा या जिसमें इसलिये इस ग्रन्थको कहते हैं ' इष्टोपदेश '। इसका भली प्रकार व्यवहार और निश्चयसे पठन एवं चिन्तन करके हित और अहितकी परीक्षा करनेमें चतुर ऐसे भव्य प्राणी, जिससे अनन्त-ज्ञानादिक प्रगट हो सकते हैं—इस इष्टोपदेशके अध्ययन-चिन्तन करनेसे उत्पन्न हुए आत्मज्ञानसे मान-अपमानमें राग-द्वेषको न करना रूप समताका प्रसार कर नगर-ग्रामादिकोंमें अथवा निर्जन-वनमें विधि-पूर्वक ठहरते हुए छोड दिया है

इसलिये—

अविद्याभिदुरं ज्योतिः, परं ज्ञानमयं महत्।
तत्प्रष्टव्यं तदेष्टव्यं, तद् द्रष्टव्यं मुमुक्षुभिः ॥ ४९ ॥

अन्वय—अविद्याभिदुरं महत् परं ज्ञानमयं ज्योतिः मुमुक्षुभिः तत् प्रष्टव्यं तत् एष्टव्यं तद् द्रष्टव्यम्।

टीका—तदानन्दस्वभावं ज्ञानमयं स्वार्थावभासात्मकं परमुत्कृष्टमविद्याभिदुरं विभ्रमच्छेदकं महत् विपुलम् इन्द्रादीनां पूज्यं वा ज्योतिः प्रष्टव्यं मुमुक्षुभिर्गुर्वादिभ्योऽनुयोक्तव्यम्। तथा तदेव एष्टव्यं अभिलषणीयं तदेव च द्रष्टव्यम-नुभवनीयम्। एवं व्युत्पाद्य विस्तरतो व्युत्पाद्य उक्तार्थतत्त्वं परमकरुणया संगृह्य तन्मनसि संस्थापयितुकामः सूरिरिदमाह किं बहुनेति। हे सुमते किं कार्यं बहुनोक्तेन हेयोपादेयतत्त्वयोः संक्षेपेणापि प्राज्ञचेतसि निवेशयितुं शक्यत्वादिति भावः ॥ ४९ ॥

अर्थ—अविद्याको दूर करनेवाली महान् उत्कृष्ट ज्ञानमयी ज्योति है। सो मुमुक्षुओं (मोक्षाभिलाषियों)को उसीके विषयमें पूछना चाहिये, उसीकी वांछा करनी चाहिये, और उसे ही अनुभवमें लाना चाहिये।

विशदार्थ—वह आनन्द स्वभावशाली, महान् उत्कृष्ट, विभ्रमको नष्ट करनेवाली, स्वार्थको प्रकाशन करनेवाली, अथवा इन्द्रादिकोंके द्वारा पूज्य ऐसी ज्योति है। मोक्षकी इच्छा रखनेवालोंको चाहिये कि वे गुरु आदिकोंसे उसीके विषयमें पूछ-ताछ करें। तथा उसीको चाहें, एवं उसीका अनुभव करें ॥ ४९ ॥

दोहा—पूज्य अविद्या-दूर यह, ज्योति ज्ञानमय सार।
मोक्षार्थी पूछो चहो, अनुभव करो विचार ॥ ४९ ॥

इस प्रकार शिष्यको विस्तारके साथ समझाकर आचार्य अब परम करुणासे उस कहे हुए अर्थस्वरूपको संक्षेपके साथ शिष्यके मनमें बैठालनेकी इच्छासे कहते हैं कि "हे सुमते-अच्छी बुद्धिवाले! बहुत कहनेसे क्या? हेय-उपादेय तत्त्वोंको संक्षेपमें भी बुद्धिमानोंके हृदयोंमें उतारा जा सकता है। उन्हें साररूपमें बतलाया जा सकता है।"

जीवोऽन्यः पुद्गलश्चान्य इत्यसौ तत्त्वसंग्रहः।
यदन्यदुच्यते किंचित्, सोऽस्तु तस्यैव विस्तरः ॥ ५० ॥

अन्वय—जीवः अन्यः, पुद्गलश्च अन्यः इति असौ तत्त्वसंग्रहः यत् अन्यत् किञ्चित् उच्यते स तस्यैव विस्तरः अस्तु।

टीका—जीवो देहादेर्भिन्नो देहादिश्च जीवाद्भिन्न इतीयानेव असौ विधीयते आत्मनस्तत्त्वस्य भूतार्थस्य-संग्रहः सामस्त्येन ग्रहणं निर्णयः स्यात्। यत्पुनरितस्तत्त्वसंग्रहादन्यदतिरिक्तं किंचिद्भेदप्रभेदादिकं विस्तररुचिशिष्यापेक्षयाचार्यै-रुच्यते स तस्यैव विस्तरो व्यासो-यस्तु तमपि वयमभिनन्दाम इति भावः ॥ ५० ॥

आचार्यः शास्त्राध्ययनस्य साक्षात्पारंपर्येण च फलं प्रतिपादयति;—

अर्थ—'जीव जुदा है, पुद्गल जुदा है,' बस इतना ही तत्त्वके कथनका सार है, इसीमें सब कुछ आ गया। इसके सिवाय जो कुछ भी कहा जाता है, वह सब इसीका विस्तार है।

विशदार्थ—'जीव, शरीरादिकसे भिन्न है 'शरीरादिक जीवसे भिन्न है' बस इतना ही कहना है कि सत्यार्थ आत्मरूप तत्त्वका सम्पूर्ण रूपसे ग्रहण (निर्णय) हो जाय। और जो कुछ इस तत्त्व-संग्रहके सिवाय भेद प्रभेद आदिक विस्तारमें सुननेकी रुचि-इच्छा रखनेवाले शिष्योंके लिये आचार्योंने कहा है, वह सब इसीका विस्तार है। इसी एक बातको 'जीव जुदा है, और पुद्गल जुदा है,' समझानेके लिये ही कहा गया है। जो विस्तार किया है। उसको भी हम श्रद्धाकी दृष्टिसे देखते हैं॥ ५० ॥

दोहा—जीव जुदा पुद्गल जुदा, यही तत्त्वका सार।
अन्य कछू व्याख्यान जो, याहीका विस्तार॥ ५०॥

आचार्य शास्त्रके अध्ययन करनेका साक्षात् अथवा परम्परासे होनेवाले फलको बतलाते हैं—

इष्टोपदेशमिति सम्यगधीत्य धीमान्, मानापमानसमतां स्वमताद्वितन्य।
मुक्ताग्रहो विनिवसन् सजने वने वा, मुक्तिश्रियं निरुपमामुपयाति भव्यः॥ ५१ ॥

अन्वय—इति इष्टोपदेशं सम्यक् अधीत्य धीमान् भव्यः स्वमतात् मानापमानसमतां वितन्य मुक्ताग्रहः सजने वने वा निवसन् निरुपमां मुक्तिश्रियम् उपयाति।

टीका—इत्यनेन प्रकारेण इष्टोपदेशं इष्टं सुखं तत्कारणत्वान्मोक्षस्तदुपायत्वाच्च स्वात्मध्यानम् उपदिश्यते यथावत्प्रतिपाद्यते अनेनास्मिन्निति वा इष्टोपदेशो नाम ग्रन्थस्तं सम्यग्व्यवहारनिश्चयाभ्यामधीत्य पठित्वा चिन्तयित्वा च धीमान् हिताहितपरीक्षादक्षो भव्योऽनन्तज्ञानाद्याविर्भावयोग्यो जीवः मुक्तिश्रियमनन्तज्ञानादिसंपदं निरुपमामनौपम्यां प्राप्नोति। किं कुर्वन्मुक्ताग्रहो वर्जितबहिरर्थाभिनिवेशः सन् सजने ग्रामादौ वने वाऽरण्ये विनिवसन् विधिपूर्वकं तिष्ठन्। कि कृत्वा, वितन्य विशेषेण विस्तार्य। का, माने महत्त्वाधाने अपमाने च महत्त्वखण्डने समता रागद्वेषयोरभावम् कस्माद्धेतोः, स्वमतात् इष्टोपदेशाध्ययनचिन्तनजनितादात्मज्ञानात्। उक्तं च—॥ ५१ ॥

"यदा मोहात्प्रजायेते, रागद्वेषौ तपस्विनः। तदैव भावयेत्स्वस्थमात्मानं साम्यतः क्षणात्" ॥ ३९ ॥-समाधिशतकम्।

अर्थ—इस प्रकार 'इष्टोपदेश' को भली प्रकार पढ़कर-मनन कर हित-अहितकी परीक्षा करनेमें दक्ष-निपुण होता हुआ भव्य अपने आत्म-ज्ञानसे मान और अपमानमें समताका विस्तार कर छोड़ दिया है आग्रह जिसने ऐसा होकर नगर अथवा वनमें विधिपूर्वक रहता हुआ उपमा रहित मुक्तिरूपी लक्ष्मीको प्राप्त करता है।

